राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



कोयल नदी में डूबे बच्चों के परिजनों से मिलते झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर

• बोकारो, गुरुवार 24 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 129 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

# कोयल नदी में डूबने से छह बच्चों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू में करमा पूजा की सामग्री का विसर्जन करने के दौरान कोयल नदी में डूबने से छह बच्चों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के बोकेया पतरिया गांव की है। मृत पांच लड़के चैनपुर प्रखंड के पतहरिया खुर्द गांव के जबकि शिल्पी कुमारी पाटन प्रखंड के नानी झरिया गांव की रहने वाली थी। दरअसल बुधवार की सुबह करमा पूजा की सामग्री के विसर्जन के लिए पांच लड़के कोयल नदी में उतरे थे लेकिन विसर्जन के दौरान पांचों नदी में डूब गए। स्थानीय ग्रामीणों ने जब उन्हें डूबते हुए देखा तो शोर मचाया जिसके बाद अन्य ग्रामीण भी जमा हो गए। ग्रामीणों ने लड़कों की तलाश शुरू की जिसमें पांचों लड़कों के शव बरामद किए गए हैं। सभी लड़के एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं। फिलहाल चारों शवों को अस्पताल भेजा गया है। मृतकों की पहचान नितेश कुमार (16 वर्ष, पिता- बाबूलाल सिंह), विशाल कुमार सिंह, (15 वर्ष, पिता- तिलकधारी पासवान), अमित कुमार ठाकुर, (20 वर्ष, पिता- पुजारी ठाकुर) और राजा सिंह, (10 वर्ष, पिता- संजय सिंह) के रूप में हुई है। वहीं लापता किशोर की पहचान हेमंत सिंह (10 वर्ष, पिता- सुनील सिंह) के रूप में हुई है। सभी लड़के ग्राम पतरिया खुर्द के रहने वाले हैं। चैनपुर थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि घटना में चार लड़कों की मौत हुई है। वहीं एक लड़का लापता है। पुलिस मौके पर पहुंच पूरे मामले की जानकारी इकट्ठा कर रही है। स्थानीय ग्रामीण ब्रह्मदेव चौधरी ने बताया कि चार लड़कों की मौत हुई है। सभी नदी में करमा पूजा की सामग्री विसर्जित करने गए थे। सभी लड़कों की उम्र 18 से 20 वर्ष के बीच की है। जिस इलाके में यह घटना हुई है उस इलाके में कोयल नदी की तेज धारा गुजरती है। सभी लड़के तेज धार की चपेट में आ गए।

## सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर और छतरपुर में नेशनल हाईवे पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है। घटना के बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज पूरे मामले में छानबीन शुरू कर दी है। मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा कला में नेशनल हाईवे 39 पर सड़क हादसे में रामनारायण सिंह नामक व्यक्ति की मौत हो गई है। रामनारायण सिंह बस एजेंट थे और यात्री बस से उतरकर जा रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना में रामनारायण सिंह की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को लेकर सिंगरा में नेशनल हाईवे 39 को जाम कर दिया। इस जाम में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी फंस गए थे। इस दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर खुद जाम करने वाले ग्रामीणों के पास पहुंचे और उन्हें समझा-बुझाकर हटवाया। इस दौरान वित्त मंत्री ने परिजनों को आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही सरकारी प्रावधान के अनुसार सहायता देने की भी बात कही। वहीं दूसरी घटना छतरपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-139 पर हुई। यहां सड़क हादसे में विनोद साहू नामक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। छतरपुर के थाना प्रभारी सौरव चौबे ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है।

## झारखंड हाईकोर्ट के नये जजों ने ली शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट को आज तीन और न्यायाधीश मिल गये हैं। जो तीन नए न्यायाधीश बने हैं उनमें मनोज प्रसाद, अखिल कुमार और राम शर्मा शामिल हैं। तीनों न्यायाधीश को बुधवार को मुख्य न्यायाधीश एम एस सोनक ने बारी-बारी से झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। इस दौरान नवनियुक्त न्यायाधीशों के पारिवारिक सदस्य, रिश्तेदार, हाईकोर्ट के तमाम जस्टिस, अधिवक्ता और न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले तीनों नवनियुक्त जज अलग-अलग जिलों में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर सेवारत थे। तीनों नवनियुक्त न्यायाधीशों को तय समय के अनुसार सुबह 10.15 बजे हाईकोर्ट परिसर में मुख्य न्यायाधीश एम एस सोनक ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। इससे पहले मनोज प्रसाद गढ़वा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अखिल कुमार साहिबगंज के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और राम शर्मा पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश थे। 19 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सलाह पर राष्ट्रपति की सहमति के बाद नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचना जारी हुई थी। तीनों के शपथ लेने के बाद झारखंड हाईकोर्ट में कार्यरत न्यायाधीशों की संख्या 13 से बढ़कर 16 हो गई है। इन तीन नए न्यायाधीशों के योगदान देने से झारखंड हाईकोर्ट में लंबित मामलों के निष्पादन में अब तेजी आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### झुंड से बिछड़े हाथी ने दंपति को कुचला

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** झुंड से बिछड़कर क्षेत्र में भटक रहे हाथी ने कहर बरपाया। इस बार झुंड से अलग हुए हाथी ने एक बुजुर्ग दंपति को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में पति की मौत हो गई जबकि पत्नी बुरी तरह से घायल हो गईं। घटना पीरटांड थाना क्षेत्र के मंडरडीह (लेढवा) में हुई। मृतक स्थानीय निवासी मंगरा मांझी थे जबकि घायल महिला का नाम बड़की देवी है। बड़की देवी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। पीरटांड थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि झुंड से बिछड़ा हाथी क्षेत्र में विचरण कर रहा है और उसी ने इस घटना को अंजाम दिया है। वन विभाग की टीम क्षेत्र में सक्रिय है।

### स्कूटी-कार की टक्कर में बीएसएफ जवान की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र में सेमरा जंगल मरदा नदी के पास बुधवार दोपहर एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई। इस घटना में एक महिला और एक बच्चे समेत चार लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक स्कूटी सवार की पहचान भादो केरकेट्टा के रूप में हुई है। उनकी पत्नी उर्मिला केरकेट्टा भी इस हादसे में घायल हुई हैं। उर्मिला बाघपंचा आंगनबाड़ी में सेविका हैं।

### बच्चों से भरी स्कूल वैन पलटी

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तिलैया डैम ओपी थाना क्षेत्र में बुधवार को बच्चों से भरी एक ओमनी वैन पलट गई। इस हादसे में वैन में सवार चार छात्र घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक यह वैन तिलैया थाना क्षेत्र के भादोडीह में अली पब्लिक स्कूल जा रही थी। यह रोज की तरह स्कूली बच्चों को हरली बिरसोडीह से स्कूल ला रही थी। जानकारी के अनुसार वैन में बैठे दो छात्र अमन (8) और साधिका (8) को ज्यादा चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल दोनों बच्चों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है जबकि दूसरे बच्चों को घर भेज दिया गया है।

### दामाद की हत्या करने वाला ससुर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** छतरपुर थाना क्षेत्र के बभंण्डी गांव में 19 सितंबर की रात 40 साल के गांधी भुइयां की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस के मुताबिक गांधी की हत्या किसी अचानक हुए विवाद में नहीं हुई। यह हत्या परिवार के भीतर लंबे समय से चल रही मारपीट और प्रताड़ना के बाद हुई। दामाद गांधी भुइयां अपनी पत्नी और परिवार के सदस्यों से नशे में मारपीट करता था। इससे परेशान होकर 81 साल के ससुर जगदेव भुइयां ने कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी जान ले ली।

## महान समाज सुधारक और शिक्षाविद थे बिनोद बिहारी महतो : हेमंत सोरेन

■ **बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर हेमंत सोरेन ने किया नमन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** झारखंड आंदोलन के प्रमुख नेताओं में शामिल रहे बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें नमन किया। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए बिनोद बिहारी महतो को याद करते हुए उनके योगदान को बताया। हेमंत सोरेन ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो महान समाज सुधारक और शिक्षाविद थे। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक जागृति और बदलाव का सबसे मजबूत माध्यम माना। समाज में मौजूद कुरीतियों के खिलाफ उन्होंने संघर्ष किया और शिक्षा के प्रसार तथा सामाजिक चेतना के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो का संघर्ष, उनके विचार और झारखंड के प्रति उनका समर्पण हमेशा लोगों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि बिनोद बिहारी महतो के सपनों और विचारों के अनुसार एक समृद्ध, शिक्षित और न्यायपूर्ण झारखंड बनाने के लिए सभी को लगातार प्रयास करते रहना चाहिए।

## पेपर लीक मामले में रांची नगर निगम का फूड इंस्पेक्टर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल परीक्षा में हुई पेपर गड़बड़ी और धांधली मामले की जांच कर रही सीआईडी की विशेष टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। सीआईडी ने रांची नगर निगम में पदस्थापित फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसी को सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ियों के तार संजय कुमार से जुड़ने और उसके खिलाफ कई महत्वपूर्ण व ठोस साक्ष्य मिलने की जानकारी मिली है,जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। सीआईडी रांची के डीएसपी अरविंद सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम देर रात गिरिडीह जिले के गांवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिहरा गांव पहुंची। स्थानीय पुलिस प्रशासन, एसडीपीओ अमरेंद्र कुमार और गांवा थाना पुलिस के सहयोग से सीआईडी की टीम ने संजय कुमार के पैतृक घर पर अचानक छापेमारी की। इस दौरान टीम ने उसे धर दबोचा और हिरासत में लेकर देर रात ही सीधे रांची के लिए रवाना हो गई। गिरफ्तार किया गया संजय कुमार वर्ष 2025 बैच का फूड इंस्पेक्टर है और वर्तमान में रांची नगर निगम में अपनी सेवाएं दे रहा था। सीआईडी की टीम फिलहाल उसे रांची में किसी अज्ञात/सुरक्षित स्थान पर रखकर गहन पूछताछ कर रही है। जांच अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि सीजीएल पेपर लीक/गड़बड़ी के इस पूरे नेटवर्क में उसकी क्या भूमिका थी, उसने किन-किन अभ्यर्थियों या गिरोह के सदस्यों से संपर्क साधा था और इस खेल में कौन-कौन से बड़े नाम शामिल हैं।

## ग्रामीण इलाकों में भी स्कूलों का विकास कर रही सरकार : रामचंद्र सिंह

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य में शिक्षा के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। विद्यालयों को जरूरी संसाधन मुहैया कराये जा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों के स्कूलों को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा का माहौल मिल सके। विधायक ने यह बातें बुधवार को बरवाडीह प्रखंड के कई विद्यालयों में अतिरिक्त कमरों के निर्माण का शिलान्यास करने के बाद कहीं। रामचंद्र सिंह ने सबसे पहले छिपादोहर स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय परिसर में अतिरिक्त कमरों के निर्माण की आधारशिला रखी। इसके बाद बरवाडीह उच्च विद्यालय, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, सेदुप उच्च विद्यालय व हेंदेहास जनजाति विद्यालय में अतिरिक्त कमरों के निर्माण कार्य का सामूहिक शिलान्यास किया। मौके पर एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी, मुखिया बेरोनिका व अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

## रिम्स के मेडिसिन आइसीयू से कैदी फरार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** रिम्स के मेडिसिन आईसीयू में इलाज के लिए भर्ती पाकुड़ का कैदी हाथिया हेंब्रम (45) मंगलवार सुबह फरार हो गया। हाथिया को 20 सितंबर को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था। वह ब्रेन से जुड़ी समस्या से परेशान था और उसका इलाज मेडिसिन आईसीयू में चल रहा था। जानकारी के अनुसार हाथिया ने बाथरूम जाने की बात कही। वह बाथरूम गया और इसी दौरान सुरक्षा में तैनात जवानों को चकमा देकर रिम्स से फरार हो गया। कैदी के फरार होने की जानकारी मिलते ही रिम्स में इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई। रिम्स अधीक्षक डॉ. हीरेंद्र बिरुआ मेडिसिन आईसीयू पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को भी दे दी गई है। पुलिस और रिम्स प्रशासन कैदी के फरार होने की घटना को लेकर जानकारी जुटा रहा है। साथ ही फरार कैदी की तलाश की जा रही है।

## राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराने की तैयारी में है चांडिल डैम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सरायकेला।** स्वर्ण रेखा नदी के आंचल में बसा चांडिल डैम आज केवल पानी का विशाल संचय नहीं बल्कि उन हजारों परिवारों के त्याग और उम्मीदों का प्रतीक बन चुका है, जिन्होंने कभी विकास के लिए अपनी जमीनें दी थीं। अब वही चांडिल डैम पूरे देश में झारखंड का परचम लहराने की तैयारी में है। जल प्रबंधन, जन-सरोकार और बहुआयामी उपयोगिता की मिसाल बनकर यह डैम देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए नामांकित हुआ है। परियोजना के कार्यपालक अभियंता संजय कुमार ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि चयन प्रक्रिया से जुड़ी तमाम तकनीकी रिपोर्ट और आंकड़े केंद्र सरकार के पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में कुल 67 डैम हैं, जिनमें 58 पूरी तरह चालू हैं, पांच निर्माणाधीन हैं, तीन पीएचईडी और एक बिजली बोर्ड के अधीन है। पूरे राज्य के इन सभी बांधों के बीच से एकमात्र चांडिल डैम का चुना जाना यह साबित करता है कि इसकी उपयोगिता और सुरक्षा मानक राष्ट्रीय स्तर पर बेमिसाल है। अब भारत सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ जूरी इसकी विस्तृत स्क्रीनिंग कर अंतिम मुहर लगाएगी। अभियंता ने बताया कि चांडिल सिर्फ सिंचाई या पानी रोकने का जरिया नहीं रहा बल्कि यहां 600 मेगावाट का तैरता हुआ सोलर प्लांट आकार लेने जा रहा है। आधुनिक पावर प्लांटों की तुलना में यह अपने आप में एक अनोखी और विशाल परियोजना होगी। इंजीनियर संजय कुमार को पूरा यकीन है कि जब विस्थापितों के लाभ, डैम की मजबूती और भविष्य की हरित ऊर्जा का मूल्यांकन होगा तो चांडिल डैम सबसे आगे खड़ा मिलेगा। यह पुरस्कार पिछड़े माने जाने वाले इस पूरे इलाके के स्वाभिमान को नया जीवन देगा।

## गजेन्द्र पटेल बने झारखंड भाजपा के नए प्रभारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने विभिन्न राज्यों के लिए प्रभारी और सह प्रभारी की नई सूची जारी की है। इस सूची में झारखंड की संगठनात्मक जिम्मेदारी मध्य प्रदेश के वरिष्ठ आदिवासी नेता और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र पटेल को सौंपी गई है। उनके साथ सौरभ सिंह और बिहार की निवेदिता सिंह को झारखंड का सह प्रभारी बनाया गया है। पार्टी ने दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, केरल, लद्दाख और लक्षद्वीप समेत कई राज्यों में भी नई जिम्मेदारियां तय की हैं। गजेंद्र पटेल की नियुक्ति को झारखंड में संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गजेंद्र सिंह पटेल का जन्म 16 फरवरी 1975 को मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले में हुआ था। उनके पिता उमराव सिंह पटेल और माता सुशीला बाई पटेल हैं। उन्होंने बीए और एलएलबी की पढ़ाई की है। पेशे से कृषि से जुड़े गजेंद्र पटेल लंबे समय से सक्रिय राजनीति में हैं। उनकी पत्नी का नाम बसंती पटेल है और उनके दो पुत्र हैं।गजेंद्र पटेल का राजनीतिक जीवन सीधे चुनावी राजनीति से शुरू नहीं हुआ। वे बचपन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा से जुड़े रहे। 1990 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (के माध्यम से उन्होंने संगठनात्मक काम शुरू किया। इसके बाद युवा मोर्चा, वनवासी कल्याण परिषद और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा में सक्रिय भूमिका निभाई। यही लंबा संगठनात्मक अनुभव उन्हें भाजपा के महत्वपूर्ण नेताओं में शामिल करता है। गजेंद्र पटेल ने भाजपा संगठन में कई अहम पद संभाले। 2017 में वे मध्य प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने। इसके बाद प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई। वर्ष 2021-22 के दौरान वे भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री भी रहे और आदिवासी क्षेत्रों में संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाई।

## आस्था एवं सेवा का बड़ा केंद्र बनेगा पीडी हिंदुजा अस्पताल : हिमंत बिस्वा सरमा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**देवघर।** स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए बुधवार को पीडी हिंदुजा अस्पताल एवं मेडिकल रिसर्च सेंटर का शुभारंभ किया गया। बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के सहयोग से बने इस अस्पताल का उद्घाटन असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने दीप जलाकर, फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। समारोह में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, पीडी हिंदुजा अस्पताल के सीईओ गौतम खन्ना और बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट की चेयरपर्सन अनामिका गौतम समेत कई मेहमान मौजूद थे। इस दौरान अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी जानकारी भी दी गई। बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट और पीडी हिंदुजा अस्पताल के सहयोग से यह मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल शुरू किया गया है। इसका मकसद देवघर और आसपास के लोगों को आधुनिक और अच्छी क्वालिटी की मेडिकल सुविधा देना है। अस्पताल में कई तरह की विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। जानकारी के मुताबिक इस स्वास्थ्य संस्थान को भविष्य में 650 बेड के मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे देवघर के साथ पूरे संताल परगना इलाके के लोगों को विशेषज्ञ इलाज की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिलेगी। गंभीर बीमारियों के लिए मरीजों को अब दूसरे बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। समारोह में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि यह अस्पताल संताल परगना के लिए आस्था और सेवा का बड़ा केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को भी इलाज में मदद मिलेगी। उन्होंने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे और अनामिका गौतम के सपने को पूरा करने की दिशा में इसे एक अहम कदम बताया। इस अस्पताल के जरिए देवघर में आधुनिक और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं की नई शुरुआत हुई है जिसका लक्ष्य 'एक स्वस्थ भविष्य, एक सशक्त समुदाय' बनाना है।




C M Y K

# सड़कों और मूलभूत समस्याओं पर अभिमन्यु प्रसाद ने उठाए सवाल

**कहा- 35 वर्षों से नाली, सड़क, गड्ढे और जलजमाव की समस्या बरकरार, झील को टेंडर का अखाड़ा बनाने के बजाय शहर की बुनियादी जरूरतों पर हो काम**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** अन्नदा चौक स्थित प्रभु निवास मार्केट के हैबलॉक में बुधवार को शहर की मूलभूत समस्याओं को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भैया अभिमन्यु प्रसाद ने शहर की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए नगर की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों की स्थिति ऐसी हो गई है कि सड़कों के बीच गड्ढे और गड्ढों के बीच कहीं-कहीं सड़क नजर आती है। इससे आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि हम लोग पाषाण युग में पहुंच गए हैं। भैया अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि बार-बार पुरानी बातों को कुरेदने के बजाय वर्तमान हालात



पर गंभीरता से चर्चा और समाधान की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पिछले 35 वर्षों से नाली, गली, सड़क, गड्ढे और कीचड़ जैसी समस्याएं शहरवासियों के सामने बनी हुई हैं, लेकिन इनका स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि लोग अस्पताल में सलाइन मांग रहे हैं और उन्हें थाईलैंड का टिकट दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों को सबसे पहले मूलभूत सुविधाओं की जरूरत है। प्रेस वार्ता में बस स्टैंड निर्माण, खासमहल जमीन मामले के समाधान, शहर में नाली एवं सड़क निर्माण तथा झील के संरक्षण की मांग प्रमुखता से उठाई गई। झील से जुड़े विकास कार्यों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि कई तरह की योजनाएं बार-बार झील पर ही लाई जाती हैं। योजनाओं को कटकमसांडी, कटकमदाग, चरही और झुमरा जैसे क्षेत्रों में भी लाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि झील को टेंडर लाने की प्रयोगशाला और अखाड़ा बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों को जरूरी बिजली और अच्छी सड़क चाहिए, लेकिन उन्हें फ्लोटिंग रेस्टोरेंट जैसी योजनाएं मिल रही हैं। उन्होंने शहर की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने तथा विकास योजनाओं को जनहित की जरूरतों के अनुरूप लागू करने की मांग की। प्रेस वार्ता में बटेश्वर प्रसाद मेहता, जितेंद्र जैन और मूलचंद साव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कॉलेज की अनियमितताओं पर राजभवन पहुंचा अभाविप का शिष्टमंडल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गरिडीह कॉलेज में कथित वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने अब सीधे राजभवन का दरवाजा खटखटाया है। प्रदेश मंत्री प्रकाश टुटी के नेतृत्व में अभाविप प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सह विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष गंगवार आवश्यकता पड़ने पर हस्ताक्षरों एवं वित्तीय लेन-देन का फोरेंसिक ऑडिट कराने की भी मांग की है। प्रदेश सह मंत्री मंटू मुर्मू ने कहा कि अभाविप किसी व्यक्ति विशेष के पक्ष या विपक्ष में नहीं है। संगठन की मांग है कि उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर निष्पक्ष जांच हो और यदि किसी प्रकार की वित्तीय या



से मुलाकात कर दस्तावेजों और साक्ष्यों के साथ ज्ञापन सौंपा। संगठन ने पूरे मामले की स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच कराने तथा जांच पूरी होने तक संबंधित पदाधिकारियों को वित्तीय और प्रशासनिक दायित्वों से अलग रखने की मांग की है। अभाविप का दावा है कि उसके पास परीक्षा बिल, मानदेय भुगतान, हस्ताक्षरयुक्त दस्तावेज, उपस्थिति पंजी, परीक्षा रिकॉर्ड, इग्नू अध्ययन केंद्र से जुड़े अभिलेख, कार्यालयीय पत्राचार और बैंक संबंधी दस्तावेज समेत कई महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं। संगठन ने इनकी जांच के साथ प्रशासनिक अनियमितता प्रमाणित होती है तो संबंधित लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कॉलेज की व्यवस्था में पारदर्शिता और विद्यार्थियों के हित सर्वोपरि हैं। राज्यपाल ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित जानकारी प्राप्त करने तथा लोक भवन से विश्वविद्यालय को सूचना जारी करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रांत अध्यक्षा डॉ. मौसमी पॉल, प्रांत संगठन मंत्री पशुपति नाथ उपमन्यु, प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### देवरी की तीन प्रमुख सड़कें पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित कराने की पहल

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जमुआ विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए देवरी क्षेत्र की तीन प्रमुख सड़कों को पथ निर्माण विभाग, झारखंड रांची को हस्तांतरित करने संबंधी प्रतिवेदन तैयार कर भेजा गया है। सड़कों के हस्तांतरण के बाद इनके बेहतर निर्माण एवं विकास का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा और कनेक्टिविटी मजबूत होने की उम्मीद है। प्रस्तावित सड़कों मे जमुआ चतरो मुख्य मार्ग के परसाटांड़ से सिरनाटांड़ तक 4.03 किमी, नेकपुरा से घोसे तक 8.23 किमी तथा देवरी थाना मोड़ से बड़कीटांड़ भाया टंगपजवा एवं घसकरीडीह तक 6 किमी सड़क शामिल है।इन सड़कों के पथ निर्माण विभाग के अधीन आने से क्षेत्र में सड़क विकास को गति मिलने के साथ ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद है। पहल को देवरी क्षेत्र के समग्र विकास और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है।

### वज्रपात से 17 वर्षीय किशोरी की मौत, परिजनों से मिलकर जताया शोक

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** देवरी प्रखंड के गादीदिघी पंचायत अंतर्गत धनुकडीह निवासी मंटू राय की 17 वर्षीय पुत्री की वज्रपात की चपेट में आने से असामयिक मौत हो गई। घटना से परिवार में मातम पसरा है। घटना की जानकारी मिलने पर आज शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर परिजनों को ढांढस बंधाया गया। इस दौरान परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा गया कि इतनी कम उम्र में बेटी का असमय निधन बेहद पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दें।

### सड़क हादसे में घायल बीएससी छात्र अमित कुमार का निधन

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** देवरी थाना क्षेत्र के गम्हारडीह निवासी सहायक आचार्य महेंद्र सिंह के इकलौते पुत्र अमित कुमार (22) का बुधवार देर रात इलाज के दौरान निधन हो गया। अमित बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र थे और पढ़ाई के लिए हजारीबाग में रह रहे थे। 14 सितंबर को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनका इलाज मेदांता अस्पताल, ओरमांझी में चल रहा था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। निधन की सूचना से परिजनों और क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा गया कि युवा और परिवार के इकलौते पुत्र का असमय निधन बेहद पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### दिनकर ने कहा था राजनीति जब जब लड़खड़ाएगी, साहित्य संभालेगा

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दिनकर ने कहा था- 'राजनीति जब-जब लड़खड़ाएगी, 'साहित्य' उसे संभाल लेगा।' राजनीति वालों को चाहिए कि वे सदा ही साहित्यवालों को ससम्मान अपने सबसे निकट रखें। क्योंकि उनको पतन से कोई अंग-रक्षक नहीं, 'साहित्यकार' बचाएगा। यह बातें बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में बुधवार को राष्ट्र-कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती पर आयोजित समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि वर्ष १९५६ में सम्मेलन का रजत-जयंती समारोह दिनकर जी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ था, जिसका उद्घाटन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद ने किया था और स्वागताध्यक्ष थे बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबू श्रीकृष्ण सिंह। देशरत्न तो सम्मेलन के संस्थापकों में से ही एक थे किंतु श्रीबाबू भी हिन्दी के एक ऐसे सेवक थे कि वे सम्मेलन के सभी अधिवेशनों में उपस्थित रहते थे। मुख्यमंत्री रहते हुए भी, विना किसी पूर्व सूचना के सम्मेलन पहुँच जाते थे। पुस्तकालय में बैठ जाते थे। साहित्याकारों का हाल-चाल, दुःख-दर्द पूछ लेते थे। आज मंत्रियों से आग्रह करना पड़ता है। आज भारतीय राजनीति अबतक के सबसे पराभव के काल में है। इसे साहित्य रूपी दवा की सबसे अधिक आवश्यकता है। समारोह का उद्घाटन करते हुए, राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि जिस मंच से राष्ट्रकवि काव्य-पाठ करते थे।

## विनोद बिहारी महतो की जयंती पर आत्मीय मिलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बगोदर विनोद बिहारी चौक में बुधवार को झारखंड आंदोलन के प्रमुख जननायकों में शामिल स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की जयंती के अवसर पर आत्मीय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बुद्धिजीवी, समाजसेवी, शिक्षक, छात्र और आम नागरिक शामिल हुए। लोगों ने उनके सामाजिक, शैक्षणिक और जनजागरण के क्षेत्र में किए गए योगदान को याद किया।वक्ताओं ने कहा कि विनोद बिहारी महतो ने समाज में शिक्षा और जागरूकता की अलख जगाकर सामाजिक बदलाव की



मजबूत नींव रखी। उनके विचार और आदर्श आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मौके पर उनके विचारों और संघर्षों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि 18 दिसंबर 2026 को विनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इसे लेकर आयोजन की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। मौके पर सामाजिक आंदोलनकारी सह शिक्षक छोटन प्रसाद, प्रवीण कुमार महतो, त्रिभुवन महतो, कुंजलाल महतो, डालेश्वर महतो, शंकर दयाल राम, रामेश्वर महतो, संतोष कुमार रजक, टहल महतो, उमेश कुमार महतो, ललिता कुमारी, प्रभात कुमार, सुधीर प्रसाद, केदार सर, प्रेमचंद महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार मारपीट मामले में भी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पचंबा थाना क्षेत्र में विवाहिता के साथ दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, 20 सितंबर को चितरडीह निवासी एक व्यक्ति ने पचंबा थाना में आवेदन देकर कमरशाली निवासी प्रेम कुमार शर्मा उर्फ प्रेम शर्मा (20) के खिलाफ अपनी पत्नी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया था। आवेदन में प्रेम कुमार शर्मा के पिता अनिल शर्मा, भाई मनीष शर्मा और एक अन्य व्यक्ति डेविड द्वारा आवेदक के साथ मारपीट किए जाने का भी उल्लेख किया गया था। मामले में पचंबा थाना कांड संख्या 95/26 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान मामले को प्रथम दृष्ट्या प्रेम प्रसंग से जुड़ा पाया। मामले के मुख्य आरोपी प्रेम शर्मा तथा मारपीट में शामिल सुरज कुमार उर्फ डेविड (25) को गिरफ्तार किया गया। प्रेम शर्मा को 21 सितंबर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में अनुसंधान जारी है।छापेमारी दल में पुअनि दीपक कुमार, पुअनि रंजीत पिंगुआ, आरक्षी 952 विजय कुमार प्रकाश और आरक्षी 946 सतीश कुमार यादव शामिल थे।

## डीवीसी कोनार में 11वें आयुर्वेद दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)।** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं दामोदर घाटी परियोजना (डीवीसी) के निदेर्शानुसार 11वें आयुर्वेद दिवस-2026 के अवसर पर डीवीसी कोनार परियोजना में बुधवार को स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डीवीसी कोनार कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में परियोजना प्रधान श्री राणा रणजीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोनार डिस्पेंसरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वैद्यनाथ मंडल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. बीएन मंडल ने स्वास्थ्य वार्ता के माध्यम से आयुर्वेद



के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली, रोगों की रोकथाम तथा दैनिक जीवन में आयुर्वेद को अपनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। परियोजना प्रधान श्री राणा रणजीत सिंह ने कहा कि नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, योग और शारीरिक गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए आयुर्वेद के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आयुर्वेद और स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए आयुर्वेद और स्वास्थ्य से जुड़े अपने विचार भी साझा किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का मुख्य संदेश रहा— आयुर्वेद अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं।

## 141 जोड़ी निशानों के साथ निकली शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** श्री श्याम सेवा मंडल (रजि.) गिरिडीह के 47वें वार्षिक महोत्सव के तहत मंगलवार को शहर में भव्य निशान एवं पालकी शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे और भजनों के बीच निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल हुए। बाबा श्री श्याम के जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा श्री श्याम मंडल से शुरू होकर रामबाग स्थित श्री महावीर कुटिया मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई। सुसज्जित रथ पर विराजमान बाबा श्री श्याम और पालकी के साथ श्रद्धालु भजन गाते और जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण करते रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 141 जोड़ी निशान बाबा श्री श्याम एवं बालाजी महाराज को अर्पित किए। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मौके पर संजय कुमार भुदौलिया, किशन अग्रवाल, बांके बिहारी शर्मा, मनोज खंडेलवाल, कुणाल कुमार मोदी, संजय शर्मा (सीए), प्रभात खेतान, नारायण सौंधालिया, रोहित जालान, डब्बू अग्रवाल, राकेश मोदी, बंटी खंडेलवाल, मुकेश जालान, सतीश केडिया सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे। महोत्सव के तहत मंगलवार रात से अखंड भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें अमित नामा (जयपुर), आकाश परिचय (गिरिडीह), अभिषेक सिंघल (कोलकाता) और संजीव शर्मा (सोनभद्र) ने भजनों की प्रस्तुति दी। शिवम म्यूजिकल ग्रुप, कोलकाता और रॉकी म्यूजिकल ग्रुप, देवघर ने संगीत संयोजन किया। महोत्सव में बाबा का भव्य श्रृंगार, दरबार, अखंड ज्योत, सवामणी और छप्पन भोग श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। बुधवार को दोपहर एक बजे के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों के बीच प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन भक्तिमय वातावरण में हुआ।

## दो दिनों में बहादुरपुर का ट्रांसफार्मर बदलने की मांग, आंदोलन की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बेंगाबाद बहादुरपुर गांव में एक सप्ताह से जले बिजली ट्रांसफार्मर को दो दिनों के भीतर बदलने की मांग को लेकर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को गांव में आपात बैठक कर पूर्व जिप सदस्य एवं संगठन के जिला संयोजक राजेश यादव ने ग्रामीणों की समस्या का जायजा लिया और बिजली विभाग के सहायक अभियंता (एसडीओ) से फोन पर बात की। अधिकारी ने जल्द ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिया। राजेश यादव ने कहा कि बिजली विभाग लंबे समय से संसाधन और मैनपावर की कमी से जूझ रहा है। इसका सीधा खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से विभाग को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने और रिक्त पदों पर बहाली कर मैनपावर की कमी दूर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिजली जैसी अनिवार्य सेवा को शिकायत के बाद तत्काल दुरुस्त करने की व्यवस्था होनी चाहिए। यादव ने चेतावनी दी कि दो दिनों के भीतर ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो संगठन ग्रामीणों के साथ आंदोलन करेगा। बैठक में महेंद्र साव, लक्ष्मण रजक, चंद्रशेखर साव, संतोष साव, चंदू साव, रोहित ठाकुर, पप्पू साव, सुखदेव साव, पांचू साव, खूबलाल गोप, छेदी रवानी, जोगेश्वर साव, अनिल रवानी, रामप्रसाद साव, चुनमुन साव, प्रदीप साव, सुनीता देवी, तारा देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# योगेंद्र साव के बयान पर भाजपा का पलटवार, अनिल मिश्रा बोले- आरोप लगाने से पहले अपने राजनीतिक अतीत का दें हिसाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** बड़कागांव के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव द्वारा हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल तथा सदर और बड़कागांव के भाजपा विधायकों को लेकर की गई टिप्पणी पर भाजपा नेताओं ने बुधवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। हजारीबाग परिसदन में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल मिश्रा के नेतृत्व में बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने प्रेसवार्ता कर योगेंद्र साव के बयान पर पलटवार किया। अनिल मिश्रा ने कहा कि राजनीति में मयार्दा के साथ तथ्यों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। बिना प्रमाण किसी ईमानदार व्यवसायी और जनप्रतिनिधि पर सवाल उठाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि मनीष जायसवाल का कारोबार कोई अचानक खड़ा हुआ व्यवसाय नहीं, बल्कि परिवार का पुश्तैनी कारोबार है। उन्होंने सवाल उठाया कि ईमानदारी से व्यवसाय करने वाला व्यक्ति यदि समाजसेवा और राजनीति के माध्यम से जनता की सेवा करता है तो इसमें आपत्ति की क्या बात है। पुराने मामलों और कारोबारी गतिविधियों को लेकर उठाए सवाल अनिल मिश्रा ने योगेंद्र साव के पुराने राजनीतिक और कारोबारी जीवन को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दूसरों के कारोबार पर सवाल उठाने से पहले योगेंद्र साव को अपने अतीत और राजनीतिक कार्यकाल का हिसाब देना चाहिए। उन्होंने फायर क्ले, पत्थर, कोयला खनन और हार्डकोक कारोबार को लेकर पूर्व में उठते रहे सवालों का उल्लेख किया। जोरदाग स्थित हार्डकोक कारोबार में कोयले की आपूर्ति और उसके स्रोत को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यदि योगेंद्र साव को सांसद मनीष जायसवाल के व्यवसाय, संपत्ति या राजनीतिक जीवन को लेकर कोई आपत्ति है तो वे तारीख, दस्तावेज और प्रमाण के साथ सार्वजनिक बहस के




लिए सामने आएं। भाजपा तथ्य आधारित जवाब देने के लिए तैयार है। प्रेसवार्ता में अनिल मिश्रा ने योगेंद्र साव के खिलाफ दर्ज पुराने मामलों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के आसपास उपलब्ध न्यायिक एवं मीडिया रिकॉर्ड में उनके खिलाफ 27 मामलों का उल्लेख मिलता है। उन्होंने कहा कि इनमें कई मामलों में न्यायिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी और कुछ मामलों में बरी होने की स्थिति भी रही है। उन्होंने वर्ष 2008 के बड़कागांव थाना कांड संख्या 26/2008, वर्ष 2010 के केरेडारी थाना कांड, कांड संख्या 55/2010, वर्ष 2014 के गिद्दी थाना कांड संख्या 48/2014, वर्ष 2015 के बड़कागांव थाना कांड संख्या 167/2015 सहित अन्य मामलों का उल्लेख किया। इसके अलावा वर्ष 2016 के बड़कागांव थाना कांड संख्या 122, 123, 225, 226 एवं 228/2016 तथा वर्ष 2018 के कांड संख्या 167/18 का भी जिक्र किया। अनिल मिश्रा ने रामगढ़ स्पंज आयरन फैक्ट्री से पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार निचली अदालत ने वर्ष 2015 में योगेंद्र साव को ढाई वर्ष की सजा सुनाई थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा सजा बरकरार रखे जाने और बाद में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपील खारिज किए जाने का भी रिकॉर्ड है। उन्होंने वर्ष 2016 के बड़कागांव कांड संख्या 228/16 और चिरूडीह गोलीकांड का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में निचली अदालत ने इस मामले में योगेंद्र साव और उनकी पत्नी निर्मला देवी को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई थी। अनिल मिश्रा ने आरोप लगाया कि योगेंद्र साव सत्ता का प्रभाव दिखाकर एनटीपीसी से प्रति टन 10 रुपये का आर्थिक लाभ अब भी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन आरोपों और दावों पर भी स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनीष जायसवाल के सामाजिक और जनसेवा से जुड़े कार्यों का वार्षिक कैलेंडर है और जनता के बीच उनके कार्यों को समर्थन मिलता रहा है। उन्होंने योगेंद्र साव से सवाल किया कि उन्होंने अपने राजनीतिक कार्यकाल में जनता के हित में क्या कार्य किए। अनिल मिश्रा ने कहा कि मनीष जायसवाल पहले दो बार विधायक और अब सांसद के रूप में जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा व्यक्तिगत विवाद बढ़ाने में विश्वास नहीं करती, लेकिन तथ्यहीन आरोपों का जवाब तथ्य के साथ दिया जाएगा। केरेडारी प्रखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतम साव ने कहा कि योगेंद्र साव कांग्रेस से जुड़े हैं और भाजपा के जनप्रतिनिधियों के कार्यों को लेकर लगातार बयान दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी राजनीतिक जमीन कमजोर होने के बाद वे सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा विधायकों के खिलाफ बयानबाजी कर जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। केरेडारी के बेलतू भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील राज सिंह उर्फ शेर सिंह ने योगेंद्र साव पर जमीन से संबंधित गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि जमीरा में उनकी करीब 20 कट्ठा जमीन पर योगेंद्र साव ने कब्जा कर रखा है। उनके अनुसार यह जमीन उनके मौसा की खतियानी जमीन है। उन्होंने सांसद मनीष जायसवाल द्वारा क्षेत्र के युवाओं को नशामुक्त करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों और नमो फुटबॉल जैसे आयोजनों का भी उल्लेख किया। साथ ही योगेंद्र साव के पुत्र से जुड़े पूर्व में वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए उन्होंने सवाल उठाए। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा नेत्री पूनम साव ने योगेंद्र साव पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके अनुसार पूर्व मंत्री द्वारा विकास के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए बयानबाजी की जा रही है। उन्होंने योगेंद्र साव की उम्र को लेकर भी टिप्पणी की और कहा कि अब उन्हें राजनीति से आराम लेना चाहिए। पूनम साव ने पिता-पुत्री द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर दिए गए अलग-अलग बयानों का भी उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बेटे की कंपनी को एनटीपीसी में ठेकेदारी नहीं मिलने के बाद आंदोलन किया गया। उन्होंने योगेंद्र साव से सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा विधायकों के खिलाफ बयानबाजी बंद करने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बयानबाजी जारी रही तो भाजपा राजनीतिक और तथ्यात्मक स्तर पर इसका जवाब देगी। प्रेसवार्ता में केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष बालगोविंद सोनी, उरीमारी भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव, भाजपा नेता प्रमोद साव सहित कई अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# देश-विदेश के उत्पादों से सजेगा रांची का मोरहाबादी मैदान, 1 अक्टूबर से लोग उठा सकेंगे लुत्फ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** युवा सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन जेसीआई की ओर से मोरहाबादी मैदान में 'एक्सपो उत्सव 2026' का आयोजन 1 से 7 अक्टूबर तक किया जाएगा। सात दिवसीय उत्सव में देश-विदेश के करीब 400 स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें विदेशी ड्राई फ्रूट्स, बच्चों के खिलौने, ऑटोमोबाइल्स समेत विभिन्न उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार को जेसीआई कार्यालय में पोस्टर रिलीज किया गया। पोस्टर रांची के विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों, स्कूलों और मंदिरों में लगाए जाएंगे। एक्सपो के लिए 30 रुपये प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। टिकट ऑनलाइन भी बुक किए जा सकते हैं। एक्सपो के चीफ कोऑर्डिनेटर जेसी एचजीएफ सीए प्रशांत पाटोदिया ने बताया कि 29वें वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक्सपो में देश के विभिन्न शहरों से बड़े ब्रांड्स, स्टार्टअप्स और ऑटोमोबाइल्स समेत 400 स्टॉल लगाए जाएंगे। परिसर में प्रतिदिन जूनियर मास्टरशेफ, चित्रकला, ट्रेजर हंट, तंबोला, डॉग शो, वॉइस ऑफ एक्सपो, एक्सपो टैंक, डांस और योग प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजन में पंचरत्न स्काईलाइन, टैंगो, अल्पाइन और गृहस्थी समेत कई नामी कंपनियां शामिल होंगी। चाणक्य बीएनआर होटल, मोशन, बुद्धा टोयोटा और अलंकार सहयोगी पार्टनर हैं। इनके अलावा श्नाइडर इलेक्ट्रिक, प्रभुजी, वॉव डिटेलिंग, बागला, बलीफिया, एनटीपीसी, आराध्या, अपना मार्ट, मी & मॉम्स, एटीसी, कैफीनेटर्स और रेडियो धूम भी विभिन्न पार्टनर के रूप में जुड़े हैं। मौके पर संयोजक जेसी तपिश केडिया, जेसी राहुल राजगारिया, अध्यक्ष सीए अभिषेक जैन, जेसीरेट चेयरपर्सन खुशबू सिंघानिया, सिद्धार्थ जैस्वाल, तरुण अग्रवाल और प्रवीण अग्रवाल मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी जेसी वरुण जालान ने बताया कि आगंतुकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। एक्सपो की शुरुआत 1 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होगी।

## श्री बंशीधर नगर कोर्ट परिसर से कैदी फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर सिविल कोर्ट परिसर से कैदी फरार हो गया। फरार कैदी की पहचान उमानंद चौधरी, निवासी राजी, थाना खरौंधी के रूप में बताई जा रही है। बताया जाता है कि उमानंद चौधरी हत्या के एक मामले में आरोपी है और काफी समय से फरार भी चल रहा था। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात नगर उंटारी पुलिस के सहयोग से उमानंद चौधरी को सुलसुलिया गांव से पकड़ा गया। उसके बाद खरौंधी पुलिस के हवाले आरोपी को कर दिया गया। बुधवार को खरौंधी पुलिस उसे न्यायालय में पेशी के लिए श्री बंशीधर नगर सिविल कोर्ट लेकर पहुंची। इसी दौरान कोर्ट परिसर में पुलिस अभिरक्षा के बीच उमानंद चौधरी के फरार होने की सूचना सामने आई। घटना के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने फरार कैदी की तलाश शुरू कर दी। वहीं, घटना के बाद कैदी की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों की कार्यशैली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कोर्ट परिसर में चर्चा रही कि कैदी को लेकर पहुंचे पुलिसकर्मी मोबाइल फोन चला रहे थे। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की ओर से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि पुलिस अभिरक्षा में हत्या के आरोपित कैदी को भागने का मौका कैसे मिला? सुरक्षा व्यवस्था में चूक कहां हुई और इसके लिए जिम्मेदारी किसकी तय होगी, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ ने कहा कि 'एक कैदी फरार हुआ है। हत्या की नीयत से उसने अपने भाई के साथ मारपीट की थी उसी मामले में नामजद आरोपित था। फिलहाल पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी है।'

# कोडरमा के सैनिक स्कूल तिलैया में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता संपन्न




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के सैनिक स्कूल तिलैया में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता संपन्न हो गई। 19 सितंबर से शुरू हुए इस प्रतियोगिता का बुधवार को भव्य कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। 5 दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड और बंगाल की आठ सैनिक स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया था। वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, क्विज और डिबेट का मुकाबला विभिन्न स्कूलों से आए प्रतिभागियों के बीच किया गया। प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन सैनिक स्कूल तिलैया रही, जबकि उपविजेता का खिताब सैनिक स्कूल गोपालगंज की टीम को मिला। सैनिक स्कूल तिलैया के प्राचार्य कर्नल एस मोहनराव आर ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन के मौके पर विभिन्न स्कूलों से आए कैडेटों ने आकर्षक मार्च पास्ट भी किया। प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन बनने के बाद सैनिक स्कूल तिलैया के खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर की और कहा कि लगातार मेहनत के बाद उनकी टीम राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता की चैंपियन बनी है, जिसे लेकर उन्हें गर्व भी है। वहीं कैडेट ने कहा कि 5 दिनों की प्रतियोगिता के दौरान अलग-अलग प्रदेश और अलग-अलग स्कूलों से आए खिलाड़ियों से मिलकर वहां की सभ्यता और संस्कृति को भी नजदीक से जानने का उन्हें मौका मिला है। सैनिक स्कूल के प्राचार्य कर्नल एस मोहनराव आर ने कहा कि 4 साल पहले रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत संचालित सैनिक स्कूल सोसायटी की ओर से इस प्रतियोगिता की शुरुआत हुई थी और इस बार आयोजन का जिम्मा सैनिक स्कूल तिलैया को मिला था, जिसे सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया गया। इस मौके पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तीन दिनों के लिए झारखंड के सात जिलों में बंद का ऐलान




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** टीएसपीसी सुप्रीमो बृजेश गंझू की वाराणसी में पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत के बाद प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी ने विरोध का ऐलान किया है। संगठन की लोहरदगा, लातेहार, महुआडांड़, गारूसीमा, गुमला और पलामू सीमांत जोनल कमेटी ने पत्र जारी कर 24 से 26 सितंबर तक सात जिलों में बंद का आह्वान किया है। पुलिस मुख्यालय के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार टीएसपीसी के द्वारा बंद बुलाए जाने की कोई सूचना नहीं है। अपने आप को जोनल कमांडर बताने वाले नथुनी के नाम से जारी कथित पत्र में संगठन ने बृजेश गंझू की मौत को लेकर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। संगठन ने मुठभेड़ को फर्जी करार देते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की है। कथित पत्र में टीएसपीसी ने दावा किया है कि 10 सितंबर को बृजेश गंझू की संगठन के रीजनल कमांडर शशिकांत और जोनल कमांडर नथुनी से बातचीत हुई थी। इसके बाद संगठन का आरोप है कि 16 सितंबर को पुलिस ने केरेडारी के जंगल से बृजेश गंझू को पकड़ा और अपने साथ ले गई। संगठन का दावा है कि इसके बाद बृजेश गंझू के बारे में काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। बाद में 20 सितंबर को वाराणसी में पुलिस मुठभेड़ में बृजेश गंझू के मारे जाने की जानकारी सामने आई। टीएसपीसी के कथित पत्र में पुलिस की कार्रवाई की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि बृजेश गंझू को पहले हिरासत में लिया गया और बाद में मुठभेड़ में मारे जाने की बात कही गई। संगठन ने इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। टीएसपीसी के कथित पत्र के मुताबिक 24, 25 और 26 सितंबर को चतरा, हजारीबाग, पलामू, लातेहार, गढ़वा, लोहरदगा और गुमला में बंद का आह्वान किया गया है। संगठन ने पुलिस पर कानून अपने हाथ में लेने का आरोप लगाते हुए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की है।

# करमा पूजा की सामग्री विसर्जन के दौरान चार लड़कों की डूबने से मौत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के पतरिया खुर्द में करमा पूजा की सामग्री विसर्जन के दौरान कोयल नदी में डूबने से चार लड़कों की मौत हो गई, जबकि एक अभी भी लापता है। लापता की तलाश के लिए पलामू जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ से संपर्क किया है। पलामू डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के तहत नदी या तालाब में डूबने से मौत होने पर मृतकों के परिवार को चार लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। पलामू पुलिस ने चारों मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई है। बुधवार शाम पलामू एसपी कपिल चौधरी पतरिया खुर्द पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सदर एसडीएम संजय पांडेय, सदर एसडीपीओ राजेश यादव समेत कई अधिकारी मौजूद थे। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। बताया गया कि पांच लड़के करम डाल के विसर्जन के लिए गए थे। इनमें चार की डूबने से मौत हो गई। चार मृतकों में तीन का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया।

## एक नजर

### दिव्यांगता जांच शिविर में 43 बच्चों की हुई जांच

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद के निर्देशानुसार बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हसपुरा में दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य जांच को लेकर दिव्यांगता जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में औरंगाबाद से पहुंचे चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार, डॉ. रंजन कुमार एवं डॉ. सुमित कुमार ने 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के अस्थि, दृष्टि एवं श्रवण बाधित दिव्यांगजनों की चिकित्सीय जांच की। शिविर में कुल 43 युवक-युवतियों की दिव्यांगता जांच की गई। जांच के दौरान दृष्टि, श्रवण एवं शारीरिक दिव्यांगता सहित कुल 38 दिव्यांगजनों तथा फाइलेरिया से ग्रसित 8 लोगों को प्रमाण पत्र के लिए चयनित किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों एवं उनके अभिभावकों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के महत्व तथा इससे मिलने वाली विभिन्न सरकारी सुविधाओं एवं लाभों की जानकारी दी गई। शिविर के सफल आयोजन में बीआरसी के कन्हैया लाल यादव, धर्मेंद्र कुमार, राकेश कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, फिरोज आलम, अताउल्लाह खां तथा बुनियाद केंद्र की फातिमा का महत्वपूर्ण योगदान दिया

### पिपराही में खड़ी ट्रक से टायर और बैटरी चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के पिपराही गांव में खड़ी ट्रक से अज्ञात चोरों ने टायर और बैटरी चोरी कर ली। मामले को लेकर पिपराही गांव निवासी प्रेम कुमार ने रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में बताया गया है कि 22 सितंबर 2026 की रात ट्रक संख्या बीआर24जीबी3409 को पिपराही गांव में खड़ा किया गया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने ट्रक का टायर और बैटरी चोरी कर लिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि चोरों की पहचान और चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए छानबीन कर रही है।

### रफीगंज में दुर्गा पूजा पंडालों की अग्नि सुरक्षा को लेकर बैठक

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** दुर्गा पूजा के दौरान अग्नि सुरक्षा को लेकर बुधवार को प्रखंड अग्निशमनालय रफीगंज परिसर में पूजा पंडालों के आयोजकों, मालिकों एवं प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक सहायक अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी एवं अग्निशमन कर्मियों की उपस्थिति में हुई। बैठक में पूजा पंडालों में आग से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों, अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था तथा विभागीय निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने पंडालों में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने की अपील की। साथ ही सभी पूजा पंडालों के आयोजकों एवं प्रबंधकों को 29 सितंबर 2026 को दोपहर 2 बजे अग्निशमनालय औरंगाबाद में प्रस्तावित जिलास्तरीय बैठक में उपस्थित होने की जानकारी दी गई। बैठक में प्रखंड अग्निशमनालय रफीगंज के प्रभारी मुन्ना कुमार, प्रधान अग्निक उपेंद्र कुमार, विजय कुमार, अग्निक चालक रणधीर कुमार, अग्निक कुंदन कुमार, सुषमा कुमारी, इजहार आलम, सौरव कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### छात्रा से छेड़खानी के विरोध में ऐपवा ने फूंका पुतला

**पकरीबरावां।** जमुई में नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना के विरोध में बुधवार को अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) और भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत प्रखण्ड मुख्यालय के वारिसलीगंज मोड़ पर प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यालय से मार्च निकालकर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने छात्रा से छेड़खानी के आरोपितों को कड़ी सजा देने, महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा एनकाउंटर राज बंद करो की आदि की मांग की। कार्यकर्ताओं ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नाटक बंद करो, बेटियों को सुरक्षा दो' समेत अन्य नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के वारिसलीगंज विधानसभा प्रभारी अजीत कुमार मेहता और ऐपवा नेत्री रोशनी कुमारी ने कहा कि महिलाओं और बेटियों के खिलाफ होने वाली यौन हिंसा पर रोक लगाने के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अपराधियों के बीच कानून का भय कम हुआ है। नेताओं ने पीड़िता को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए पांच लाख रुपये मुआवजा देने की भी मांग की। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी अपराध के मामले में कानून और संविधान के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए लोगों से आवाज उठाने का आह्वान किया। मौके पर प्रखंड सचिव महावीर मांझी, जिला कमेटी सदस्य अरुण कुशवाहा, डॉ. निजाम, अनिल सिंह, बच्ची देवी, माया दुलारी, रामनंदन मांझी समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संपूर्ण जीवन पद्धति है आयुर्वेद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर बुधवार को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय औषधालय के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. संजय कुमार एवं डॉ. केएन मिश्रा ने धन्वंतरी देव के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन बीएमडी विकास कुमार ने किया। इस दौरान चिकित्सकों ने आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से दैनिक जीवन में आयुर्वेदिक पद्धति और प्राकृतिक चिकित्सा की ओर ध्यान देने की अपील की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले समय में आयुर्वेद कई बीमारियों की रोकथाम और उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना जरूरी है। लोगों को प्रकृति के साथ छेड़छाड़ नहीं करने और आयुर्वेदिक जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, बीसीएम सनी कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, डॉ. ए.के. केसरी, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. आकाश रंजन, डाटा ऑपरेटर रंजीत कुमार, निर्भय कुमार, अजहर, नीतीश कुमार, गणेश कुमार, लैब इंचार्ज नदीम अख्तर, रंजीत कुमार, रविंद्र कुमार, बड़ा बाबू अवधेश कुमार, सुनील कुमार, राघवेंद्र कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# बम रोड नकल अभिनय प्रतियोगिता मंच की नई कमेटी गठित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बम रोड नकल अभिनय प्रतियोगिता मंच की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को नारायण लॉज में की गई। नई कमिटी का गठन किया गया। मंच के अध्यक्ष रूपेश सोनी ने अध्यक्षता की। मंच से जुड़े सदस्यों एवं सहयोगियों ने भाग लिया। आगामी नकल अभिनय प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मंच के पदाधिकारियों का चयन किया गया। रूपेश सोनी को अध्यक्ष, सागर तांतिया को सचिव तथा शिव कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। उपस्थित सदस्यों ने नवचयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष बम रोड नकल अभिनय प्रतियोगिता को पिछले वर्ष की तुलना में और बेहतर, व्यवस्थित एवं भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में अधिक से अधिक लोक कलाकारों एवं टीमों को शामिल करने के लिए प्रयास किया जाएगा। उद्देश्य है कि स्थानीय कलाकारों और नई प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का अधिक अवसर मिल सके। बैठक में विशेष रूप से नकल प्रतिभागियों की सुविधा और सम्मान पर जोर दिया गया। कलाकारों को प्रतियोगिता के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उनके आराम, आवश्यक व्यवस्थाओं, मंच संचालन एवं अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम को अनुशासित एवं सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सदस्यों से सुझाव भी लिए गए। बैठक में संजय भारती, बबलू डीलर, राजीव कुमार भारती, शंभु कुमार, प्रिंस कुमार, गोलू कुमार, अनुज कुमार, लड्डू कुमार, अनिल कुमार, मृतुंजय कुमार, मुन्ना कुमार,अजीत कुमार एवं संजीव कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनवाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **ई–निविदा संख्या:** GEM/2026/B/8067084, dated 22/09/2026 **(1)कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि:** धनबाद मंडल अंतर्गत पतरातू रनिंग रूम में सम्पूर्ण प्रबंधन के साथ क्रू के लिए भोजन बनाना, केयर टेकिंग, साफ–सफाई और बागवानी, न्यूज पेपर और मैगजीन की आपूर्ति, कपडों की धुलाई एवं रहने वाले क्रू को रियायती भोजन उपलब्ध कराना शामिल है की 03 वर्षों के लिए आउटसोर्सिंग। **(2)कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रू. 1,56,48,271.52 **(3)अग्रधन राशि:** रू.2,28,300.00 **(4)ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा का बंद होना:13.10.2026 को 13:00 बजे, ई–निविदा का खुलना:14. 10. 2026 को 13.00 बजे **(5)बेवसाईट का विवरण:** वेवसाईट: **http://gem.gov.in** **विशेष:** ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/0979/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/26–27/28


# विपरीत परिस्थितियों में धैर्य व अनुशासन बनाए रखना जरूरी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड के लाला अमौना खेल मैदान में ग्राम रक्षादल का 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। प्रशिक्षु प्रतिदिन सुबह मैदान में पहुंचकर शारीरिक अभ्यास और विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं।

प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें अनुशासन के साथ अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह छह बजे से 10 बजे तक चलने वाले प्रशिक्षण की शुरुआत राष्ट्रगान से होती है और समापन राज्य गीत के साथ किया जाता है। इस दौरान परेड, शारीरिक दक्षता, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार और लाठी संचालन का अभ्यास कराया जा रहा है। आपदा अथवा आपात स्थिति में लोगों की सहायता करने के तरीकों के साथ ग्राम रक्षादल की जिम्मेदारियों और कानून से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी जा रही है। प्रशिक्षण का संचालन पूर्व सैनिक जावेद अहमद और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त स्काउट संतोष कुमार शर्मा कर रहे हैं। प्रशिक्षुओं को विपरीत परिस्थितियों में धैर्य और अनुशासन बनाए रखने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। सुबह के समय मैदान में परेड और शारीरिक अभ्यास को लेकर उत्साह का माहौल रहता है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार, प्रखंड सचिव कविता कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष कुमार गौरव ने प्रशिक्षुओं से ईमानदारी और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु पूरी लगन से अपनी जिम्मेदारियों के लिए स्वयं को तैयार कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार ग्राम रक्षादल के सदस्यों की मांगों और समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल करेगी।

# स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों को किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत बुधवार को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत भदवा एवं चरकावा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संपूर्ण स्वच्छता से संबंधित संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के कर्मियों एवं जीविका दीदियों की सहभागिता से स्वच्छता संवाद, जागरूकता अभियान, पदयात्रा एवं स्वच्छता शपथ सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान लोगों को सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई रखने, कचरे का उचित प्रबंधन करने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता पर्यवेक्षक रणधीर कुमार, मोहम्मद मूसा, संटू कुमार, वीणा कुमारी, मोहम्मद मेराज, रामकुमार यादव, रामेश्वर चौधरी, संजू यादव, नारायण कुमार, अनिल कुमार, अरविंद कुमार एवं मदन कुमार सहित अन्य कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने संयुक्त रूप से अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।


**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं.: डब्ल्यू2_623_12_10_एचडब्ल्यूएच_26–27_आरटी, दिनांक: 21.09.2026,** उप मुख्य इंजीनियर/टीआर–I, पूर्व रेलवे, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए **निविदा सं.: डब्ल्यू2_623_12_10_एचडब्ल्यूएच_26–27_आरटी** के प्रतिपक्ष खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** 130 किमी प्रति घंटे की सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के लिए वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन खाना–बोनीडंगा खंड में सेफ्टी फेंसिंग की आवश्यकता। **बोली प्रणाली:** दो पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 96,25,13,524.08, **बयाना राशि:** रु. 1,92,50,300/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 18 माह । **प्रस्ताव की वैधता:** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 21.09.2026 को 17.49 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 30.09.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 14.10.2026 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MISC-197/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# भूमिहीनों को मिलेगी वासभूमि, 28 सितंबर तक लिए जाएंगे आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** अभियान बसेरा के अंतर्गत वासभूमिहीन परिवारों को गृहस्थल (वासभूमि) उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले की सभी पंचायतों में विशेष शिविरों का व्यापक रूप से आयोजन किया जा रहा है। पंचायत सरकार भवनों एवं संबंधित अंचल कार्यालयों में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से संभावित वासभूमिहीन लाभुकों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। आवेदन प्राप्त करने के साथ ही आवेदकों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत पावती उपलब्ध कराने तथा ऑनलाइन आवेदन की सुविधा के संबंध में भी आमजनों को जानकारी दी जा रही है। राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में 22 सितंबर से 28 सितंबर तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वासभूमिहीन पात्र परिवारों को आवेदन करने के लिए किसी दूरस्थ स्थान अथवा राज्य मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़े और उन्हें अपने स्थानीय स्तर पर ही आवेदन जमा करने की सुविधा उपलब्ध हो। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायत सरकार भवनों में विशेष शिविर आयोजित कर आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है। संबंधित अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने तथा शिविरों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही संबंधित अंचल कार्यालयों में भी वासभूमिहीन परिवारों से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि अभियान बसेरा के अंतर्गत वासभूमि की आवश्यकता रखने वाले पात्र परिवार अपने संबंधित पंचायत सरकार भवन में आयोजित विशेष शिविर अथवा अंचल कार्यालय में निर्धारित अवधि के दौरान आवेदन अवश्य करें तथा उपलब्ध ऑनलाइन सुविधा का भी लाभ उठाएं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि अभियान के माध्यम से जिले के पात्र वासभूमिहीन परिवारों तक योजना का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से पहुंचाया जा सके।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ डीईएन/2/ हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। **क्रम सं.1, ई–निविदा सं.:** 222_2026–27, **कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/2/ हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/डानकुनी के अधीन डानकुनी (डीकेएई) ट्रैफिक सुविधा कार्य (पी.वे अंश)। **अनुमानित मूल्य:** रु.1,17,56,226.82, **बयाना राशि :** रु.2,35,100/–, **क्रम सं.2, ई–निविदा सं.:** 223_2026–27, **कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/2/ हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/डानकुनी के अधीन डानकुनी (डीकेएई) ट्रैफिक सुविधा कार्य (कार्य अंश)। **अनुमानित मूल्य:** रु. 1,87,29,335.67, **बयाना राशि:** रु.3,74,600/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य (प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि :** 12 माह (प्रत्येक हेतु) । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 12.10.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-344/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है


हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## छेड़खानी का विरोध करने पर युवती को किया जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** छेड़खानी का विरोध करने पर बिहार पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही 22 वर्षीय युवती पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक कई दिनों से युवती का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। मंगलवार को युवती ने छेड़खानी का विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और सिर पर चाकू से वार कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामला मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। घायल युवती को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसके बाद उसने थाने में आवेदन देकर आरोपी युवक रवि के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। मुजफ्फरपुर में छात्राओं से जुड़ी घटनाओं को लेकर पुलिस की कार्रवाई के बीच दो दिनों में यह दूसरी घटना सामने आई है। इससे दो दिन पहले बरुराज थाना क्षेत्र में परीक्षा देने जा रही दो चचेरी बहन छात्राओं पर हमला किए जाने का मामला सामने आया था। उस मामले में भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## मधुमक्खियों के डंक से पत्नी की मौत, पति जख्मी



**जमुई।** चकाई थाना क्षेत्र के नगड़ी गांव में मंगलवार की सुबह मधुमक्खियों की झुंड के हमले में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। मिशन रोड स्थित मिशन तालाब के बहियार में गाय बांधने गए दंपती पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया।मृतका की पहचान मुद्रिका देवी (60) के रूप में हुई है, जबकि उनके पति पेरू राणा का देवघर में इलाज चल रहा है। घटना के बाद स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।बताया जाता है कि नगड़ी निवासी पेरू राणा रोज की तरह मंगलवार सुबह अपनी पत्नी मुद्रिका देवी के साथ मवेशी चराने बहियार गए थे। खूंटा गाड़कर गाय बांधने के दौरान झाड़ी में लगे छत्ते से अचानक मधुमक्खियों का झुंड दोनों पर टूट पड़ा। दोनों ने खुद को बचाने के लिए शोर मचाया, लेकिन बहियार सुनसान होने के कारण काफी देर तक कोई मदद के लिए नहीं पहुंच सका। जब तक स्वजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक मधुमक्खियों के डंक से मुद्रिका देवी की मौत हो चुकी थी, जबकि पेरू राणा बेहोशी की हालत में जमीन पर पड़े थे।

## हथियार के साथ मुखिया का वीडियो वायरल, प्राथमिकी

**गयाजी।** बेलागंज थाना क्षेत्र की चिरैला पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार का हथियार के साथ रील बनाते हुए वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद बेलागंज थाने की पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। वीडियो में मुखिया काले रंग की बनियान पहने एक भोजपुरी गाने पर पूरे एक्शन में दिख रहा है। इस दौरान एक बार आने और एक बार जाने का दृश्य वीडियो में है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने की सूचना पुलिस को मिली थी। वायरल वीडियो में एक व्यक्ति हथियार जैसा दिखने वाले सामान के साथ रील बनाते हुए नजर आ रहा है। जांच के दौरान वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान चिरैला पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए बेलागंज थाना प्राथमिकी दर्ज की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस वायरल वीडियो और उसमें दिख रहे हथियार की वास्तविकता समेत पूरे मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में मुखिया जितेंद्र कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने वीडियो में दिख रहे हथियार को असली हथियार मानने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि वीडियो में दिख रहा सामान हथियार नहीं, बल्कि खिलौना है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## ऑफिस सुपरिटेंडेंट पद पर चयन, अमड़ापाड़ा में खुशी का माहौल

**पाकुड़।** अमड़ापाड़ा मुख्य बाजार निवासी विजय भगत की पुत्री साक्षी कुमारी ने कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल -2025 परीक्षा में ऑल इंडिया 947वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। साक्षी का चयन केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अंतर्गत आयकर विभाग में ऑफिस सुपरिटेंडेंट के पद पर हुआ है। साक्षी ने नौकरी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी और इससे पहले भी कई प्रतियोगी परीक्षाओं में में सफलता हासिल कर चुकी हैं। लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता उनके परिश्रम और लगन को दशार्ती है। साक्षी ने प्रारंभिक शिक्षा ज्ञान भारती विद्यालय, अमड़ापाड़ा से प्राप्त की। इसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय, सिलमपुर से मैट्रिक, एसपी कॉलेज, दुमका से इंटरमीडिएट और अरविंद महिला कॉलेज, पटना से अंग्रेजी ऑनर्स में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद साक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, दादी और गुरुजनों को दिया। साक्षी की उपलब्धि से अमड़ापाड़ा सहित पूरे पाकुड़ क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## स्कूटी की डिक्की से 3 किलो 67 ग्राम गांजा बरामद

**फतुहा।** दीदारगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए स्कूटी की डिक्की से 3.067 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा के साथ एक विधि-विरुद्ध बालक को भी पकड़ा है। उसके पास से गांजा के अलावा एक स्कूटी और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि दीदारगंज चेकपोस्ट स्थित टूटी मस्जिद से सटे पश्चिमी रास्ते में रेलवे लाइन की ओर स्कूटी सवार व्यक्ति डिक्की में गांजा लेकर जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दीदारगंज चेकपोस्ट के पास वाहनों की जांच शुरू की।इसी दौरान रेलवे लाइन की ओर से चेकपोस्ट की तरफ आ रही एक स्कूटी को रोककर जांच की गयी। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिक्की में तीन प्लास्टिक की थैलियों में रखा गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ, जिसका वजन 3.067 किलो पाया गया। पुलिस ने स्कूटी और एक मोबाइल फोन को भी जब्त कर लिया।

## फर्जी पुलिसकर्मी ने युवक को ट्रेन से दिया धक्का, मौत

**बक्सर।** चलती ट्रेन में खुद को पुलिसकर्मी बताकर यात्रियों से अवैध वसूली करने वाले एक शातिर अपराधी को रेल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पैसे नहीं देने पर उसने 21 वर्षीय युवक नितिन कुमार को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने आरा-जगजीवन हॉल्ट के बीच रेलवे ट्रैक से नितिन का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान वैशाली जिले के महिसौर थाना क्षेत्र के चांद सराय निवासी मुकेश राय के 21 वर्षीय पुत्र नितिन कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार नितिन हैदराबाद में मजदूरी करता था। वह 19 सितंबर 2026 को ट्रेन संख्या 07091 हैदराबाद-दानापुर स्पेशल से घर लौट रहा था। उसे दानापुर पहुंचना था, लेकिन बक्सर में वह आरोपियों के चंगुल में फंस गया।

## रोशन मोची बने हम सेकुलर के पटना जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष



**दनियावा।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने संगठन का विस्तार करते हुए दनियावां प्रखंड क्षेत्र के मच्छरियावां गांव निवासी रोशन मोची को पार्टी के पटना जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। इस संबंध में पार्टी के पटना जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय कुमार मांझी ने 22 सितंबर 2026 को पत्र जारी कर उन्हें मनोनयन की जानकारी दी। मनोनयन के बाद रोशन मोची ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। उनके मनोनयन पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# गंगा में अलग-अलग 11 लोग डूबे, चार को लोगों ने बचाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले के बाढ़ अनुमंडल में करमा पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। बाढ़, अथमलगोला और बख्तियारपुर थाना क्षेत्रों में गंगा नदी में मूर्ति विसर्जन के दौरान भाई-बहन समेत 11 लोग डूबने लगे। हादसे में चार लोगों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बचा लिया, जबकि एक युवक का शव बरामद किया गया है। वहीं, छह लोगों की तलाश अभी जारी है। अलग-अलग घटनाओं के बाद स्थानीय गोताखोरों के साथ एसडीआरएफ की टीम को भी सूचना दी गई है।

बाढ़ थाना क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस घाट पर करमा-धर्मा पूजा को लेकर मूर्ति विसर्जन करने पहुंचे तीन युवक गंगा में डूबने लगे। स्थानीय लोगों ने इनमें से एक युवक को बचा लिया, जबकि दो युवक नदी में डूब गए।

डूबे युवकों की पहचान गुलाबबाग नया टोला निवासी पीयूष कुमार (10), पिता प्रेम पंडित और सुजीत कुमार (15), पिता बबलू चौधरी के रूप में हुई है। पीयूष की मां पूजा देवी ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे को मूर्ति विसर्जन के लिए भेजा था। उसके पिता भी पीछे से गंगा घाट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीयूष का एक दोस्त भी मूर्ति विसर्जन के लिए वहां पहुंचा।

इसी तरह अथमलगोला थाना क्षेत्र के उस्मानपुर वार्ड नंबर-9 में करमा पूजा की मूर्ति विसर्जन के दौरान भाई-बहन गंगा में डूब गए। दोनों की तलाश की जा रही है।

अथमलगोला थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई है। दोनों की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है।

जबकि बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के चंपापुर गांव के पास गंगा नदी में भी करमा-धर्मा पूजा की मूर्ति विसर्जन के दौरान हादसा हुआ। यहां मूर्ति विसर्जन के लिए गए छह युवक गंगा में डूबने लगे। स्थानीय लोगों ने इनमें से तीन युवकों को बचा लिया, जबकि तीन युवक नदी में डूब गए। बाद में एक युवक का शव बरामद कर लिया गया, जबकि दो युवकों की तलाश जारी है। मृतक युवक की पहचान देदौर गांव के बबलू बगीचा निवासी साहिल कुमार के रूप में हुई है। वह रामेश्वर मोची का पुत्र था। वहीं, डूबे दो युवकों की पहचान गोलू कुमार, पिता अनिल कुमार और बलवीर कुमार, पिता निर्मल मोची के रूप में हुई है।

बख्तियारपुर थाना अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि छह युवक मूर्ति विसर्जन के लिए गए थे। इनमें से एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दो युवकों की तलाश की जा रही है। घटना की जानकारी अंचलाधिकारी को दे दी गई है और एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया है।

स्थानीय स्तर पर भी गोताखोरों की मदद से नदी में रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है।

## पुलिस वाहन ने ट्रक में मारी ठोकर, तीन पुलिसकर्मी जख्मी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** नावानगर थाना क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात करीब डेढ़ बजे एनएच-120 पर पचदरवा पुल के पास तेज रफ्तार ट्रक ने गश्ती पुलिस वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नावानगर थाना के एसआई संजीव कुमार सिंह, पुलिस वाहन चालक ओमप्रकाश सिंह और गृह रक्षक बिहारी कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तत्काल बिक्रमगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम रात में थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पचदरवा पुल के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने पुलिस वाहन में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस फरार ट्रक चालक की पहचान और वाहन का पता लगाने के लिए आसपास के इलाकों में जानकारी जुटा रही है।

दुर्घटना के बाद सामने आई पुलिस वाहन की तस्वीरों में टक्कर की गंभीरता साफ दिखाई दे रही है। वाहन का अगला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त बताया जा रहा है। पुलिस हादसे के कारणों की भी जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई।

## जमुई पहुंची कांग्रेस की टीम

**जमुई।** नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ कथित अभद्रता और वीडियो वायरल होने के मामले में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गंभीर चिंता जताई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के निर्देश पर गठित उच्चस्तरीय कमेटी बुधवार को जमुई पहुंची। टीम ने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर मामले में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। साथ ही दोनों नाबालिगों और उनके परिवारों की सुरक्षा तथा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग रखी।

बुधवार दोपहर जिला कांग्रेस भवन में कमेटी की ओर से प्रेस वार्ता भी आयोजित की गई। इसमें कमेटी के सदस्य मिन्नत रहमानी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि नाबालिगों से जुड़ा मामला बेहद संवेदनशील है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपितों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस टीम ने आरोपितों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाकर दोष सिद्ध होने पर सख्त सजा दिलाने की मांग की।

## बीएमडब्लू इंडिया ने देश में नई बीएमडब्लू 7 सीरीज रेंज की लॉन्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बीएमडब्लू इंडिया ने देश में नई बीएमडब्लू 7 सीरीज रेंज लॉन्च की। यह पेट्रोल और ऑल-इलेक्ट्रिक पावरट्रेन में उपलब्ध है। ऑल-इलेक्ट्रिक परफॉर्मेंस मॉडल बीएमडब्लू आई7 एम70 भी उपलब्ध है, जो अब तक की सबसे पावरफुल बीएमडब्लू 7 सीरीज है। नई बीएमडब्लू 7 सीरीज और बीएमडब्लू आई7 का उत्पादन बीएमडब्लू ग्रुप प्लांट चेन्नई में होगा, जबकि बीएमडब्लू आई7 एम70 कम्प्लीटली बिल्ट-अप यूनिट के रूप में उपलब्ध है।

बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया के प्रेसिडेंट एंड सीईओ हरदीप सिंह ब्रार ने कहा,नई बीएमडब्लू 7 सीरीज हमारी फ्लैगशिप सेडान से कहीं अधिक है यह आधुनिक लग्जरी का हमारा अंतिम वक्तव्य है। नई बीएमडब्लू 7 सीरीज रेंज में बीएमड ब्लू740 एम स्पोर्ट की एक्स-शोरूम कीमत 1,95,00,000 रुपये, बीएमडब्लू आई7 50 एक्स ड्राइव एम स्पोर्ट की 1,95,00,000 रुपये और बीएमडब्लू आई7 एम70 एक्स ड्राइव की 2,65,00,000 रुपये है। कारों में बीएमडब्लू पैनोरमिक आई ड्राइव , 31.3 इंच 8के बीएमडब्लू थिएटर स्क्रीन, एग्जीक्यूटिव लाउन्ज सीटिंग और स्काई लाउन्ज पैनोरमिक गिलास सनरूफ जैसे फीचर्स दिए गए हैं। बीएमडब्लू 740 का 3.0-लीटर छह-सिलेंडर इंजन 400एचपी और 540 एनएम का अधिकतम टॉर्क देता है। बीएमडब्लू आई7 50 एक्स ड्राइव में 455 एचपी, 660 एनएम और 112.5 केडब्लूएच बैटरी के साथ 728 किलोमीटर तक की रेंज है। बीएमडब्लू आई7 एम70 एक्स ड्राइव में 680 एचपी का अधिकतम आउटपुट और 1,015 एनएम का अधिकतम सिस्टम टॉर्क है, जो लांच कंट्रोल या स्पोर्ट बूस्ट के साथ 1,100 एनएम तक पहुंचता है। यह 3.8 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ती है और इसकी टॉप स्पीड 250 किलोमीटर प्रति घंटे है।

## स्कूल प्रभारी पर मनमानी का आरोप, छात्रों का हंगामा





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला प्रखंड स्थित फौजदार सिंह सरकारी हाई स्कूल के छात्रों ने मनमानी फीस वसूली को लेकर बुधवार को स्कूल गेट पर जमकर हंगामा किया। छात्रों ने स्कूल की प्रभारी पर गाली-गलौज करने और शिकायत करने पर प्रैक्टिकल परीक्षा में फेल कर देने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

छात्रों का कहना है कि स्कूल में मनमानी फीस वसूली को लेकर उन्होंने बाढ़ एसडीओ, बीईओ और पटना जाकर डीएम से भी शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। छात्रों के अनुसार, बारहवीं कक्षा के एक ही सत्र में कई बच्चों से दो बार फीस ली गई। कुछ छात्रों ने फीस की रसीद दिखाने के बाद भी दोबारा जबरन फीस लिए जाने का आरोप लगाया है।

छात्रों का आरोप है कि रजिस्ट्रेशन के नाम पर भी सभी विद्यार्थियों से 200 रुपये लिए गए। एक छात्र ने बताया कि उससे स्कूल फीस के नाम पर 2,500 रुपये लिए गए, जबकि उसे सिर्फ 900 रुपये की रसीद दी गई।

छात्रों के मुताबिक, जब उन्होंने मामले की शिकायत शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से की तो स्कूल प्रभारी ने शिकायत करने वाले विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल परीक्षा में फेल करने की धमकी दी। छात्रों का यह भी आरोप है कि स्कूल में नियमित पढ़ाई नहीं होती है, जिसके कारण उनका सिलेबस पूरा नहीं हो पाता। उनका कहना है कि कई बार उन्हें सिर्फ परीक्षा में आने के लिए कहकर स्कूल से लौटा दिया जाता है।

छात्रों का कहना है कि स्कूल प्रभारी की कथित धमकी और मनमानी से डरकर कई विद्यार्थियों ने स्कूल जाना भी छोड़ दिया है। वहीं, मामले को लेकर एक शिक्षक ने कहा कि वह परीक्षा में व्यस्त हैं और इस मामले पर बयान नहीं देंगे।

## साहित्य अकादमी और गाम घर का ग्रामलोक संयुक्त आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** साहित्य अकादेमी, भारत सरकार एवं गाम घर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को प्रखंड विकास भवन में ग्रामलोक साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मैथिली के साहित्यकारों को मिथिला पेंटिंग पाग और चादर से सम्मानित किया गया। प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार, सीओ अम्पाली कुमारी, संयोजक एन. मंडल और साहित्यकारों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता गाम घर के संरक्षक गोविन्द कुमार ने की, जबकि कार्यक्रम के समन्वयक एन. मंडल रहे। कार्यक्रम में मैथिली के छह रचनाकारों अनिरुद्ध झा दिवाकर, साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित अमित कुमार मिश्रा, शेफालिका, राम स्वरूप साहनी रोसडाई, आशा कुमारी एवं वंदना चौधरी ने अपनी कविताओं एवं रचनाओं का पाठ किया। गांव को साहित्य के केंद्र में लाने की पहल गाम घर की ओर से आयोजित ग्रामलोक का विशेष उद्देश्य साहित्यिक गतिविधियों को शहरों और पारंपरिक साहित्यिक मंचों से आगे ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाना रहा। आयोजकों के अनुसार, गाम घर केवल एक संस्था का नाम नहीं, बल्कि गांव की सामाजिक-सांस्कृतिक स्मृतियों और रचनात्मक अभिव्यक्तियों को सामने लाने का एक प्रयास है। ग्रामलोक इसी सोच का विस्तार है, जिसमें रचनाकार गांव में पहुंचकर पाठकों से मिलते हैं और ग्रामीण समाज भी साहित्यिक संवाद में सीधे भागीदारी करता है





अध्यक्ष गोविन्द कुमार ने कहा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर गोविन्द कुमार ने कहा कि साहित्य का संबंध समाज के हर वर्ग से है और उसे केवल शहरों तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। गांवों में साहित्य और संस्कृति की अपनी समृद्ध परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामलोक जैसे आयोजन साहित्य और ग्रामीण समाज के बीच संवाद को मजबूत करता हैं। अनिरुद्ध झा दिवाकर ने शारदे वंदना गा कर माहौल को भक्तिमय कर दिये। अमित कुमार मिश्रा ने मजदूर, अघोड़ी, अपरिमेय संख्या शीर्षक से अपनी रचना प्रस्तुत की। उनकी कविता 'दू बखत केर रोटी लेल मजबूर छी' को लोगों ने खूब सराहा कवियत्री शेफालिका ने जब हास्य गीत 'सेल्फी बाली कनिया' की प्रस्तुति दी दो सभागर ठहक एवं तालियों से भर गया। राम स्वरूप साहनी रोसडाई ने जब 'पहुना अहाँ गाम चलि आबू' का पाठ किए तो सभागर मे विरहिणी पत्नी की व्यथा एवं सावन दोनो एक साथ उपस्थित हो उठा। आशा कुमारी ने अपनी 'हम उर्मिला छी' कविता से नारी सशक्तिकरण को उजागर किया। वंदना चौधरी ने 'भेल मानव इच्छा धारी' के माध्यम से समाज में हो रहे नैतिक पतन को रेखांकित किया। कार्यक्रम के समन्वयक सह गाम घर संस्थापक फिल्मकार एन. मंडल ने अपनी कविता गाम घर का भी पाठ किया।श्री मंडल ने कहा कि ग्रामलोक का विचार साहित्य को गांव तक ले जाने और गांव की आवाज को साहित्य के मंच तक पहुंचाने से जुड़ा है। कार्यक्रम में ग्रामीण परिवेश में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और नई पीढ़ी को अपनी भाषा एवं संस्कृति से जोड़ने की आवश्यकता पर चर्चा हुई।एन. मंडल ने साहित्य अकादेमी, गाम घर, अध्यक्ष गोविन्द कुमार, सभी रचनाकारों, स्थानीय सहयोगियों एवं उपस्थित साहित्य प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया और आगे भी ग्रामीण क्षेत्रों में साहित्य, भाषा और संस्कृति को केंद्र में रखकर ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की बात कही गई।

## कई वर्षों से नहीं हो सका है छात्र संघ का चुनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में वर्ष 2018 के बाद से छात्र संघ चुनाव नहीं होने का असर केवल छात्र राजनीति तक सीमित नहीं है। इसका सीधा प्रभाव विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, प्रशासनिक जवाबदेही और विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान पर भी पड़ रहा है।

छात्र संघ विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच संवाद का संस्थागत माध्यम होता है। इसके अभाव में बड़ी संख्या में समस्याएं व्यक्तिगत शिकायतों तक सिमट जाती हैं और सामूहिक आवाज कमजोर पड़ जाती है।

चुनाव नहीं होने का एक दूसरा असर यह है कि विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक नेतृत्व और जिम्मेदारी का व्यावहारिक अनुभव नहीं मिल रहा है।

छात्र दिग्भ्रमित होते हैं कि अपनी सामूहिक समस्याओं को किस मंच पर उठाएं। विश्वविद्यालय प्रशासन और विद्यार्थियों के बीच संवाद का नियमित माध्यम भी कमजोर पड़ता है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद कुमार सिंह कहते हैं कि केवल छात्र संघ चुनाव करा देना ही इन समस्याओं का समाधान नहीं है।

चुनाव के साथ निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही, आचार संहिता, नियमित बैठक, शिकायत निवारण व्यवस्था और विवि प्रशासन की पारदर्शिता भी जरूरी है। छात्र संघ को भी शैक्षणिक माहौल बनाए रखने और विद्यार्थियों के वास्तविक मुद्दों को प्राथमिकता देने की जिम्मेदारी निभानी होगी। यह तभी संभव है, जब चुनाव हों और छात्रों की ओर से उनके प्रतिनिधि चुने जाएं। इससे छात्र हितों की संस्थागत आवाज और जवाबदेही की व्यवस्था मजबूत हो सकती है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे अमरेंद्र कुमार कहते हैं कि विश्वविद्यालय में सबसे बड़ी समस्या नियमित कक्षा संचालन की है।

## भूमि विवाद में चली गोलियां, एक जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** विशनपुर थाना क्षेत्र के भरौल स्थित इंद्रपुरी कालोनी में बुधवार को भूमि विवाद सुलझाने की कोशिश के दौरान एक गुट ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

गोली लगने से लहेरियासराय थाना क्षेत्र के इमामबाड़ी मोहल्ला निवासी रामविलास भगत के पुत्र विजय कुमार भगत (40) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनके बाएं कंधे और गर्दन के बीच गोली फंसी हुई है। घटना के बाद विजय के साथी उन्हें बाइक पर लादकर आनन-फानन में डीएमसीएच की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे। इमरजेंसी विभाग के परीक्षण कक्ष में स्वजन की भारी भीड़ जमा हो गई। लोग चिकित्सक पर जल्द उपचार करने का दबाव डालने लगे। इससे वहां अफरातफरी का माहौल बन गया, हालांकि तैनात सुरक्षा गार्डों ने मुस्तैदी से स्थिति को नियंत्रित किया।

सूचना पर बेंता थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा भी सदल पहुंचे और

### कई थानों की पुलिस पहुंची

स्वजन को शांत कराया। इसी दौरान इमरजेंसी विभाग के चिकित्सकों ने सीटी स्कैन कराने की सलाह दी। इसके बाद स्वजन जख्मी युवक को बेहतर उपचार के लिए अललपट्टी स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां उसे भर्ती कराया गया है।

घटना एकमी शोभन बाइपास में इंद्रपुरी कालोनी स्थित भरौल में हुई। सूचना मिलने के बाद बिशनपुर, मब्बी और सिमरी सहित कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि फायरिंग किस वजह से हुई और वारदात को अंजाम देने में कौन-कौन अपराधी शामिल थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जमीन विवाद को लेकर दो गुटों के बीच बातचीत चल रही थी। इसी दौरान अचानक एक गुट के युवक ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे, जिससे विजय भगत जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़े।

## फूड इंस्पेक्टर हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गांवा।** झारखंड के गिरिडीह जिले के गांवा थाना की पुलिस ने सीआईडी के निर्देश पर कथित सीजीएल फजीर्वाड़ा मामले में पूछताछ के लिए पिहरा निवासी मनोज साव के पुत्र और फूड एंड सेफ्टी विभाग के इंस्पेक्टर संजय कुमार को हिरासत में लिया है। उन्हें पिहरा बाजार स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया गया। संजय कुमार जमशेदपुर में फूड इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। इससे पूर्व उन्हें हिरासत में लेने के लिए सीआईडी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया था। इसमें गावां थाना प्रभारी जयप्रकाश कुमार, देवरी थाना प्रभारी श्वेता कुमारी और तिसरी थाना प्रभारी शंभुनंद ईश्वर को शामिल किया गया था। टीम ने उनके आवास से उन्हें हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि सीजीएल की नौकरी में गड़बड़ी के मामले में पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में लिया गया है। मामले में खोरिमहुआ एसडीपीओ अमरेंद्र कुमार ने कहा कि सीआईडी की ओर से हिरासत में लेने का निर्देश प्राप्त हुआ था।

## रिश्वत लेते बीसीओ धराया

### प्रबंधक का कार्यभार सौंपने के एवज में मांगी थी घूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की विशेष टीम ने बुधवार को नालंदा में बड़ी कार्रवाई करते हुए करायपरसुराय प्रखंड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी (बीसीओ) संतोष कुमार को 28 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

आरोप है कि बीसीओ ने सांध पंचायत से जुड़े सहकारी समिति के प्रबंधक का कार्यभार सौंपने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। निगरानी की टीम ने पूर्व निर्धारित योजना के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी अधिकारी को रिश्वत की रकम के साथ दबोचा।

मिली जानकारी के अनुसार, मामला सांध पंचायत से जुड़ा है। सांध गांव निवासी अभिषेक कुमार को नियमानुसार प्रबंधक का कार्यभार सौंपा जाना था। आरोप है कि इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बजाय बीसीओ संतोष कुमार पिछले करीब दो वर्षों से अभिषेक कुमार को लगातार टालते रहे।

इसी दौरान कार्यभार सौंपने की प्रक्रिया पूरी करने के एवज में 28 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई। रिश्वत की मांग से परेशान अभिषेक कुमार ने इसकी शिकायत पटना स्थित निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से की। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले का सत्यापन कराया।

सत्यापन के दौरान रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि होने के बाद कार्रवाई की योजना तैयार की गई। इसके लिए डीएसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में धावा दल का गठन किया गया। पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार, बुधवार को परिवादी अभिषेक कुमार बीसीओ संतोष कुमार के पास पहुंचा।

जैसे ही उसने निगरानी टीम द्वारा उपलब्ध कराई गई केमिकल लगे 28 हजार रुपये की रकम बीसीओ को दी, पहले से आसपास सादे लिबास में तैनात निगरानी टीम ने



तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान बीसीओ के पास से रिश्वत की पूरी रकम बरामद की गई। इसके बाद निगरानी टीम आरोपी अधिकारी को अपने साथ पटना ले गई।

निगरानी विभाग की कार्रवाई के बाद आरोपी बीसीओ से पटना में पूछताछ की जाएगी। दिनदहाड़े हुई इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही करायपरसुराय प्रखंड मुख्यालय में हड़कंप मच गया। खासकर सहकारिता विभाग से जुड़े कर्मचारियों और अन्य कार्यालयों में कार्रवाई को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया ऑस्ट्रेलियाई संसद में बिहार-ऑस्ट्रेलिया सहयोग पर संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सिडनी।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान सिडनी में ऑस्ट्रेलियाई संसद का भ्रमण करने के बाद ऑस्ट्रेलियाई अटॉर्नी जनरल माइकल डेली, ऑस्ट्रेलियाई मंत्री जिहाद डिब तथा सांसद स्टीफन बलि, मार्क हॉजेस, ह्यू मैकडरमॉट और वॉरेन किर्बी के साथ शिष्टाचार भेंट कर संसदीय संवाद किया। इस दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई संसद के सदस्यों के बीच उपस्थित होना उनके लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने बिहार विधानसभा की ओर से सभी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान में तीव्र आर्थिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बुनियादी ढांचे, डिजिटल अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और संपर्क के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। विश्व बैंक के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और निरंतर बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत की विकास यात्रा में राज्यों की प्रगति महत्वपूर्ण है और बिहार इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिहार की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी, प्रतिभाशाली मानव संसाधन, कृषि क्षमता और उद्यमशीलता की भावना है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सड़क और पुल, संपर्क, उद्योग, निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्रों में विकास को नई गति दे रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के माध्यम से केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय विकास परियोजनाओं को गति दे रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार का उद्देश्य आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण, निवेश आकर्षित करना, उद्योगों को बढ़ावा देना और युवाओं के लिए बेहतर अवसर पैदा करना है। इसी आधार पर बिहार और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई संसद के सदस्यों से भारत-ऑस्ट्रेलिया सहयोग के अगले चरण में बिहार को महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह संवाद भारत-ऑस्ट्रेलिया के साथ-साथ बिहार-ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत और दीर्घकालिक साझेदारी की नींव बन सकता है।

# बिहार विद्यापीठ में बी.एड. नवागंतुक प्रशिक्षुओं का उत्साहपूर्ण स्वागत

## मानवी और अंकित बने मिस फ्रेशर्स व मिस्टर फ्रेशर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बिहार विद्यापीठ में बी.एड. सत्र 2026-2028 के नवागंतुक प्रशिक्षुओं के स्वागत के लिए बुधवार को फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक प्रशिक्षुओं के बीच आत्मीय परिचय, सौहार्द, रचनात्मकता और टीम भावना को बढ़ावा देना था। उत्साह और उल्लास से भरे वातावरण में प्रशिक्षुओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश ने प्रशिक्षुओं को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपर सचिव डॉ. श्यामानंद चौधरी और संयुक्त सचिव . ए के नारायणम ने प्रेरणादायक संबोधन के माध्यम से प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया।
विभिन्न गतिविधियों और प्रस्तुतियों के आधार पर मानवी को मिस फ्रेशर्स तथा अंकित को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। सपना और अभिनव क्रमशः मिस फ्रेशर्स और मिस्टर फ्रेशर के उपविजेता रहे। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा तथा बिहार विद्यापीठ की निदेशक, शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय, डॉ. मृदुला प्रकाश के निर्देशन में किया गया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# प्रो. सुनीता सिन्हा 'दुर्गाबाई देशमुख ग्लोबल शिखर सम्मान' से सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुनीता सिन्हा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, उत्कृष्ट सेवा एवं गौरवपूर्ण कार्यों के लिए बुधवार को 'दुर्गाबाई देशमुख ग्लोबल शिखर सम्मान- 2026' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो अबु बकर रिजवी ने प्रदान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर मिले इस सम्मान से नालंदा कॉलेज परिवार में प्रसन्नता जाहिर करते हुए पीपीयू सीनेट सदस्य एवं बीएड विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार सहित कॉलेज के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने प्रो. सिन्हा को सम्मान मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आयुर्वेद भारत की प्राचीन और समृद्ध चिकित्सा परंपरा :निशांत कुमार

## पटना में 11वें आयुर्वेद दिवस का आयोजन, स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य आयुष समिति, स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को ज्ञान भवन, पटना में 11वें आयुर्वेद दिवस 2026 का राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयुर्वेद पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई जिसमें राजकीय आयुर्वेद कॉलेज, कदमकुआं, पटना के गौरवशाली इतिहास, आयुर्वेद की उपयोगिता तथा इसे आधुनिक शोध, प्रमाण आधारित चिकित्सा और नवीन तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन और समृद्ध चिकित्सा परंपरा है जो रोग उपचार के साथ स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली का मार्ग भी प्रदान करती है। बिहार का आयुर्वेद से ऐतिहासिक संबंध रहा है। महर्षि चरक, राजवैद्य जीवक और आचार्य नागार्जुन की परंपरा ने इसे समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आयुर्वेद एवं संपूर्ण आयुष क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में 294 आयुष आरोग्य मंदिर/आयुष अस्पताल विकसित किए जा रहे हैं और जर्जर अस्पतालों का जीर्णोद्धार होगा। राजकीय आयुर्वेद कॉलेज, पटना के आधारभूत ढांचे, शोध प्रयोगशाला, अस्पताल और आईपीडी सुविधाओं को आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा तथा आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक दवाओं को आवश्यक दवा सूची में शामिल करने की दिशा में काम हो रहा है, ताकि चिकित्सक इन्हें लिख सकें और मरीजों को दवाएं निशुल्क मिल सकें। मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में आयुर्वेद की अलग इकाई विकसित करने की योजना है। आयुर्वेदिक चिकित्सा के डिजिटलीकरण, मरीजों के डिजिटल रिकॉर्ड, शोध, वैज्ञानिक प्रमाण, आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर भी जोर दिया जाएगा। आयुर्वेद की सुविधाएं गांवों और गरीब परिवारों तक पहुंचाने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा आयोजन करने की योजना है। स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि ने कहा कि संतुलन आयुर्वेद का मूल मंत्र है। वात, पित्त और कफ के संतुलन के साथ शरीर-मन तथा मनुष्य-प्रकृति के संतुलन को इसमें महत्व दिया गया है। उन्होंने आयुष और आधुनिक चिकित्सा पद्धति को प्रमाण आधारित शोध से जोड़ने पर जोर दिया।
समारोह में डॉ. वरूण कुमार, डॉ. प्रो. अजय कुमार सिंह, डॉ. प्रो. महेश महतो, डॉ. भगवान सिंह, डॉ. प्रो. दिपाली सुन्दरी वर्मा, डॉ. रत्नेश्वर शर्मा, डॉ. गिन्नी जाखनवाल और आलोक कुमार सिंह को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। उद्घाटन से पहले स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी की आधुनिक रक्तदान वैन तथा राजकीय आयुर्वेद कॉलेज की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

# गुरु सम्मान समारोह में डॉ. आनंद रंजन झा होंगे विशिष्ट अतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर/वैशाली।** शिक्षक सम्मान के उद्देश्य से निर्मल इंडिया न्यूज की ओर से आयोजित 'गुरु सम्मान समारोह 2026' में शिक्षाविद् एवं कौशल विशेषज्ञ डॉ. आनंद रंजन झा को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है जबकि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महान गणितज्ञ प्रो. के. सी. सिन्हा भी उपस्थित रहेंगे। यह सम्मान समारोह 25 सितंबर 2026, शुक्रवार को रीता पैलेस, हथसारगंज, हाजीपुर (वैशाली) में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को सम्मानित किया जाएगा। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान नहीं करते, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से शिक्षकों के योगदान को सम्मान मिलना शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायी है। समारोह में जिला प्रशासन एवं शिक्षा जगत से जुड़े कई प्रमुख अतिथियों की सहभागिता प्रस्तावित है।

# हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर में विविध कार्यक्रम आयोजित

## सरकारी कार्यों में सरल, सहज एवं सुबोध हिंदी का प्रयोग हमारी सामूहिक जिम्मेदारी : प्राचार्य पुलक मंडल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था, होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर में 14 से 28 सितंबर 2026 तक मनाए जा रहे 'हिंदी पखवारा' के अंतर्गत हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता, रुचि एवं व्यवहारिक प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में संस्थान में निबंध लेखन एवं हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता के लिए 'सोशल मीडिया का हिंदी के विकास में योगदान' विषय निर्धारित किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार, डिजिटल माध्यमों में हिंदी के बढ़ते प्रयोग तथा सोशल मीडिया की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य पुलक मंडल ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा ही नहीं, बल्कि हमारे प्रशासनिक एवं व्यावसायिक कार्यों को सरल, सहज और प्रभावी बनाने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि संस्थान में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस ने जारी की राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं प्रकोष्ठों के प्रभारियों की सूची

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली/पटना।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) के संगठनात्मक विस्तार और विभिन्न प्रकोष्ठों के सुचारू संचालन को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पदाधिकारियों एवं प्रकोष्ठ प्रभारियों की नई जिम्मेदारियां घोषित की गई है। ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद की ओर से जारी सूची में देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। जारी सूची के अनुसार राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सूची में रागिनी रंजन को प्रबंध न्यासी, नवीन कुमार को राष्ट्रीय महासचिव, डॉ. आदित्य नाग को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा कमल किशोर को उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा प्रियरंजन, संजय कुमार सिन्हा, डॉ. हीरालाल कर्ण, अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. कुमार मानवेंद्र, आलोक श्रीवास्तव, प्रभाकर श्रीवास्तव, राजीव कांत, सोमिका श्रीवास्तव एवं दीप श्रेष्ठ समेत कई लोगों को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। निलेश रंजन को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान संयोजक बनाया गया है। वहीं सुबाला वर्मा, दिलीप कुमार सिन्हा और अमित श्रीवास्तव रिंकू को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। मुकेश महान और अतुल आनंद सन्नू को राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा अनिल कुमार दास एवं सुभाषिणी स्वरूप को समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं रागिनी रंजन को महिला, कला एवं संस्कृति, कुटीर उद्योग तथा पर्यावरण प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ दीप श्रेष्ठ को सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। डिजिटल मीडिया का राष्ट्रीय प्रभार शुभ्रांशु श्रीवास्तव को जबकि सीसीसीआई का राष्ट्रीय प्रभार निष्का रंजन को सौंपा गया है। कोष प्रबंधन की जिम्मेदारी नवीन कुमार को दी गई है। इसी प्रकार युवा, शिक्षा एवं समन्वय का राष्ट्रीय प्रभार डॉ. आदित्य नाग को तथा सह प्रभारी की जिम्मेदारी सुबाला वर्मा को दी गई है। मेडिकल प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभार डॉ. कुमार मानवेंद्र को दिया गया है जबकि मीडिया प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभार कमल किशोर को सौंपा गया है। प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय अध्यक्षों एवं महासचिवों की सूची में महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना वर्मा, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाला सौरभ वर्मा, सीसीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र भानु सिन्हा एवं राष्ट्रीय महासचिव रंजीत कुमार वर्मा, कला एवं संस्कृति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजन कुमार एवं राष्ट्रीय महासचिव शिवानी गौड़, डिजिटल मीडिया के नवीन श्रीवास्तव, मीडिया के संतोष श्रीवास्तव, राजनीतिक मामलों के नितिन माथुर तथा लीगल सेल के श्वेतांक सैलकवाल को जिम्मेदारी दी गई है। ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि नई जिम्मेदारियों के माध्यम से संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाया जाएगा तथा देशभर में कायस्थ समाज को संगठित करने के साथ सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सेवा गतिविधियों को गति दी जाएगी।

# छात्रों को समय पर मिले योजनाओं का लाभ, मंत्री रमा निषाद ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और पात्र लाभुकों को समय पर योजनाओं का लाभ मुहैया कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि खासतौर से जो योजनाएं विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण से जुड़ी हुईं हैं, उनके क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। छात्रों से जुड़ी योजनाओं के अनुपालन में हर तरह पर अधिकारी मुस्तैदी से निगरानी रखें। ताकि कोई जरूरतमंद छात्र वंचित नहीं रहे। मंत्री बुधवार को पटना स्थित जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने जिला स्तर पर योजनाओं की नियमित मॉनीटरिंग और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पेयजल, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक सुविधाओं को प्राथमिकता देने को कहा। निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को दूर करने के साथ छात्राओं के लिए सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण सुनिश्चित करने, भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। इस दौरान जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में नामांकन, मेस संचालन, खाद्यान्न, सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मी, रसोइया और आरओ समेत अन्य सुविधाओं की समीक्षा की गई। वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में सीसीटीवी, शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति, पोक्सो एवं पोश समितियों, आपातकालीन वाहन, एएनएम/जीएनएम और एचपीवी वैक्सीनेशन की स्थिति की समीक्षा हुई।

# भारत के मुख्य न्यायाधीश 26 सितंबर को करेंगे देश के पहले पीड़ित अधिकार केंद्र का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत 26 सितंबर को पटना स्थित बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार में देश के पहले पीड़ित अधिकार केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही मुख्य न्यायाधीश एक ट्रांसजेंडर हेल्पलाइन का शुभारंभ करने के साथ ही मल्टी यूटिलिटी वाहनों के एक बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पीड़ित अधिकार केंद्र बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की एक पायलट परियोजना है जिसे विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकार के कार्यों के निर्वहन में स्थापित किया गया है। इस केंद्र की परिकल्पना और उसे आगे बढ़ाने का कार्य पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं प्राधिकार के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव तथा पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुधीर सिंह के दृष्टिकोण और मार्गदर्शन में हुआ है जिनके निर्देश पर इस परियोजना को राज्य के लिए स्वीकृत और लागू किया गया। केंद्र के लिए नीतिगत दिशा पटना उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली संचालन समिति में निहित है। न्यायमूर्ति अजीत कुमार इसके प्रथम अध्यक्ष हैं। पीड़ित अधिकार केंद्र के साथ शुरू की जा रही ट्रांसजेंडर हेल्पलाइन, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के समेकन, पुनर्वास और न्याय तक पहुंच के लिए प्राधिकार की 2023 की योजना के साथ संचालित होगी जो ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम, 2019 को प्रभावी बनाती है।

# 48 वां महायोगी गोपीचंद स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित 48वां महायोगी गोपीचंद स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ जिसमें उद्घाटनकर्ता के रुप में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह उत्तर प्रदेश शासन, अध्यक्षता के रूप में विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा, मुख्य अतिथि के रुप में अभियान के संरक्षक एवं पूर्व संयुक्त निदेशक पेंशन विभाग उत्तर प्रदेश शासन धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी, मुख्य वक्ता के रूप में अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रो. रागिनी वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रुप में वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक डॉ अनिल कुमार चौबे, वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, बी डी महाविद्यालय पटना के पालि विभागाध्यक्ष प्रो.एच.के.सिंह, अभियान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, महंथ केशव संस्कृत महाविद्यालय फतुहा के सहायक आचार्या डॉ नीरा कुमारी, मगध विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की सहायक आचार्या डॉ एकता वर्मा, डॉ दीप्ति कुमारी, मनीषा बोदरा, मुरलीधर शुक्ल, तारा विश्वकर्मा, बीजेन्द्र सिंह, डॉ विश्वजीत रुद्रपाल, मुकेश पण्डित, उमा हेनोते, वन्दना पटेरिया, मोनिका झा सहित शिविर के सभी सदस्य ने संस्कृत में विचारों को व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्कृत में विचारों को व्यक्त करने के लिए महायोगी गोपीचंद स्मृति संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मोनिका झा एवं डॉ दीप्ति कुमारी को प्रथम पुरस्कार, डॉ एकता वर्मा, डॉ विश्वजीत रुद्रपाल एवं तारा विश्वकर्मा को द्वितीय पुरस्कार, उमा हेनोते एवं मुरलीधर शुक्ल को तृतीय पुरस्कार तथा मनीषा बोदरा, बीजेन्द्र सिंह एवं वन्दना पटेरिया को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रो. रागिनी वर्मा ने शिविर सदस्यों के विचारों की प्रशंसा की संस्कृत प्रेमियों को शिविर में आने की अपील की। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि शिविर के माध्यम से महायोगी गोपीचंद के विषय सभी सदस्यों को ज्ञान एवं संस्कृत में विचारों को व्यक्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। अन्त में वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक एवं संरक्षक डॉ अनिल कुमार चौबे, मनीषा बोदरा एवं डॉ अनिल कुमार सिंह ने संस्कृत में गीत गाकर शिविर सदस्यों को मन्त्रमुग्ध कर दिया।

# सहकारी बैंकों में नए खाताधारकों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाएं : राम कृपाल यादव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने आज सहकारी बैंकों के कार्यों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सहकारी बैंकों को पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था से आगे बढ़कर आधुनिक, डिजिटल एवं ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग सेवा प्रदाता के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि सहकारी बैंक किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वित्तीय जरूरतों का महत्वपूर्ण आधार हैं। अब इन्हें तकनीक और आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से और मजबूत करना है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि ग्राहक को बैंकिंग सुविधा के लिए बैंक तक आने की आवश्यकता कम से कम पड़े और अधिकाधिक सेवाएं उसके मोबाइल एवं उसके गांव तक पहुंचें। उन्होंने निर्देश दिया कि सहकारी बैंकों में नए खाताधारकों को जोड़ने के लिए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की जाए तथा विशेष कैंप एवं जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों के खाते खोले जाएं।

# वीबी-जी राम जी योजना से बदलेगी बिहार के गांवों की तस्वीर

## 375 तरह के कार्यों से होगा पंचायतों का विकास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** विकसित भारत-जी राम जी योजना अंतर्गत विकसित ग्राम पंचायत योजना के निर्माण पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पटना के बापू सभागार में आयोजित किया गया। इसमें सभी जिलों से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अधीक्षण अभियंता/कनीय अभियंता और कार्यक्रम पदाधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण में वीबी-जी राम जी योजना से ग्राम पंचायतों के विकास और योजनाओं को लागू करने से संबंधित विशेष प्रशिक्षण उपस्थित सभी पदाधिकारियों को दिया गया।
प्रशिक्षण में वीबी-जी राम जी योजना के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह आयुक्त अंजनी कुमार ने कहा कि सबसे पहले पंचायतों में पूर्ण कराए गए और अधूरे कार्यों का सर्वे कराना होगा। विकास संबंधी योजनाओं के गैप असेसमेंट के बाद बाकी कार्यों के लिए नए सिरे से योजनाएं तैयार करनी होगी और उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी पदाधिकारी प्रखंड, जिला और अनुमंडल स्तर पर प्रशिक्षण देंगे ताकि ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं को क्रमबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। बिहार ग्रामीण विकास समिति में आईटी एंड ई-गवर्नेंस के निदेशक सरोज कुमार ने पीपीटी के सहारे पंचायतों में योजनाओं का चयन, उनका क्रियान्वयन और विकास से संबंधित विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया बताई। उन्होंने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना के अस्तित्व में आने से पहले पंचायतों के लिए व्यक्तिगत योजनाएं तैयार की जाती थीं, लेकिन अब पंचायतों की सारी योजनाएं एकीकृत होंगी। यानी वीबी-जी राम जी योजना में अन्य विभागों की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का निर्माण करना होगा। पंचायतों से जो भी योजना पारित होगा वह पहले प्रखंड और फिर जिला स्तर पर अंतिम अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि वीबी-जी राम जी योजना के तहत पंचायतों में कराए जाने वाले विकास कार्यों को चार श्रेणियों में बांटा गया है जिसमें कुल 375 प्रकार के कार्य कराए जाने हैं। विकसित भारत-जी राम जी योजना 2047 के विकसित भारत बनाने की एक परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है।

# चुनाव आयोग के फैसलों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन, सीइसी के इस्तीफे की मांग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** चुनाव आयोग के विभिन्न निर्णयों एवं आयोग के भीतर दर्ज आपत्तियों के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा पटना के इनकम टैक्स गोलंबर पर अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में आक्रोश मार्च सह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया एवं इस्तीफे की मांग की। इस अवसर पर अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने कहा कि चुनाव आयोग सरकार और सत्तारूढ़ दल के हाथों की कठपुतली की तरह काम कर रहा है। पार्टी का आरोप है कि मुख्य चुनाव आयुक्त एक निष्पक्ष संवैधानिक संस्था के प्रमुख की भूमिका के बजाय सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता की तरह व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त स्वयं को संस्था से ऊपर मानकर काम कर रहे हैं और अन्य चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों एवं असहमतियों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा है।

# संपादकीय

## अमेरिका में 'दफा हो जाओ मिस्टर सिंह', विवादित पोस्टर, सिख समुदाय में भारी आक्रोश

अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग ने व्यावसायिक चालकों के खिलाफ विज्ञापन में 'मिस्टर सिंह' का नाम देकर नस्ली पूर्वाग्रह दर्शाया। सिख समुदाय के कड़े विरोध के बाद विवादित पोस्टर वापस लेना पड़ा। इस दौर में 'एक विश्व, एक परिवार' या 'वसुधैव कुटुंबकम्' जैसे नारों के साथ दुनिया के आगे का रास्ता तय करने की बातें की जा रही हैं, उसमें अगर किसी खास समूह या वर्ग को लक्षित करके उसे हाशिये से बाहर करने का संदेश प्रचारित किया जाए, तो इससे ज्यादा अफसोसनाक और क्या हो सकता है।अमेरिका में गृह सुरक्षा विभाग ने बिना लाइसेंस वाले व्यावसायिक चालकों के खिलाफ अपने अभियान को बढ़ावा देने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार की गई छवियों का इस्तेमाल किया, जिसमें सूत्रवाक्य यह दिया गया था कि 'दफा हो जाओ मिस्टर सिंह, तुम्हें वाहन चलाना नहीं आता..!'निश्चित रूप से नियमों को ताक पर रखने वाले चालकों से सड़क पर दूसरों के जीवन के लिए भी खतरा ही होता है। इसलिए इस तरह सड़क पर जोखिम बनने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई पर शायद ही किसी को आपत्ति हो, लेकिन इस बहाने से जिस तरह प्रचार में एक खास समुदाय को चिह्नित करने वाले वाक्यांश का इस्तेमाल किया गया, उसने सड़क को सुरक्षित बनाने के समूचे विज्ञापन को ही सवालों के घेरे में ला खड़ा किया।इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जिस अमेरिका में श्वेत वर्चस्व, नाजीवाद और फासीवाद जैसे नस्ली विचारों का व्यापक विरोध होता रहा है, वहां किसी पोस्टर में दुराग्रहों का ऐसा प्रदर्शन खुद सरकार के मातहत एक विभाग के जरिए हो। स्वाभाविक ही अमेरिका में रहने वाले सिख समुदाय सहित अन्य लोगों ने भी इस पर तीखी आपत्ति जाहिर की और पोस्टर को 'नस्लवादी' और 'भारत विरोधी' बताया।हो सकता है कि अमेरिका में कुछ ऐसे सड़क हादसे हुए हों, जिनमें चालक की पहचान वहां अवैध रूप से रहने वाले भारतीय के रूप में पाई गई हो, लेकिन इसका मतलब यह नहीं हो जाता कि इस बहाने 'सिंह' उपनाम से पहचाने जाने वाले समूचे समुदाय को निशाना बनाया जाए। लेकिन सवाल है कि आधुनिक मूल्यों का वाहक होने का दावा करने वाले अमेरिका में आज भी इस तरह की संकीर्ण नस्ली दृष्टि कैसे फल-फूल रही है कि वह किसी सरकारी महकमे के विज्ञापन में भी अभिव्यक्त हो जाती है!

**यह विधेयक अमेरिकी राष्ट्रपति को रूस के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों पर सौ प्रतिशत तक शुल्क लगाने का अधिकार देता है। भारत और चीन इसके निशाने पर हैं। इसके पीछे अमेरिकी रणनीति रूस की ऊर्जा आय को चोट पहुंचाने की है, ताकि यूक्रेन युद्ध के लिए मास्को को मिलने वाले आर्थिक संसाधनों पर दबाव बनाया जा सके। विधेयक में रूस के ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों के साथ-साथ प्रतिबंधों से बचने वाले उसके जहाजी बेड़े पर भी शिकंजा कसने का प्रावधान है।**

# मोदी को 'धमकाना' ट्रंप को पड़ा भारी! रूसी तेल पर अमेरिका के नए दांव का भारत ने दिया करारा जवाब

(नीरज कुमार दुबे )

हम आपको बता दें कि जिस विधेयक को अमेरिकी कांग्रेस में पहली बार अप्रैल 2025 में पेश किया गया था, वह करीब डेढ़ साल तक अमेरिकी राजनीति और ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं के बीच अटका रहा। लेकिन इस महीने यानि सितंबर 2026 में तस्वीर अचानक बदल गई।

कहने को तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नरेंद्र मोदी को अपना अच्छा दोस्त कहते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि शायद वह मोदी को अब तक अच्छे से जान ही नहीं पाए हैं। देखा जाये तो जो लोग नरेंद्र मोदी को जानते नहीं, वह अक्सर धमकियों, प्रतिबंधों और आर्थिक दबाव के सहारे उन्हें झुकाने का सपना देखते हैं। लेकिन मोदी का संकल्प साफ है कि भारत के हितों से समझौता नहीं होगा और देश को किसी विदेशी दबाव के आगे झुकने नहीं देना है। उनके हर फैसले में यही दृढ़ता दिखाई देती है। दूसरी ओर, ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही भारत पर दबाव बनाने के लिए शुल्क, व्यापारिक दबाव और रूस से तेल खरीद बंद कराने जैसी तमाम कोशिशें कीं, लेकिन नई दिल्ली ने हर बार अपने राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च रखा। अब अमेरिका एक बार फिर टैरिफ रूपी आर्थिक हथियार लेकर मैदान में उतरा है, लेकिन मोदी सरकार ने भी बिना देर किए वाशिंगटन को साफ संदेश दे दिया है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक हित किसी विदेशी दबाव की कीमत पर तय नहीं होंगे।

हम आपको बता दें कि जिस विधेयक को अमेरिकी कांग्रेस में पहली बार अप्रैल 2025 में पेश किया गया था, वह करीब डेढ़ साल तक अमेरिकी राजनीति और ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं के बीच अटका रहा। लेकिन इस महीने यानि सितंबर 2026 में तस्वीर अचानक बदल गई। भारत में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ सक्रिय कूटनीतिक भागीदारी के कुछ ही दिनों बाद अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने रूस और ईरान पर नए प्रतिबंधों वाला विधेयक पारित कर दिया। घटनाक्रम का समय भले ही संयोग हो, लेकिन संदेश बेहद स्पष्ट है कि वाशिंगटन रूस से जुड़े देशों पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए अब शुल्क को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने को तैयार है।

लेकिन भारत ने भी अमेरिका को उसी क्षण जवाब दे दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने दो टूक कहा कि भारत अपने 140 करोड़ नागरिकों की ऊर्जा सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत बदलती बाजार परिस्थितियों के अनुसार अलग-





अलग स्रोतों से ऊर्जा खरीदता रहेगा। इतना ही नहीं, नई दिल्ली ने अमेरिका को याद दिलाया कि इस कदम के भारत-अमेरिका संबंधों के साथ-साथ पूरे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों के बारे में अमेरिकी पक्ष को पहले ही उच्च स्तर पर स्पष्ट रूप से बताया जा चुका है। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि भारत अपने व्यापार और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। यानी अमेरिका शुल्क की धमकी दे सकता है, लेकिन भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा की कीमत पर किसी विदेशी दबाव के आगे झुकने के लिए तैयार नहीं है।

दरअसल, जिस विधेयक को अब 'लिंडसे ओ. ग्राहम रूस और ईरान प्रतिबंध अधिनियम 2026' कहा जा रहा है, उसकी कहानी डेढ़ साल पुरानी है। अप्रैल 2025 में लिंडसे ग्राहम और रिचर्ड ब्लूमेंथल ने रूस के खिलाफ कड़े प्राथमिक और द्वितीयक प्रतिबंधों की पहल की थी। इसके बाद लंबे समय तक इसे कांग्रेस और प्रशासन के बीच समर्थन जुटाने की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। जुलाई 2026 में व्हाइट हाउस से सहमति बनने के बाद इसकी राह खुली। अगस्त में सीनेट ने इसे 86 के मुकाबले 11 मतों से पारित किया और 16 सितंबर को प्रतिनिधि सभा ने 262 के मुकाबले 159 मतों से इसे मंजूरी दे दी।

यह विधेयक अमेरिकी राष्ट्रपति को रूस के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों पर सौ प्रतिशत तक शुल्क लगाने का अधिकार देता है। भारत और चीन इसके निशाने पर हैं। इसके पीछे अमेरिकी रणनीति रूस की ऊर्जा आय को चोट पहुंचाने की है, ताकि यूक्रेन युद्ध के लिए मास्को को मिलने वाले आर्थिक संसाधनों पर दबाव बनाया जा सके। विधेयक में रूस के ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों के साथ-साथ प्रतिबंधों से बचने वाले उसके जहाजी बेड़े पर भी शिकंजा कसने का प्रावधान है। लेकिन अमेरिका शायद यह भूल रहा है कि भारत रूस से तेल किसी राजनीतिक एहसान के लिए नहीं खरीद रहा।

भारत की जरूरत है सस्ती, विश्वसनीय और लगातार उपलब्ध ऊर्जा। 2022 में रूस भारत के लिए कोई बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता नहीं था। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोप द्वारा रूसी तेल पर प्रतिबंध लगाए जाने से रूस का कच्चा तेल भारी छूट पर उपलब्ध हुआ और भारत ने अपने आर्थिक हित में इसे खरीदना शुरू किया। इसके बाद रूस भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। वित्त वर्ष 2026 में भारत के कुल कच्चे तेल आयात में रूसी हिस्सेदारी 30.3 प्रतिशत रही और करीब 134.7 अरब डॉलर के कुल आयात में रूस से आने वाले तेल की कीमत 40.8 अरब डॉलर रही। जुलाई 2026 में तो भारत के आयातित तेल में रूसी हिस्सेदारी आधे से भी ज्यादा पहुंच गई।

इसके अलावा, आज वैश्विक परिस्थितियों को देखें तो वह भी सामान्य नहीं हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध और आपूर्ति संकट ने तेल बाजार को बुरी तरह प्रभावित किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधाएं हैं और वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत भी दबाव में हैं। भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल खरीदता है, लेकिन रूस और पश्चिम एशिया उसकी ऊर्जा सुरक्षा के मुख्य आधार बने हुए हैं। ऐसे समय में अचानक रूसी तेल बंद करना केवल रूस के खिलाफ फैसला नहीं होगा, बल्कि भारत की अपनी ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर डाल सकता है।

यही कारण है कि पिछले साल अमेरिकी दंडात्मक शुल्क भी भारत को रूसी तेल से पूरी तरह दूर नहीं कर सके। भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी तेल की खरीद में बड़ी कटौती तब की जब रूस की प्रमुख तेल कंपनियों पर सीधे प्रतिबंध लगाए गए और व्यापार करना कठिन हो गया। लेकिन जैसे ही पश्चिम एशिया में आपूर्ति संकट गहराया, भारत ने फिर रूसी तेल की खरीद बढ़ा दी। जुलाई में रूसी तेल की खरीद अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे एक बात साफ होती है कि भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा कोई सौदेबाजी का विषय नहीं है।

यहां इस पूरे घटनाक्रम का सामरिक महत्व सामने आता है। अमेरिका रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाना चाहता है। जबकि रूस भारत की ऊर्जा सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है। चीन भी रूसी ऊर्जा का बड़ा खरीदार है। साथ ही भारत एक साथ अमेरिका, रूस, चीन, ईरान तथा पश्चिम एशिया के देशों के साथ अपने हितों का संतुलन साध रहा है। ऐसे में नई दिल्ली के सामने चुनौती किसी एक खेमे में जाने की नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बचाए रखने की है।

इसके अलावा, ब्रिक्स सम्मेलन में मोदी की पुतिन और जिनपिंग के साथ बढ़ती कूटनीतिक निकटता ने जिस बदलती विश्व व्यवस्था की तस्वीर अमेरिका के सामने रखी, उसके कुछ ही दिनों बाद अमेरिकी कांग्रेस का रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने वाला कदम कई सवाल खड़े करता है। सवाल उठता है कि क्या वाशिंगटन को यह स्वीकार करना मुश्किल हो रहा है कि दुनिया अब उसकी शर्तों पर नहीं चलती? देखा जाये तो भारत, रूस और चीन का एक मंच पर आना और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था तथा संप्रभु समानता की वकालत करना उस अमेरिकी वर्चस्ववादी सोच के लिए सीधी चुनौती है, जिसमें लंबे समय से आर्थिक ताकत को कूटनीतिक दबाव के हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाता रहा है। लेकिन बदलती दुनिया का संदेश साफ है। भारत सहित उभरती शक्तियां अब अपने राष्ट्रीय हितों का फैसला किसी बाहरी राजधानी के इशारे पर नहीं करेंगी।

खैर...अब गेंद ट्रंप के पाले में है। अमेरिकी कांग्रेस ने उन्हें सौ प्रतिशत तक शुल्क लगाने की शक्ति दे दी है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि सौ प्रतिशत शुल्क स्वतः लागू हो गया। अंतिम निर्णय ट्रंप को करना है। शुल्क कितना होगा, किन वस्तुओं पर लागू होगा और कब लागू होगा, इन सबका असर भारत-अमेरिका व्यापार पर पड़ेगा। भारत का रुख स्पष्ट है कि ऊर्जा सुरक्षा से समझौता नहीं होगा, विकल्पों का विस्तार जारी रहेगा, अमेरिका से बातचीत जारी रहेगी और राष्ट्रीय हितों पर कोई एकतरफा समझौता नहीं होगा। अमेरिकी शुल्क चाहे जितना बड़ा हो, भारत के लिए असली सवाल किसी एक देश को खुश करना नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए ऊर्जा, अर्थव्यवस्था और रणनीतिक स्वायत्तता सुरक्षित रखना है। विदेश मंत्रालय पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर चुका है। भारत अपने व्यापार और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## चीन के साथ मिलकर गुस्ताखी कर रहा था पाकिस्तान, तभी भारत ने सीमा आयुक्त आयोग को ही खारिज कर दिया

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको बता दें कि इस आयोग की पहली बैठक इस्लामाबाद में हुई। पाकिस्तान ने इसे द्विपक्षीय संबंधों की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए सीमा प्रबंधन, संयुक्त सीमा सर्वेक्षण, व्यापारिक प्रवाह और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की बात कही।

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संवेदनशील भूभाग को लेकर चीन और पाकिस्तान ने एक बार फिर ऐसी कवायद शुरू की है, जिस पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है। पाकिस्तान और चीन द्वारा बनाए गए तथाकथित सीमा संयुक्त आयोग की पहली बैठक के बाद भारत ने साफ शब्दों में कहा है कि इस आयोग का कोई कानूनी आधार नहीं है और भारतीय भूभाग को लेकर पाकिस्तान को चीन के साथ किसी भी तरह की व्यवस्था करने का कोई अधिकार नहीं है। भारत ने दो टूक कहा है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं तथा कब्जे वाले भारतीय क्षेत्रों को लेकर चीन-पाकिस्तान की कोई भी गतिविधि भारत की संप्रभुता को प्रभावित नहीं कर सकती।

हम आपको बता दें कि इस आयोग की पहली बैठक इस्लामाबाद में हुई। पाकिस्तान ने इसे द्विपक्षीय संबंधों की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए सीमा प्रबंधन, संयुक्त सीमा सर्वेक्षण, व्यापारिक प्रवाह और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की बात कही। बैठक की सह-अध्यक्षता चीन के विदेश मंत्रालय के सीमा एवं महासागरीय मामलों से जुड़े अधिकारी ली या और पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय में चीन मामलों के महानिदेशक बिलाल महमूद चौधरी ने की।

उधर, भारत ने इस पहल को महज दो देशों के बीच सामान्य सीमा सहयोग मानने से साफ इंकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चीन और पाकिस्तान के बीच ऐसी कोई सीमा नहीं है, जिसे भारतीय भूभाग के संदर्भ में दोनों देश मिलकर वैध रूप दे सकें। भारत ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के पूरे केंद्रशासित क्षेत्रों को अपना अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा बताते हुए कहा कि पाकिस्तान को अपने अवैध और बलपूर्वक कब्जे वाले भारतीय क्षेत्रों के बारे में किसी व्यवस्था में प्रवेश करने का अधिकार नहीं है।

देखा जाये तो इस पूरे घटनाक्रम की जड़ 1963 में हुए चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते तक जाती है। उस समझौते के तहत पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी के लगभग 5,180 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को चीन के साथ सीमा निर्धारण की व्यवस्था में शामिल किया था। हालांकि भारत ने इसे कभी मान्यता नहीं दी। भारत सरकार ने संसद में भी स्पष्ट किया है कि वह इस तथाकथित समझौते को अवैध और अमान्य मानती है तथा शक्सगाम घाटी को भारतीय क्षेत्र मानती है।

इसका इतिहास 1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध और तत्कालीन जम्मू-कश्मीर रियासत की स्थिति से जुड़ता है। भारत का आधिकारिक रुख है कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर कब्जा किया और बाद में उसी क्षेत्र से चीन के साथ समझौता किया। इसलिए पाकिस्तान द्वारा उस भूभाग के संबंध में चीन के साथ कोई भी समझौता अपने आप में अधिकारहीन है।

हम आपको बता दें कि शक्सगाम घाटी और कराकोरम केवल मानचित्र पर दिखाई देने वाली दूरस्थ पहाड़ी जमीन नहीं हैं। यह इलाका चीन के शिनच्यांग क्षेत्र, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और लद्दाख के बीच स्थित अत्यंत संवेदनशील पर्वतीय क्षेत्र है। इसी व्यापक भूभाग में चीन-पाकिस्तान संपर्क की महत्वपूर्ण आधारभूत संरचनाएं विकसित हुई हैं। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का एक हिस्सा भी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है, जिस पर भारत लगातार आपत्ति जताता रहा है।

रणनीतिक दृष्टि से इसका महत्व इसलिए और बढ़ जाता है क्योंकि भारत एक साथ पश्चिमी और उत्तरी मोर्चों पर क्षेत्रीय दबाव का सामना करता है। भारत-चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पिछले वर्षों में सैन्य तनाव और तैनाती ने इस चुनौती को और गंभीर बनाया है। 2020 के गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों ने तनाव कम करने की दिशा में कुछ कदम उठाए, लेकिन सीमा विवाद का मूल प्रश्न अभी भी अनसुलझा है।

ऐसे समय में कराकोरम क्षेत्र में चीन और पाकिस्तान द्वारा संयुक्त सीमा तंत्र को सक्रिय करना केवल प्रशासनिक सहयोग के रूप में नहीं देखा जा सकता। इसका संभावित रणनीतिक अर्थ यह है कि दोनों देश उस भूभाग में अपने पारस्परिक समन्वय को संस्थागत रूप देना चाहते हैं, जोकि भारत का है। इससे भविष्य में सड़क, व्यापार, आवागमन, सर्वेक्षण और सीमा प्रबंधन जैसी गतिविधियों को अधिक संगठित आधार मिल सकता है।

उधर, भारत का जवाब संप्रभुता की स्पष्ट रेखा खींचने वाला संदेश है। नई दिल्ली ने साफ कहा है कि चीन-पाकिस्तान की ऐसी कोई भी सीमा-संबंधी कवायद भारतीय संप्रभुता पर कोई प्रभाव नहीं डाल सकती।

# नाराज फूफाओं के अलावा बेफिक्र मामाओं से भी सावधान

**राष्ट्रीय सुरक्षा पर राजनीतिक विमर्श में पारदर्शिता और गोपनीयता के बीच संतुलन की कसौटी हमेशा बनी रहनी चाहिए। विपक्षी दलों पर सरकार के प्रत्येक निर्णय की आलोचना करने, नीतियों की नकारात्मक व्याख्या करने अथवा संदेह पैदा करने के आरोप समय-समय पर सत्ता पक्ष द्वारा लगाये जाते रहे है जिस पर विपक्ष सरकार से सवाल करना लोकतंत्र की अनिवार्य प्रक्रिया का अंग मानकर आरोपों का खण्डन करता रहा है। समस्या विरोध में नहीं बल्कि विरोध के तरीके में खोजी जानी चाहिए।**

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

जल प्रलय के स्थितियों के बाद अब देश में सांकेतिक प्रहारों की बाढ आ गई है। भारतीय राजनीति में रिश्तों के प्रतीकों का प्रयोग नया नहीं है। कभी कोई नेता स्वयं को जनता का सेवक बताता है, तो कोई परिवार के सदस्य की तरह जनता के सुख-दुःख में साथ होने का दावा करता है। इसी श्रंखला में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष के लिए 'नाराज फूफा' शब्द का व्यंग्यात्मक प्रयोग किया। प्रधानमंत्री की टिप्पणी के बाद सत्ताधारी भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी विपक्ष की भूमिका को 'नाराज फूफा' से जोड़ते हुए कहा कि देश की प्रगति के बावजूद विपक्ष हर उपलब्धि में आपत्ति तलाशता है। यह व्यंग्य केवल शब्दों का खेल नहीं है। इसके पीछे भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका को लेकर एक गंभीर बहस छिपी है। लोकतंत्र में सरकार के हर निर्णय पर प्रश्न उठाना विपक्ष का अधिकार तो है लेकिन प्रश्न और पूर्वाग्रह, समीक्षा और विरोध, तथ्य और राजनीतिक व्याख्या के बीच अंतर बनाए रखना भी उसका कर्तव्य है। जब हर सरकारी निर्णय को संदेह की दृष्टि से देखने की प्रवृत्ति बढ़ती है, तब स्वस्थ लोकतांत्रिक निगरानी और राजनीतिक नकारात्मकता के बीच की रेखा धुंधली होने लगती है। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रश्न पर यह अंतर और महत्वपूर्ण हो जाता है। इतिहास गवाह है कि सन् 2025 के ऑपरेशन सिंदूर के बाद विपक्षी दलों ने विशेष संसद सत्र और सरकार से जवाबदेही की मांग करते हुए लगभग 12 विपक्षी दलों ने पहलगाम आतंकवादी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, संघर्षविराम और नियंत्रण रेखा की स्थिति पर संसद में चर्चा का नारा बुलंद किया था। यह मांग लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा तो बन सकती थी किन्तु सैन्य अभियानों की वास्तविक समय की जानकारी, सैनिकों की तैनाती तथा संवेदनशील रणनीतिक विवरण सार्वजनिक करना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बडा जोखिम भी पैदा कर सकता था। ऐसे में 'गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक करो' और 'सरकार से जवाब मांगो' के बीच का अन्तर समझना भी बेहद जरूरी है। संसद में जवाबदेही मांगना लोकतंत्र अधिकार हो सकता है किन्तु सैनिकों की सुरक्षा अथवा भविष्य की कार्रवाई प्रभावित करने वाली जानकारी का सार्वजनिक करना सुरक्षाबलों को अंधे कुंये में धकेलने जैसा ही




होता। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री ने स्वयं लोकसभा में कहा था कि सैन्य नेतृत्व को कार्रवाई के समय, स्थान और तरीके के संबंध में स्वतंत्रता दी गई थी। राष्ट्रीय सुरक्षा पर राजनीतिक विमर्श में पारदर्शिता और गोपनीयता के बीच संतुलन की कसौटी हमेशा बनी रहनी चाहिए। विपक्षी दलों पर सरकार के प्रत्येक निर्णय की आलोचना करने, नीतियों की नकारात्मक व्याख्या करने अथवा संदेह पैदा करने के आरोप समय-समय पर सत्ता पक्ष द्वारा लगाये जाते रहे है जिस पर विपक्ष सरकार से सवाल करना लोकतंत्र की अनिवार्य प्रक्रिया का अंग मानकर आरोपों का खण्डन करता रहा है। समस्या विरोध में नहीं बल्कि विरोध के तरीके में खोजी जानी चाहिए। यदि तथ्य सामने रखकर नीति की कमियां बताई जाएं तो वह लोकतांत्रिक विमर्श को मजबूत करता है लेकिन यदि अधूरी जानकारी, अनुमान अथवा मनगढ़ंत व्याख्याओं से जनमानस में भ्रम पैदा किया जाए, तो उसका नुकसान सरकार से कहीं आगे समाज और संस्थाओं तक पहुंच सकता है।

ऐसे में 'नाराज फूफा' की राजनीति का दूसरा छोर 'बेफिक्र मामा' तक भी पहुंचता है। मध्य प्रदेश की राजनीति में 'मामा' संबोधन भी इसी राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा रहा है। चुनावी राजनीति में जनता को तत्काल राहत देने वाली योजनाएं आकर्षक होती हैं। महिलाओं को प्रत्यक्ष नकद सहायता, मुफ्त वाहन, बिजली, कृषि सहायता अथवा अन्य सुविधाएं देना सामाजिक सुरक्षा का माध्यम हो सकता है, परंतु हर ऐसी योजना का मूल्यांकन उसके दीर्घकालीन वित्तीय प्रभाव के आधार पर भी होना चाहिए। मध्य प्रदेश इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है जहां 'लाड़ली लक्ष्मी' और 'लाड़ली बहना' योजनायें लागू हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना बालिकाओं से संबंधित पुरानी योजना है जबकि महिलाओं को प्रत्यक्ष मासिक सहायता देने वाली मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बाद में लागू की गई। सन् 2026-27 के बजट में लाड़ली बहना योजना के लिए 23,883 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और पंजीकृत महिलाओं की संख्या लगभग 1.25 करोड़ बताई गई है। इसी बजट विश्लेषण के अनुसार राज्य का सन् 2026-27 का राजकोषीय घाटा 71,458 करोड़ रुपये अर्थात जीएसडीपी का 3.9 प्रतिशत अनुमानित है तथा वर्ष के अंत तक बकाया देनदारियां जीएसडीपी के 32.5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। यहां प्रश्न महिलाओं को सहायता देने का विरोध करना नहीं है बल्कि उसकी स्थिरता का है। पीआरएस के राज्य वित्त संबंधी अध्ययन के अनुसार सन् 2025-26 में 12 राज्यों ने महिलाओं को बड़े पैमाने पर बिना शर्त नकद हस्तांतरण वाली योजनाएं लागू कीं। इन पर राज्यों का संयुक्त अनुमानित खर्च 1.68 लाख करोड़ रुपये था जो सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.5 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में भी सन् 2026 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावी छात्राओं के लिए लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत शीघ्र ही मुफ्त स्कूटी वितरण की घोषणा की जो सन् 2022 के विधानसभा चुनाव के वादों में शामिल था। सरकारों को किसी भी मुफ्त सुविधा के साथ खरीद, वितरण, रखरखाव और भविष्य के वित्तीय भार का आकलन भी करना चाहिये। गरीब परिवार की छात्रा की स्कूटी के रखरखाव, परिचालन का भार उसके तंगहाल परिवार के वित्तीय प्रबंधन पर पडेगा। उत्तर प्रदेश का सन् 2026-27 बजट लगभग 8.51 लाख करोड़ रुपये के व्यय और 1.18 लाख करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे का अनुमान रखता है। राज्य की बकाया देनदारियां जीएसडीपी के 23.1 प्रतिशत अनुमानित हैं। इन कल्याणकारी योजनाओं का खर्च उत्पादक निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन की क्षमता को पूरी तरह प्रभावित करता है। देश के लोकतंत्र को न 'नाराज फूफाओं' की जरूरत है और न ऐसे 'बेफिक्र मामाओं' की जो आज की लोकप्रियता के लिए कल के वित्तीय बोझ की चिंता छोड़ दें। विपक्ष का दायित्व है कि वह सरकार से सवाल करे, लेकिन प्रमाण और वैकल्पिक नीति के साथ। सरकार का दायित्व है कि वह जनकल्याण करे लेकिन घोषणाओं के साथ वित्तीय अनुशासन और परिणामों का हिसाब भी दे। राजनीति में विरोध जरूरी है, कल्याण भी जरूरी है मगर उससे भी कहीं अधिक जरूरी है दोनों की मर्यादायें और विवेक।

# प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति की बैठक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समेली (कटिहार)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को पंचायत समिति सदस्यों की सामान्य बैठक आयोजित की गई। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता अनुकंपा कुमारी ने किया। वही उपप्रमुख कंचन देवी,बीडीओ प्रकाश कुमार, अंचलाधिकारी प्रियरंजन कुमार, बीपीआरओ मोहम्मद हाशिम मौके पर उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से जुड़े विकास कार्यों, जनसमस्याओं एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं इस बैठक में पंचायत समिति सदस्य नीतू देवी, बबिता देवी, रेणु देवी, विलास हरि, धनेश्वर मंडल, अमरेंद्र माधव सहित समिति सदस्यों ने प्रखंड क्षेत्र के सभी विभागों के पदाधिकारी से पंचायत समिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए संबंधित अधिकारियों के समक्ष जनहित से जुड़े मुद्दे रखे।जबकि आपूर्ति, आंगनबाड़ी, बाल विकास परियोजना, अंचल, कृषि, बीबी जी राम जी योजना, सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सरकारी योजनाओं, बाढ़ एवं राहत कार्य, 15 वीं एवं षष्ठम वित्त आयोग, सहित अन्य स्थानीय समस्याओं पर चर्चा हुई। पंचायत समिति सदस्य, सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाना आवश्यक है। बैठक में मौजूद अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान पंचायत समिति सदस्यों ने क्षेत्र के विकास और आम लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। मुखिया अनीता देवी, रंजन देवी, राजेश कुमार मंडल, राजीव मंडल, मनीष ठाकुर, अनीता देवी, अक्षय कुमार उर्फ गुड्डू मंडल, सहित मुखिया बैठक में मौजूद थे। प्रखंड कृषि पदाधिकारी भानु भवेश,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विमल प्रसाद, सीडीपीओ कुमारी स्नेहलता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मुकेश कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी कपिलदेव राम,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी दीपक कुमार,जीविका के बीपीएम मुकेश कुमार,प्रखंड उद्यान पदाधिकारी मोहम्मद शादाब कलीम, कनीय अभियंता पंकज कुमार, कुणाल कुमार,मनोहर कुमार सहित पदाधिकारी एवं प्रखंड व अंचल कर्मी मौके पर मौजूद थे।

## हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** शहर के बड़ा बाजार हाट में छह दशक पुराने हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के पावन अवसर पर वैदिक रीति के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन भक्तिमय वातावरण में किया गया। मन्दिर समिति के अध्यक्ष राज कुमार मुरारका ने बताया कि मंदिर का पाठ कर भगवान हनुमान की आराधना की। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक अमित पोद्दार, रवि अग्रवाल और अभिषेक महावर ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे।



परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच पूरे विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। पंडित जयप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में पूजा-अर्चना कराई गई। मंदिर के शुद्धिकरण के बाद बाबा हनुमान को नया चोला पहनाया गया। इसके बाद हवन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति दी। हवन के दौरान पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने जय हनुमान के जयकारे लगाए। जिससे आसपास का वातावरण भी भक्तिमय हो उठा। श्री कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अध्यात्म चेतना मंच की ओर से सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया। श्रद्धालुओं ने एक साथ सुंदरकांड आयोजन में अध्यक्ष राजकुमार मुरारका, सचिव मनोज रुंगटा, कोषाध्यक्ष चंचल सुल्तानिया हनुमान अग्रवाल, पूर्व निगम पार्षद किशन बजाज,पिंटू सुल्तानिया ,राहुल मुरारका ,मनोज बिदासरिया , रणजीत दास, अजय दास, गोपाल, कृष्णा, चेतन और अन्य लोग मंदिर निर्माण में अपना पूरा समय दे रहे हैं। इस मौके पर सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, दुलाल चंद गोस्वामी, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, निगम महापौर उषा देवी अग्रवाल, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, चैंबर अध्यक्ष बिमल सिंह बेगानी, बासुकी यादव, अंकित सिंह, नरेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष श्री मुरारका ने बताया कि लगभग बीस लाख की लगात से हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कर निर्माण कराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### खिड़की से ज्वलनशील पदार्थ फेके जाने से बच्ची झुलसी

**आजमनगर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सालमारी थाना क्षेत्र के हरलगा गांव में देर रात खिड़की से ज्वलनशील पदार्थ फेंके जाने की घटना में एक 12 वर्षीय बच्ची के गंभीर रुप से झुलस जाने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने तत्काल उसे अस्पताल में भर्ती कराया।जहां पीड़िता इलाजरत है।जबकि लोग खिड़की से एसिड फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं। जानकारी के अनुसार हरलगा गांव निवासी अशरफुल हक की 12 वर्षीय पुत्री अपने कमरे में सो रही थी। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा खिड़की से कोई तीव्र ज्वलनशील तरल पदार्थ उसके उपर फेंक दिया। तरल पदार्थ शरीर पर पड़ते ही बच्ची दर्द एवं जलन से चीखने लगी। उसकी चीख सुनकर पिता कमरे में पहुंचे। बच्ची को उठाने के क्रम में बच्ची के शरीर पर लगे पदार्थ के संपर्क में आने से उनका भी हाथ झुलस गया। बच्ची को बारसोई अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां उसका उपचार हो रहा है।स्थानीय लोगो द्वारा बच्ची पर एसिड फेंके जाने की आशंका जताई गयी है। घटना की सूचना मिलते हीं थानाध्यक्ष जूली कुमारी के नेतृत्व में सालमारी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी।वहीं तकनीकी जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले को लेकर हर पहलु पर जांच की जा रही है। घटना की गंभीरता को लेकर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है।टीम द्वारा नमूना लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला में सैंपल की प्रकृति की जांच की जाएगी।जांच रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस अमानवीय कृत्य की लोग भर्त्सना कर रहे हैं।

### सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजयुमो ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में ब्लड बैंक सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में कार्यकताओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाजसेवा और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आम लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद,प्राणपुर विधायक सह महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष निशा सिंह,कोढ़ा विधायक कविता पासवान, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, भाजपा जिला



अध्यक्ष मनोज राय, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंद अधिकारी एवं सौरभ कुमार मालाकार जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौधरी सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी,कार्यकर्ता तथा रक्तदाता उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। दुर्घटना,गंभीर बीमारी, प्रसव के दौरान जटिलता, ऑपरेशन तथा अन्य चिकित्सकीय परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध होना बेहद जरूरी होता है। नियमित स्वैच्छिक रक्तदान से ब्लड बैंक में रक्त की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने में मदद मिलती है और आपात स्थिति में मरीजों को समय पर सहायता मिल सकती है उन्होंने कहा कि, हम सभी सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना के साथ इस सेवा संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुँचाएँ। इस मौके पर रक्तदान करने वालों में भास्कर सिंह,अम्बेश यादव,राकेश चौधरी,विवेक सिंह के साथ कार्यक्रम में महेंद्र झा, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका सिंह, आरती चौधरी, प्रभात मिश्रा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री जंक्शन यादव, अंकित मालाकार एवं भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल रहे।

### महिलाओं ने की मानवीय पहल

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महिला कल्याण समिति कटिहार के सुष्मिता भट्टाचार्य एवं समिति के सभी महिला सदस्य ने बाढ़ पीड़ितों के लिए राशन सामग्री वितरण करने के लिए मनिहारी प्रखण्ड के कुमारीपुर पंचायत में बैरागाछी के आदिवासी क्षेत्र पहुँच कर घर घर जाकर अपने हाथों से सामग्री का वितरण किया। बाढ़ के विकराल रूप से ये गांव पूरी तरह प्रभावित है। इनके घर के चूल्हे और जलावन अभी तक गिले हैं। मात्र तीन दिन के अंदर किया हुआ ये पहल समाज में एक मिशाल कायम किया है। समिति के सदस्यों ने मिलकर अपने अपने मोहल्ले के घरों से राशन सामग्री एकत्रित करके गांव के 100 जरूरतमंद लोगो तक पहुंचाने की मानविक पहल को समाज में एक मिशाल कायम कर दिखाया है। महिलाएं ठान ले तो किसी जरूरतमंद घर की चूल्हा बंद होने नहीं देगी। इस कार्य को सफल बनाने में वार्ड पार्षद निक्कू सिंह,लाला सिंघानिया,प्रदीप भट्टाचार्य, बिक्की,अमृता चटर्जी, जागृति,रिया,मुनमुन,सोमा, ममता, अमला टोला के मोहल्लेवासियो आदि ने अपना सहयोग किया।

### भाई बहन का पर्व कर्म धर्म पूजा का आयोजन

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के वातावरण में भाई-बहन का पर्व कर्म धर्म का पूजा आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के घासी टोला में



रतन ततमा के आवास पर कर्मा धर्मा पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें कुंवारी कन्याएं दरवाजे पर झुर का पेड़ गाड़ कर पूजा अर्चना किए एवं जितेंद्र यादव के द्वारा कर्म धर्म पर्व के कथा कुंवारी कन्याओं को सुनाया एवं पूरे घासी टोला के लोग इस करमा धरमा पर्व को देखने एवं सुनने के लिए आए ।वहीं भाई ने अपनी बहन को घाट पर नाव से तपाया एवं तीर मार कर पूजा का समापन किया। इस अवसर पर विक्रम कुमार ततमा, सानू यादव, सत्यम ततमा, आरती कुमारी, वंशिका कुमारी, हिमांशु राज, नेहा कुमारी, पूजा देवी, संगीता कुमारी, श्वेता भारती, सोनू ततमा, राहुल ततमा, कृष्ण कुमार ततमा, बलराम कुमार ततमा, मंजू देवी, पुष्पा देवी, मनोज यादव, मृदुला देवी, नागेश्वर ततमा, मनीष यादव आदि उपस्थित रहे।

## भजन भिक्षु के जीवन में ज्ञान का बड़ा महत्व : मुनि प्रशांत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** मुनि प्रशांत कुमार जी के सान्निध्य एवं मुनि कुमुद कुमार के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद कटिहार की कर लो दर्शन भिक्षु के, करलो भजन भिक्षु के कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुनि प्रशांत कुमार जी ने कहा कि कार्यक्रम हमारे विकास का माध्यम बनता है। व्यक्ति के जीवन में ज्ञान को विकसित करने के लिए ज्ञान प्राप्ति का लक्ष्य होना जरूरी है। जीवन में ज्ञान का बड़ा महत्व है। इतिहास, दर्शन, तत्व की जानकारी हमें होनी ही चाहिए। ज्ञान को बांटने से बढ़ता है। ज्ञान की प्राप्ति लिए वर्तमान में अनेक साधन है अपेक्षा इस बात की सद ज्ञान को



ग्रहण किया जाए। जैन धर्म, तेरापंथ के इतिहास को समझना भी जरूरी है। ज्ञान विकास का लक्ष्य होने से जानने को मिलता है। अध्ययन, अध्यापन का विकास रहना चाहिए। प्रवचन को ध्यान से सुने उससे बहुत सी जानकारी मिलती है, जीवन शैली में, चिंतन मे एवं व्यवहार में परिवर्तन आता है। मुनि कुमुद कुमार जी नए-नए तरीके से कार्यक्रम करवाकर ज्ञान की वृद्धि करते है।विकसित चेतना के उपरान्त भी व्यक्ति के भीतर में विनम्रता का भाव रहना चाहिए। विनम्र व्यक्ति हर तत्व से हर प्राणी से सीख प्राप्त कर लेता है। श्रावक समाज में ज्ञान का मनोभाव विकसित होता रहे। प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य हमारे ज्ञान में वृद्धि हो। इन प्रश्नों को याद रखें एवं इनकी पुनरावृति करते रहें।कण्ठस्थ ज्ञान बहुत उपयोगी होता है। चातुर्मास में कार्यक्रम, प्रतियोगिता होती रहती है। सभी उत्साह से सहभागी बने एवं अपना आध्यात्मिक विकास करते रहे। मेहनत करते है तो सफलता अवश्य मिलती है। नीरज दुगड़ ने बताया कि - मुनि कुमुद कुमार जी एवं गौरव पटवा ने कार्यक्रम को संचालित करते हुए दो राउण्ड में कार्यक्रम को पूर्ण किया।

## नगर निगम और रेलवे के बीच समझौता पत्र पर बनी सहमति : नगर आयुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** शहर के विकास को गति देने की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण पहल हुई। नगर आयुक्त संतोष कुमार के नेतृत्व में नगर निगम के प्रतिनिधिमंडल ने कटिहार रेलवे मंडल के डीआरएम एवं एडीआरएम, डीएन टु के साथ डीआरएम कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में रेलवे एवं नगर निगम के बीच रेलवे क्षेत्र के 20 चिन्हित स्थलों पर विकास कार्यों के लिए एनओसी प्रदान किए जाने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। वार्ड संख्या 13 के पार्षद दिनेश कुमार पांडेय एवं वार्ड संख्या 14 के पार्षद हर्ष अग्रवाल सहित नगर निगम के एसडीओ विवेक कुमार, प्रधान सहायक परवेज सलीम एवं स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार बैठक में उपस्थित रहे।बैठक के दौरान चिन्हित सभी 20 स्थलों पर नगर निगम द्वारा प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर रेलवे की ओर से आवश्यक सहमति एवं एनओसी की प्रक्रिया पर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में लगभग सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बन गई। निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही नगर निगम के नगर आयुक्त संतोष कुमार एवं रेलवे के डीएन टु के द्वारा समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। समझौता हस्ताक्षर के बाद रेलवे के चिन्हित क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा आवश्यक विकास एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।

## जयमाला शिक्षा निकेतन में इंटर-हाउस क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** विद्यार्थियों में शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ तार्किक क्षमता, सामान्य ज्ञान, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना विकसित करने के उद्देश्य से जयमाला शिक्षा निकेतन में इंटर-हाउस क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ. एसके सुमन ने किया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में स्वामी विवेकानंद हाउस, गांधी हाउस, मदर टेरेसा हाउस एवं कलाम हाउस के बीच पहला मुकाबला आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान चारों हाउस के विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ विभिन्न प्रश्नों



का सामना किया तथा अपनी जानकारी और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी देखने को मिली। अन्य विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने हाउस के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ. एस. के. सुमन ने कहा कि ह्क्विज प्रतियोगिता केवल प्रश्नों के सही उत्तर देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के मस्तिष्क को सक्रिय रखने और उनकी सोचने-समझने की क्षमता को विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम है। ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में त्वरित निर्णय लेने, तार्किक ढंग से सोचने, आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने और टीम के साथ मिलकर कार्य करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों के लिए केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है। उन्हें समसामयिक घटनाओं, विज्ञान, इतिहास, भूगोल, खेल, साहित्य, तकनीक और समाज से जुड़े विषयों की जानकारी भी रखनी चाहिए। क्विज जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों में सीखने की जिज्ञासा को बढ़ाती हैं और उन्हें अपने ज्ञान का विस्तार करने के लिए प्रेरित करती हैं।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्लास्टिक मुक्त कटिहार के लिए जागरूकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम कटिहार की ओर से शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से बुधवार को शहीद चौक पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर उषा देवी अग्रवाल,उप महापौर मंजूर खान, नगर आयुक्त संतोष कुमार, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य प्रमोद महतो, निक्कू सिंह,आलोक वर्मा एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान आमजन एवं दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा



इसके स्थान पर पर्यावरण के अनुकूल कपड़े एवं जूट से बने थैलों का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की गई।नगर निगम के द्वारा अभियान के उपरांत आमजन के बीच कपड़े एवं जूट से बने थैलों का वितरण भी किया गया। ताकि प्लास्टिक के विकल्प के रूप में इनका उपयोग बढ़ाया जा सके।कार्यक्रम के माध्यम से नगर निगम कटिहार ने नागरिकों से स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त शहर के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगर निगम के पदाधिकारियों ने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

## जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के कम राशन देने को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड मुख्यालय मनसाही के सभागार में 20 सूत्री अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं सदस्य की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष बब्बन सिंह ने किया। सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि मनसाही प्रखंड में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के द्वारा कम अनाज सभी लाभुक को दिया जा रहा हैं। कहां की जन वितरण प्रणाली के दुकानदार प्रत्येक लाभुक से पांच किलो अनाज की जगह चार से साढ़े चार किलो ही अनाज दे रहे हैं जबकि सरकार के द्वारा सभी लाभुक को पांच किलो अनाज देना हैं। बीस सूत्री के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य कई गांव- गांव में गए तो लाभुकों ने कहा



कि हम सभी को पांच किलो राशन की जगह चार से साढ़े चार किलो ही राशन जन वितरण प्रणाली के दुकानदार देते हैं। इस बाबत बीस सूत्री के अध्यक्ष बब्बन सिंह, उपाध्यक्ष बलराम पोद्दार, सदस्य अशोक कुमार झा, निरमा देवी, चंद्रशेखर पासवान, अब्दुल तबाब, अमर साह, संजय सिंह, गुरुदेव प्रसाद मंडल, रवि शंकर तिवारी, विनोद कुमार उरांव, रवि कुमार साह ने बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी कटिहार को ज्ञापन सोपा। वहीं इसकी प्रतिलिपि मंत्री अशोक कुमार चौधरी बिहार सरकार, जिला पदाधिकारी कटिहार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनसाही, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनसाही को दी हैं।

## भैंस चराने के लिए गए बालक की पोखर में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फलका (कटिहार)।** थाना क्षेत्र में भैंस चराने के लिए घर से निकले एक बालक बुधवार को बरेटा अमरपुर गांव के समीप एक पोखर में डूबने से मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया । जिस घर में कुछ देर पहले तक बच्चे की चहक सुनाई देती थी। वहां अचानक चीख-पुकार और मातम पसरा हुआ है। मां दीना देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पहचान धमदाहा थाना क्षेत्र के बजराहा दियरा निवासी शैलेन्द्र यादव के पुत्र आनंद कुमार (12) के रूप में हुई है । जानकारी के अनुसार आनंद अपनी नाना बाजो यादव के साथ भैंस चराने के लिए अमरपुर गांव के समीप गया था। इसी दौरान निजी पोखर के समीप पहुंचा और गहरे पानी में चला गया पानी में डूबने के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। काफी प्रयास के बाद बालक को पानी से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी । बताया जाता है कि दो बहनों का इकलौता भाई था आनंद अपने माता-पिता की तीन संतानों में इकलौता पुत्र था। उसकी दो बहनों के बाद छोटा भाई आनंद परिवार का घर का चिराग कहे जाने वाले इस मासूम की अचानक मौत ने पूरे परिवार को झकझोर एवम् तोड़कर रख दिया है। जिस बच्चे के सहारे माता-पिता अपने भविष्य के सपने देख रहे थे। उसकी मौत की खबर ने उन सपनों को पलभर में चकनाचूर कर दिया। घटना के बाद मां दीना देवी बार-बार अपने बेटे को याद कर बिलखती रहीं।

## सात प्रखंडों में किसान गोष्ठी, वैज्ञानिक खेती पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, विभागीय योजनाओं और टिकाऊ खेती की जानकारी देने के उद्देश्य से कृषि विभाग की ओर से जिले के सात प्रखंडोंकुरसेला, कटिहार, कोढ़ा, बरारी, कदवा, बलरामपुर एवं मनिहारी में किसान गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों से सीधा संवाद कर फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य, प्राकृतिक खेती और संतुलित उर्वरक प्रबंधन पर चर्चा की गई। कदवा में जिला कृषि पदाधिकारी ने किया शुभारंभ कदवा में आयोजित किसान गोष्ठी का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, कटिहार राजीव कुमार ने किया।उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करने तथा




स्थानीय एवं प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण, कृषि लागत में कमी और उत्पादकता में वृद्धि टिकाऊ खेती के महत्वपूर्ण आधार हैं। गोष्ठी में प्रखंड कृषि पदाधिकारी,कदवा,प्रखंड कृषि पदाधिकारी बीज विश्लेषण, कटिहार तथा संबंधित कृषि समन्वयक मौजूद रहे। एनपीके के संतुलित प्रयोग की दी जानकारीकटिहार प्रखंड में आयोजित गोष्ठी के दौरान उप परियोजना निदेशक आत्मा शशिकांत झा ने किसानों को फसल की जरूरत के अनुसार नत्रजन , स्फुर और पोटाश के संतुलित प्रयोग की जानकारी दी। सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व और अत्यधिक उर्वरक इस्तेमाल से बढ़ने वाली लागत तथा मिट्टी पर पड़ने वाले संभावित प्रतिकूल प्रभावों के बारे में भी बताया गया।किसानों की समस्याओं का किया तकनीकी समाधान गोष्ठियों में किसानों की समस्याएं और जिज्ञासाएं सुनी गई तथा फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरक प्रबंधन से जुड़े तकनीकी सुझाव दिए गए। साथ ही विभिन्न कृषि योजनाओं की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देकर किसानों को लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। स्वस्थ मिट्टी, संतुलित पोषण और वैज्ञानिक खेती को समृद्ध किसान की मजबूत नींव बताया गया।

**संक्षिप्त समाचार**

## सेबी ने अडानी ग्रुप की 5 कंपनियों के खिलाफ मामला निपटाया

### हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद की थी जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार नियामक सेबी ने अडानी ग्रुप की पांच कंपनियों के खिलाफ नियमों के कथित उल्लंघन से जुड़े मामले को निपटा दिया है। यह कार्रवाई कथित तौर पर संबंधित पक्षों के लेनदेन की जानकारी छिपाने और बिना सही सर्टिफिकेट वाली ऑडिट फर्मों से रिपोर्ट साइन कराने से जुड़ी थी। अडानी ग्रुप की कंपनियों ने



कुल 1.5 करोड़ रुपये का सेटलमेंट शुल्क देकर सेबी के साथ इस मामले को सुलझा लिया है। सेबी के निपटान आदेश के मुताबिक, मामले में ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी टोटल गैस लिमिटेड, एब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड (पूर्व में अडानी विल्मर लिमिटेड), अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (पूर्व में अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड) शामिल हैं।

**सेबी की जांच**

सेबी की पड़ताल अडानी ग्रुप के खिलाफ जारी हिंडनबर्ग रिपोर्ट में उठाए गए आरोपों और कॉरपोरेट संचालन से जुड़े मुद्दों की जांच के तहत की गई थी। इसमें सूचीबद्धता नियमों और तत्कालीन सूचीबद्धता समझौते के संभावित उल्लंघनों की भी जांच की गई थी। जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई थी।

**मामले की निपटान शर्तों के तहत अडानी –** टरप्राइजेज ने 76.05 लाख रुपये और अडानी ग्रीन एनर्जी ने 45.50 लाख रुपये का भुगतान किया। वहीं, अडानी टोटल गैस, एब्ल्यूएल एग्री बिजनेस और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस ने 9.75–9.75 लाख रुपये का भुगतान किया। निपटान आदेश के मुताबिक, कार्यवाही कुछ संबद्ध–पक्ष लेनदेन का खुलासा नहीं करने के आरोपों और वैध पीयर रिव्यू प्रमाणपत्र नहीं रखने वाली ऑडिट फर्मों द्वारा ऑडिट या सीमित समीक्षा रिपोर्ट पर हस्ताक्षर किए जाने से जुड़ी थी।

## अडानी ग्रुप को मिलेगी एयरलाइन शुरू करने की अनुमति!

### सरकार कर रही फायदे और नुकसान पर विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप को एयरलाइन शुरू करने की अनुमति मिल सकती है। सरकार एयरपोर्ट ऑपरेटरों को एयरलाइन चलाने की इजाजत देने के फायदे और नुकसान पर विचार कर रही है। हालांकि अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट 2006 में पीपीपी मॉडल के तहत आए थे। लेकिन नियमों के मुताबिक उनके ऑपरेटर किसी एयरलाइन में 10




प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी नहीं रख सकते। हाल ही में अडानी ग्रुप ने इसमें बदलाव की मांग की थी। टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को कहा, सरकार का मानना है कि भारत में और एयरलाइनों की जरूरत है, क्योंकि यहां कई नए एयरपोर्ट बनने वाले हैं और मांग भी बढ़ रही है। हमारा लक्ष्य है कि देश में कम से कम पांच एयरलाइन हों और हरेक के पास कम से कम 100 विमान हों। इसलिए, अगर कोई एयरलाइन शुरू करना चाहता है, तो सरकार इसका समर्थन करती है। मुद्दा यह है कि कोई एयरपोर्ट (मुंबई और दिल्ली) ऐसा करे।

# सितंबर में आए 70 प्रतिशत आईपीओ ने लिस्टिंग पर दिया अच्छा फायदा




**क्या संकेत दे रहा जीएमपी**

लेकिन इसका लगातार गिरता जीएमपी चिंता की बात है। एनएसई का जीएमपी घटकर लगभग 2 प्रतिशत रह गया है, जो प्राइस बैंड की घोषणा के समय देखे गए लेवल से काफी कम है। इसमें लगातार गिरावट आई है। 1,785 के ऊपरी प्राइस बैंड पर 2 प्रतिशत प्रीमियम के साथ ग्रे मार्केट लिस्टिंग में मामूली फायदे का संकेत मिल रहा है। जानकारों का कहना है कि इन्वेस्टर्स को अपनी उम्मीदों को कंट्रोल में रखना चाहिए।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइमरी मार्केट में पैसा लगाने वाले निवेशकों के लिए सितंबर का महीना शानदार रहा है। इस महीने लिस्ट हुए आईपीओ में से ज्यादातर ने निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। लेकिन असली परीक्षा एनएसई की लिस्टिंग पर होगी। यह देश का इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ है जो करीब छह गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसकी लिस्टिंग 24 सितंबर को होने की संभावना है। एनएसई के ग्रे मार्केट प्रीमियम में तेजी से आई गिरावट को देखते हुई लिस्टिंग के सामान्य रहने की उम्मीद है। इस महीने अब तक लिस्ट हुए 16 आईपीओ में से बहुत कम ने लिस्टिंग के दिन निराश किया है। केवल पांच शेयर अपने इश्यू प्राइस से नीचे लिस्ट हुए, जबकि एक फ्लैट लिस्ट हुआ। बाकी सभी ने लिस्टिंग पर अपने निवेशकों को पॉजिटिव रिटर्न दिया है। लिस्टिंग के बाद की स्थिति और भी बेहतर है। अब सिर्फ 5 कंपनियों के शेयर अपने इश्यू प्राइस के मुकाबले फ्लैट या नेगेटिव हैं।

### किसे हुआ सबसे ज्यादा फायदा

सबसे ज्यादा फायदे में सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन रही। कंपनी का शेयर 429 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले 746 रुपये पर लिस्ट हुआ। यानी लिस्टिंग पर 74 प्रतिशत का फायदा हुआ। अब यह 1,703 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहा है, जो इश्यू प्राइस से 297 प्रतिशत ज्यादा है। इसी तरह ग्लास वॉल सिस्टम्स अपने इश्यू प्राइस से 70 प्रतिशत ऊपर है। आंकड़ों से साफ है कि कमजोर लिस्टिंग का मतलब हमेशा कमजोर रिटर्न नहीं होता। प्रासोल केमिकल्स इश्यू प्राइस से 10 प्रतिशत नीचे लिस्ट हुआ था, लेकिन अब यह अपने आईपीओ प्राइस से 4 प्रतिशत ऊपर है। इसी तरह सिम्बायोटेक फार्मालैब थोड़ी कम कीमत पर लिस्ट हुआ था, लेकिन अब यह इश्यू प्राइस से 13 प्रतिशत ऊपर है। हालांकि लिस्टिंग पर मिला फायदा हमेशा बना नहीं रहा। उदाहरण के लिए प्रणव कंस्ट्रक्शन्स 31 प्रतिशत के फायदे के साथ लिस्ट हुआ था, लेकिन अब यह अपने इश्यू प्राइस से 17 प्रतिशत नीचे है। प्रोजेक्ट्स भी 31 प्रतिशत के फायदे के साथ लिस्ट हुआ था, लेकिन अब यह इश्यू प्राइस से सिर्फ 1 प्रतिशत ऊपर है। इससे पता चलता है कि लिस्टिंग मार्केट ने आईपीओ को अच्छा रिस्पॉन्स दिया है।

सितंबर का रेकॉर्ड एनएसई के लिए काम का तो है, लेकिन पूरी तरह से तुलना करने लायक नहीं है। सितंबर में आए ज्यादा आईपीओ बहुत छोटे थे। एनएसई का आईपीओ 22,561 करोड़ का था। बड़े आईपीओ में लिस्टिंग गेन के लिए इंस्टीट्यूशनल डिमांड काफी ज्यादा होनी चाहिए।

## नई ऊंचाई पर पहुंचा यह पेनी स्टॉक

### कंपनी ने निपटा दिया है 98 प्रतिशत से ज्यादा कर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीसी ज्वैलर के शेयरों में बुधवार को बाजार खुलते ही अच्छी तेजी आई है। ज्वैलरी कंपनी के शेयर बीएसई में इंट्राडे के दौरान 9 पर्सेंट के उछाल के साथ 14.87 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने बुधवार को 52 हफ्ते का नया हाई बनाया है। पीसी ज्वैलर ने मंगलवार को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि इसी महीने कर्ज-मुक्त दर्जा



हासिल करने के अपने लक्ष्य की दिशा में कंपनी ने 1 और बैंक की पूरी उधारी चुका दी है। यह लोन क्लीयर करने के साथ ही कंपनी ने अब 14 कंसोर्शियम बैंकों में से 12 बैंकों का पूरा कर्ज निपटा दिया है। पीसी ज्वैलर ने बताया है कि सभी रिपेमेंट्स तय तारीख से पहले पूरे किए गए हैं।

**बैंकों की 98 प्रतिशत से ज्यादा उधारी चुकाई–** पीसी ज्वैलर लिमिटेड ने बताया है कि इस रिपेमेंट के साथ ही कंपनी ने अब बैंकों का 98 पर्सेंट से ज्यादा बकाया लोन चुका दिया है। कंपनी ने बताया कि वह बैंकों का बचा हुआ 2 पर्सेंट से कम लोन चुकाने की राह पर है और इसी महीने कर्ज-मुक्त दर्जा (डेट-फ्री स्टेटस) हासिल कर लेगी। पीसी ज्वैलर ने बताया कि कर्ज-मुक्त दर्जा हासिल करने के साथ ही उसकी बैलेंस शीट और फाइनेंशियल पोजिशन मजबूत होगी।

**6 महीने से कम में करीब 100 प्रतिशत चढ़े पीसी ज्वैलर के शेयर–** ज्वैलरी कंपनी पीसी ज्वैलर लिमिटेड के शेयर पिछले 6 महीने से कम में करीब 100 पर्सेंट उछल गए हैं। ज्वैलरी कंपनी के शेयर 30 मार्च 2026 को 7.45 रुपये पर थे। यह कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का निचला स्तर है। पीसी ज्वैलर के शेयर 23 सितंबर 2026 को 14.87 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 5 साल में पीसी ज्वैलर के शेयरों में 470 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। अगर 3 साल की बात करें तो कंपनी के शेयर 445 पर्सेंट से अधिक उछले हैं।

### बोनस शेयर भी बांट चुकी है कंपनी

ज्वैलरी कंपनी पीसी ज्वैलर लिमिटेड अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर भी दे चुकी है। कंपनी ने जुलाई 2017 में 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए हैं। यानी, कंपनी ने हर 1 शेयर पर 1 बोनस शेयर बांटा है। कंपनी अपने शेयर का बंटवारा भी कर चुकी है। पीसी ज्वैलर ने दिसंबर 2024 में अपने शेयर को 10 टुकड़ों में बांटा। कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 1–1 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में बांटा।

### रिटायरमेंट के बाद भी है अच्छे रिटर्न की तलाश बेधड़क यहां करें निवेश

## हर महीने 20,500 की कमाई!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटीजन्स) के लिए कई सारी सुविधाएं और योजनाएं हैं। इसके हिसाब से देश के सीनियर सिटीजन्स भी अपनी वित्तीय प्लानिंग करते हैं। कई लोग ऐसे होते हैं जो रिटायरमेंट के बाद भी बचत करते हैं और उन्हें उस पैसे पर अच्छा–खासा सिर्फ ब्याज ही नहीं मिलता, बल्कि कम समय में अच्छा रिटर्न भी मिलता है। अगर आप भी सीनियर सिटीजन हैं या उनके लिए किसी अच्छी बचत योजना की आप तलाश कर रहे हैं तो यह खबर आपके लिए अहम हो सकती है। हम यहां सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम यानी कि वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के बारे में बता रहे हैं। इसके जरिए आप हर महीने 20,500 रुपये की कमाई कर सकते हैं।




**सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम क्या है–** भारत सरकार के द्वारा देश के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम चलाई जाती है, जो एक सुरक्षित बचत योजना है। इसका लाभ लेने के लिए आप अपने नजदीकी डाकघर या अधिकृत बैंक में जा सकते हैं। रिटायरमेंट के बाद यानी कि जब आपकी उम्र 60 साल हो जाएगी तो आप सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम का फायदा उठा सकते हैं।

**सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम के फायदे क्या हैं–** सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम के तहत सरकार जमा राशि पर 8.2 फीसदी का ब्याज देती है। यह ब्याज हर तिमाही मिलता है। मतलब कि एक वित्तीय वर्ष में 4 बार ब्याज मिलता है, जो 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर और 1 जनवरी को आपके खाते में आ जाता है। इस योजना में आप कम से कम 1000 रुपये और अधिकतम 30 लाख रुपये तक का निवेश कर सकते हैं। योजना की विशेषता यह है कि इसमें आपको 80सी के तहत टैक्स छूट का भी लाभ मिलता है। सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम में निवेश करने का समय 5 साल का होता है। हालांकि, आप इसे 3 साल के लिए और बढ़ा सकते हैं। बाकी वैसे आप इस खाता को खोलने की तारीख से 5 साल का समय बीतने के बाद कभी भी बंद कर सकते हैं और अपना ब्याज सहित रिटर्न पा सकते हैं।

# दुनिया भर में पैसा घबराया हुआ है

### सितंबर में टूट गया 30 साल का रेकॉर्ड, 30 मेनबोर्ड इश्यू से जुटाए गए 38,785 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर का महीना मेनबोर्ड आईपीओ के लिए पिछले तीन दशक में सबसे व्यस्त महीना रहा है। इस महीने अब तक 30 इश्यू आए हैं, जो दिसंबर 1996 के बाद से किसी एक महीने में सबसे ज्यादा संख्या है। तब एक महीने में 33 इश्यू आए थे। साथ ही इस महीने फंड जुटाने में भी जबरदस्त तेजी देखी गई है। मेनबोर्ड आईपीओ के जरिए लगभग 38,785 करोड़ जुटाए गए हैं जो पिछले साल अक्टूबर के बाद से किसी एक महीने में जुटाई गई सबसे बड़ी रकम है। पिछले साल अक्तूबर में 10 इश्यू से 45,188 करोड़ जुटाए गए थे।

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने की कुल संख्या में एनएसई के 22,561 करोड़ के आईपीओ का सबसे बड़ा योगदान है। यह इस साल का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ है। साथ ही यह भारत के इतिहास के दूसरा बड़ा आईपीओ है। स्स्ब्ध सेगमेंट




में भी गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। सितंबर में 37 इश्यू लॉन्च किए गए, जो पिछले साल इसी महीने के बाद से सबसे ज्यादा संख्या है। इन इश्यू से लगभग 1,486 करोड़ जुटाए गए, जिससे छोटी कंपनियों को इक्विटी मार्केट तक पहुंच मिली।

- **मौके का फायदा–** प्राइमरी मार्केट में यह तेजी ऐसे समय में आई है जब सेकेंडरी मार्केट में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी, ग्लोबल मॉनेटरी स्थितियों में सख्ती और जियोपॉलिटिकल तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। पिछले हफ्ते कच्चा तेल 108 डॉलर के पार पहुंच गया था। हालांकि पिछले कुछ दिनों में इसमें नरमी आई है। एंजेल वन में रिसर्च हेड, अमर देव सिंह ने कहा, प्राइमरी मार्केट में दिख रहे उत्साह को अलग-थलग करके नहीं देखा जा सकता।

**सोने के भाव 3 दिन में**

# 1,900 गिरे, 2 दिन में चांदी 1,400 चढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दो दिन में MCX यानी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना भाव जहां 3 दिन में 1900 रुपये प्रति 10 ग्राम टूट गया जबकि, चांदी महज दो दिन में ही 1400 रुपये प्रति किलो चढ़ गई। अगर आज सुबह 10:34 बजे की बात करें तो सितंबर 2026 डिलीवरी वाली एमसीएक्स सिल्वर फ्यूचर्स 840 रुपये बढ़कर 2,40,840 रुपये प्रति किलो पर ट्रेड कर रही थी। जबकि, अक्टूबर 2026 डिलीवरी वाला गोल्ड फ्यूचर्स 1,52,756 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। इसमें महज 144 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़त थी।

**सोना-चांदी के अंतरराष्ट्रीय भाव–** अगर इंटरनेशनल लेवल की बात करें तो स्पॉट गोल्ड 0.2 प्रतिशत गिरकर 4,345.99 डॉलर प्रति औंस पर था, जबकि अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स (दिसंबर डिलीवरी) 0.2 प्रतिशत बढ़कर 4,382.70 डॉलर पर पहुंच गया। दूसरी ओर स्पॉट सिल्वर 0.4 प्रतिशत गिरकर 66.78 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।




- **क्यों सोने के रेट में हो रहे इतलने बदलाव–** सोने के रेट में गिरावट के पीछे डॉलर है, जो दो महीने के ऊंचे स्तर के करीब बना हुआ है। इससे अमेरिकी करेंसी में कीमत तय होने वाले सोने-चांदी पर दबाव पड़ रहा है, क्योंकि दूसरी करेंसी रखने वाले खरीदारों के लिए यह और महंगा हो जाता है। ईरान-अमेरिका युद्ध- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर युद्ध खत्म करने का समझौता नहीं हुआ तो वे ईरान को खत्म कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि संयुक्त राष्ट्र में कूटनीतिक कोशिशों के बीच सौदा हो सकता है।

फेडरल रिजर्व के फैसले- फेडरल रिजर्व ने पिछले हफ्ते अपनी बेंचमार्क ब्याज दर 25 आधार अंक बढ़ाकर 3.75 प्रतिशत-4.00 प्रतिशत कर दी और संकेत दिया कि साल खत्म होने से पहले एक और बढ़ोतरी हो सकती है। बैंक ऑफ जापान और यूरोपियन सेंट्रल बैंक ने भी हाल में ब्याज दरें बढ़ाई हैं।

**गोल्ड में ट्रेडिंग कैसे करें**

पृथ्वी फिनमार्ट के मनोज कुमार जैन ने कहा कि एमसीएक्स पर सोने को 1,51,850 से 1,51,100 रुपये पर सपोर्ट और 1,53,650 से 1,54,400 रुपये पर रेजिस्टेंस है। जबकि चांदी को 2,37,700 से 2,35,500 रुपये पर सपोर्ट और 2,41,000 से 2,44,000 रुपये पर रेजिस्टेंस है।

जैन ने सोने को 1,52,500 से1,51,000 रुपये के आसपास खरीदने की सलाह दी है, स्टॉप लॉस 1,49,600 रुपये से नीचे और टारगेट 1,55,000 से 1,56,100 रुपये। चांदी के लिए उन्होंने 2,36,000 से 2,34,000 रुपये के आसपास खरीदने की सलाह दी है, स्टॉप लॉस 2,29,000 रुपये से नीचे और टार्गेट 2,44,000 से 2,47,000 रुपये।

**सिर्फ 2 साल में 12 करोड़ का टर्नओवर**

# जीजा-साले की जोड़ी का कमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीयूष जैन और डॉ. प्रशांत अग्रवाल उदयपुर के रहने वाले हैं। जीजा-साले की इस जोड़ी ने कमाल कर दिया है।

दोनों ने मार्च 2023 में स्किनकेयर ब्रांड स्किनइंस्पायर्ड की नींव रखी। सिर्फ 2 साल में इसने 12 करोड़ रुपये का टर्नओवर हासिल कर लिया। स्टार्टअप ने रिफिलेबल स्किनकेयर मॉडल भी पेश किया। इसने प्लास्टिक की खपत को 80 प्रतिशत तक कम करने में मदद की। आइए, यहां पीयूष जैन और डॉ. प्रशांत अग्रवाल की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



**ऐसे आया आइडिया –** इस सफर की शुरुआत पीयूष जैन और उनके साले डॉ. प्रशांत अग्रवाल के विजन से हुई। पीयूष ने MIT कर्नाटक से इंजीनियरिंग की हुई है। CAT में उनका 99.36 पर्सेंटाइल था। P&G में वह सेल्स एग्जीक्यूटिव थे। वहीं, उनके साले डॉ. प्रशांत अग्रवाल 2007 से प्रैक्टिसिंग डर्मेटोलॉजिस्ट रहे हैं। उन्होंने 1.5 लाख से ज्यादा मरीजों का इलाज किया है। पीयूष ने क्लत में रहते हुए भारतीय बाजार में प्रीमियम स्किनकेयर की बढ़ती मांग को करीब से समझा था। डॉ. प्रशांत ने अपने क्लिनिकल अनुभव में गलत कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स से त्वचा को होने वाले नुकसान को देखा था। दोनों ने महसूस किया कि सिर्फ प्राकृतिक या हर्बल का दावा करने वाले प्रोडक्ट्स अक्सर मार्केटिंग हथकंडे होते हैं। जबकि असली समाधान साइंस और लैबोरेटरी-टेस्टेड डर्मेटोलॉजी में छिपा है।

**यह मॉडल बना यूएसपी –** ब्रांड का सबसे बड़ा यूएसपी इसका रिफिलेबल और ईकोफ्रेंडली पैकेजिंग मॉडल है। ग्राहक को सिर्फ एक बार प्रीमियम आउटर कंटेनर खरीदना होता है। बाद में वह सिर्फ इनर जार (रीफिल) बदल सकता है।

### यूनिलीवर ने लगाया बड़ा दांव

मार्च 2023 में 4 कैटेगरी और 12 स्च्ह्य के साथ शुरुआत करने के तुरंत बाद अगले ही महीने (अप्रैल 2023) यूनिलीवर इंडिया ने कंपनी की क्षमता को पहचानकर 22 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 12 करोड़ रुपये का निवेश किया। अभी 16 प्रोडक्ट्स और 24 SKUs के साथ यह ब्रांड फेस वॉश, मॉइस्चराइजर, सनस्क्रीन और सीरम जैसे बेसिक स्किनकेयर प्रोडक्ट पेश करता है। इनकी कीमतें 449 रुपये से लेकर 1,499 रुपये के बीच हैं।

# बैंकों के पास जरूरत से ज्यादा पैसा

### आरबीआई ने खींच लिए 71971 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के बैंकों के पास इस समय जरूरत से ज्यादा नकदी है। इसे कंट्रोल करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों से 71,971 करोड़ रुपये एक दिन के लिए अपने पास ले लिए हैं। आरबीआई ने इसके लिए 75,000 करोड़ रुपये की नीलामी रखी थी, लेकिन बैंकों ने 71,971 करोड़ रुपये ही उपलब्ध कराए।




**आम आदमी पर क्या असर पड़ेगा–** इसका सीधा मतलब यह नहीं है कि आपके बैंक खाते से पैसा निकल जाएगा। आपके खाते में जमा रकम पर इसका कोई सीधा असर नहीं पड़ता। आरबीआई का कदम मुख्य रूप से बैंकों के बीच मौजूद अतिरिक्त नकदी को नियंत्रित करने से जुड़ा है। बाजार में पैसे की उपलब्धता और ब्याज दरों पर इसका असर पड़ सकता है। इसका अप्रत्यक्ष असर आगे चलकर होम लोन, कार लोन या दूसरे कर्ज की ब्याज दरों पर पड़ सकता है, लेकिन केवल इस एक कदम से ब्याज दरों में तुरंत बदलाव जरूरी नहीं है।

**आखिर आरबीआई ने ऐसा क्यों किया–** इसे ऐसे समझें। अगर बैंकों के पास जरूरत से बहुत ज्यादा पैसा पड़ा रहता है तो वे उसे दूसरे बैंकों को उधार दे सकते हैं। इससे बाजार में कैश की मात्रा बढ़ती है और बहुत कम ब्याज पर पैसा उपलब्ध हो सकता है। आरबीआई अतिरिक्त नकदी को कुछ समय के लिए अपने पास लेकर बाजार में पैसों की मात्रा को संतुलित करता है। इसके लिए VRRR यानी वैरिएबल रेट रिवर्स रेपो जैसी व्यवस्था का इस्तेमाल किया जाता है।

# थम नहीं रहा हाथियों का आतंक, किसान परेशान

**वन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग □ग्रामीणों ने स्थायी समाधान की मांग की**

## हाथियों के झुंड ने खेतों में जमकर उत्पात मचाया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के तमाड़ प्रखंड के राजस्व ग्राम बाडू में बुधवार सुबह अचानक हाथियों का झुंड पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। हाथियों के झुंड ने गांव के आसपास स्थित खेतों में जमकर उत्पात मचाया और कई किसानों की खेतों में लगी फसलों को रौंदकर नष्ट कर दिया। हाथियों के इस उत्पात से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, बुधवार सुबह हाथियों का झुंड अचानक गांव के आसपास खेतों की ओर पहुंच गया। इसके बाद हाथियों ने खेतों में लगी फसलों को रौंदना शुरू कर दिया। काफी देर तक हाथियों का झुंड खेतों के आसपास मौजूद रहा, जिससे ग्रामीणों के बीच भय का माहौल बना रहा। ग्रामीण अपने घरों और खेतों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्हें आशंका है कि हाथियों का झुंड दोबारा गांव की ओर लौट सकता है।

हाथियों के आतंक से प्रभावित किसानों ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन से तत्काल मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर हाथियों की गतिविधियों का जायजा लेने और उन्हें सुरक्षित क्षेत्र की ओर ले जाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों और लोगों के बीच किसी तरह का टकराव न हो, इसके लिए समय रहते जरूरी कदम उठाना बेहद जरूरी है।

किसानों ने वन विभाग से हाथियों द्वारा नष्ट की गई फसलों का स्थलीय निरीक्षण कराने की मांग की है। साथ ही नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने की भी अपील की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के गांव और आसपास के इलाकों में बार-बार पहुंचने से खेती-किसानी प्रभावित हो रही है और लोगों में लगातार भय बना रहता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के गांव की ओर आने की समस्या का स्थायी समाधान निकालने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि हाथियों के लगातार गांव के आसपास पहुंचने से किसानों की फसल बर्बाद होने के साथ जान-माल का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को इस समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है।

# आयुर्वेद जागरूकता रैली से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पाकुड़।** 11वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर बुधवार को आयुष विभाग की ओर से जिले में आयुर्वेद जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य आमजनों को आयुर्वेद के महत्व एवं उपयोगिता के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

रैली का शुभारंभ पाकुड़ प्रखंड स्थित योग भवन से किया गया। रैली वीआईपी रोड होते हुए निर्धारित मार्ग से गुजरी। इस दौरान लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक रहने तथा आयुर्वेद की प्राचीन एवं वैज्ञानिक परंपरा से जुड़ने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जिला आयुष पदाधिकारी डॉ. विपिन चंद्र गुप्ता ने कहा कि आयुर्वेद दिवस के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद की उपयोगिता, महत्व और स्वस्थ जीवनशैली में इसकी भूमिका के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद रोगों की रोकथाम एवं उपचार में सहायक होने के साथ संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने बताया कि आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों, संगोष्ठियों, रैलियों एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों तक आयुर्वेद की उपयोगी जानकारी पहुंचाई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद के महत्व को समझ सकें।

# पुल से टकरायी मैजिक वैन , दो लोगों की मौत

## तीन गंभीर, कई हुए चोटिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गढ़वा। रमना थाना क्षेत्र के परसवान गांव के समीप फोरलेन पर बुधवार पूर्वाह्न करीब पांच बजे स्टेयरिंग फेल होने से मैजिक वैन पुल से टकरा गई। हादसे में वैन सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। मैजिक वैन में कुल 12 लोग सवार थे।

मृतकों की पहचान छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज निवासी हबीबन बीबी ( 30 वर्ष ) और महावीरगंज निवासी राजदेव ( 45 वर्ष ) के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायलों में कोरमा निवासी कलावती देवी ( 35वर्ष), कनकपुर निवासी अनीता देवी ( 40 वर्ष) और चकाई निवासी पूजा गुप्ता ( 30 वर्ष ) शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार सभी लोग छत्तीसगढ़ से बंशीधर नगर में आयोजित डीएक्सएन मिशन की बैठक में शामिल होने आए थे। बैठक समाप्त होने के बाद सभी मैजिक वैन से छत्तीसगढ़ लौट रहे थे। इसी दौरान परसवान गांव के समीप अचानक वैन का स्टेयरिंग फेल हो गया। इससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और वैन अनियंत्रित होकर पुल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। वहीं दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया। पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

**पालीगंज ।** दुल्हिनबाजार प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की कमी का मामला सामने आया है। बुधवार को रामलखन सिंह यादव उच्च विद्यालय, दुल्हिनबाजार में आयोजित प्रखंड के मध्य एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक में विद्यालयों की भूमि, भवन, शिक्षकों की उपलब्धता और शैक्षणिक व्यवस्था की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2016 में उत्क्रमित किए गए प्रखंड के किसी भी उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास अपनी भूमि और स्वतंत्र भवन नहीं है। वहीं अधिकांश विद्यालयों में विज्ञान विषय के शिक्षक भी उपलब्ध नहीं होने की बात सामने आई। बैठक का आयोजन पालीगंज विधायक डॉ. संदीप सौरभ की पहल पर किया गया। इसमें प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे। विद्यालयवार बुनियादी सुविधाओं और शैक्षणिक संसाधनों की समीक्षा के दौरान उत्क्रमित विद्यालयों की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठे।

# विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

## उपायुक्त ने की रक्तदान की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पाकुड़। जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने और आमजनों में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 24 सितंबर को जिले में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में ब्लड बैंक, पाकुड़ सहित सभी प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर लगाए जाएंगे।


जिला प्रशासन के अनुसार सड़क दुर्घटना, थैलेसीमिया, एनीमिया सहित विभिन्न गंभीर स्वास्थ्य परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से रक्तदान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए विशेष पहल की जा रही है।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले के सभी पदाधिकारियों, विभिन्न संस्थाओं, संगठनों एवं आमजनों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण मानवीय कार्य है, जिससे जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है।

उपायुक्त ने स्वस्थ एवं पात्र नागरिकों से आगे बढ़कर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है। ऐसे समय में रक्तदाताओं का सहयोग अमूल्य साबित होता है। उन्होंने जिलेवासियों से ह्यरक्तदान–जीवनदानह्न के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

## पत्नीहंता गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पाकुड़।** महेशपुर थाना क्षेत्र के रद्दीपुर ओपी पुलिस ने बुधवार अहले सुबह पलसा गांव में छापेमारी कर पत्नी की हत्या के मामले में नामजद आरोपित मिलन शेख को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी रद्दीपुर ओपी प्रभारी अजय कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार, मामले को लेकर रद्दीपुर ओपी में थाना कांड संख्या 158/2026, 16 सितंबर के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसमें पलसा गांव निवासी मिलन शेख को नामजद आरोपित बनाया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से आरोपित पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था। ओपी प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पलसा गांव स्थित आरोपित के घर पर छापेमारी की। इसी दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपित का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और पुलिस अभिरक्षा में पाकुड़ जेल भेज दिया गया।

## हर्षोल्लास मनाई गई रामधारी सिंह 'दिनकर' जयंती

**खूंटी।** विश्व बांग्ला हिंदी संगम परिषद के बैनर तले शहीद भगत सिंह चौक पर हिंदी साहित्य के सूर्य, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की आज 118वीं जयंती मनाई गई। विश्व बांग्ला हिंदी संगम परिषद के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार घोष ने कहा कि राष्ट्रकवि का जन्म 23 सितंबर 1908 को बिहार के बेगूसराय जिले के सिमरिया घाट गांव में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। बचपन में पिता का साया उठने के बाद अभावों में पले-बढ़े दिनकर ने अपनी लेखनी में ओज, विद्रोह और राष्ट्रीय चेतना को ऐसा स्वर दिया जिसने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान युवाओं में क्रांति की अलख जगा दी। मुरहू के कवि डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि दिनकरजी केवल कवि नहीं, शब्दों के योद्धा थे। उनकी पंक्तियां - 'हित-वचन नहीं तूने माना, मैत्री का मूल्य न पहचाना, तो ले, मैं भी अब जाता हूं, अंतिम संकल्प सुनाता हूं। याचना नहीं, अब रण होगा' और 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' आज भी जन-जन की जुबान पर है। अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन घोष ने कहा कि दिनकर जी की कालजयी रचनाएं 'रश्मिरथी', 'परशुराम की प्रतीक्षा', 'कुरुक्षेत्र' और 'उर्वशी' हिंदी साहित्य की अमूल्य धरोहर हैं। 'उर्वशी' के लिए उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार और 'संस्कृति के चा अध्याय' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। युवा ध्रुवेन्द्र भास्कर ने कहा कि रामधारी सिंह दिनकर जयंती का उद्देश्य सिर्फ एक कवि को याद करना नहीं, बल्कि उनकी राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक न्याय की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

## सूखे नशे की चपेट में युवा पीढ़ी

दुमका। झारखंड प्रदेश का सबसे पिछड़ा क्षेत्र संताल परगना में अब सूखा नशा यानी ड्रग्स का प्रचलन तेजी से फैलता जा रहा है और इसकी जद में युवा पीढ़ी धंसती जा रही है। अगर शीघ्र ही इस पर नकेल नहीं कसी गई तो संभव है कि ह्यउड़ता पंजाब ह्न की तर्ज पर 'उड़ता संताल' की पटकथा भी लिखी जाए। दरअसल, बीते तीन माह में सिर्फ दुमका जिले के दुमका, रामगढ़, हंसडीहा और जरमुंडी थाना क्षेत्रों से ब्राउन शुगर की अलग-अलग मात्रा की पुड़िया के साथ एक दर्जन से अधिक नशा तस्कर पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, छानबीन में दुमका में ब्राउन शुगर की खेप पश्चिम बंगाल और बिहार से आने की जानकारी मिली है। भरोसेमंद सूत्र बताते हैं कि छोटी-सी ब्राउन शुगर की पुड़िया अब दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़ व साहिबगंज में नशे का बड़ा बाजार बनाने की राह पर है। यह कारोबार पिछले पांच वर्षों में इस इलाके में तेजी से फैला है। खबर तो यह भी है कि दुमका जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ब्राउन शुगर के साथ धराए नशा तस्कर के पांव पुलिसिया कार्रवाई से ज्यादा तेज भाग रहे हैं। दुमका के हंसडीहा, रामगढ़ और जरमुंडी में ब्राउन शुगर की बरामदगी और हुई गिरफ्तारियां आगे की कहानी कह रही हैं। ब्राउन शुगर के साथ हो रही गिरफ्तारियों के बाद अब पुलिस के समक्ष इसकी भी चुनौती है कि इनके आकाओं की गर्दन तक उसका हाथ पहुंचे। ब्राउन शुगर आम चीनी नहीं है, बल्कि भारत में यह नाम आमतौर पर हेरोइन व स्मैक के कम शुद्ध या खराब तरीके से प्रोसेस किए गए रूप के लिए इस्तेमाल होता है।

## तीन माह से पोर्टल बंद, आवेदकों की बढ़ी परेशानी

**रांची।** राज्य में अवैध भवनों को नियमित करने के लिए शुरू की गई भवन नियमितीकरण योजना राजधानी में आवेदकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। योजना के तहत आवेदन तो ले लिए गए, लेकिन प्रक्रिया आगे बढ़ाने वाला आनलाइन पोर्टल करीब तीन माह से बंद है। इसके कारण राज्यभर से प्राप्त 4500 से अधिक आवेदन अलग अलग नगर निकायों में लंबित हैं। आवेदक लगातार नगर निकायों और संबंधित कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें पोर्टल शुरू होने का इंतजार करने को कहा जा रहा है। भवन नियमितीकरण योजना के तहत राज्य सरकार ने अवैध अथवा नियमों के विपरीत बने भवनों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत नियमित करने का अवसर दिया है। इसके लिए लोगों से आवेदन भी लिए गए। आवेदन जमा होने के बाद संबंधित भवन के दस्तावेज और नक्शे की जांच, आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने और नियमितीकरण की कार्रवाई आनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जानी है। पोर्टल बंद होने से पूरी प्रक्रिया ही ठप पड़ गई है।

## करमा पूजा की रही धूम

**दुमका।** लोक आस्था का पर्व करमा हरेक वर्ष भादो महीने के शुक्ल पक्ष के एकादशी को मनाने की परंपरा है लेकिन इसकी शुरूआत पांच दिन पूर्व ही नहाय-खाय विधान से हो जाती है। कहीं-कहीं इस पर्व को सात दिनों तक भी मनाए जाने की परंपरा है। दुमका में मंगलवार को करमा पूजा पूरे विधि-विधान व पारंपरिक तरीके से करम गोसाईं की पूजा-अर्चना की जाएगी। यहां करमा त्योहार भूइयां, घटवाल, घटवार, खेतौरी और पहाड़िया समुदाय के लोग मनाते हैं। करमा झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार और पश्चिम बंगाल के आदिवासी और गैर-आवासी समुदायों द्वारा मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण प्रकृति और भाई-बहन के प्रेम का त्योहार है। खास बात यह कि इस त्योहार को कुंवारी कन्याएं व नई-नवेली महिलाएं ही मनाती हैं। शादी के बाद जिन स्त्रियों से संतान की उत्पत्ति हो जाती है वह करमा पूजन में शामिल नहीं होती हैं। करमा पूजन करने वाली कुंवारी लड़कियों को करमतीन कहा जाता है।

# सात दिनों में लावारिस बसें हटाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कांटाटोली खादगढ़ा बस टर्मिनल में अब व्यवस्था को लेकर रांची नगर निगम ने सख्ती शुरू कर दी है। टर्मिनल में लंबे समय से खड़ी लावारिस और अनुपयोगी बसों को सात दिनों के भीतर हटाना होगा।

तय समय में बसें नहीं हटाने पर निगम एमवीआइ से उनका मूल्यांकन कराकर नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई करेगा। बुधवार को रांची नगर निगम के अपर नगर आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में टर्मिनल परिसर में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में सबसे अहम निर्देश पूर्व संवेदक को लेकर रहा। उसे टर्मिनल से संबंधित सभी दस्तावेज, अभिलेख और अन्य विवरण 24 सितंबर तक निगम को सौंपने का आदेश दिया गया है। वहीं बस एसोसिएशन से भी टर्मिनल से परिचालित सभी बसों की सूची, समय-सारणी और प्रवेश-निकास से जुड़ी जानकारी मांगी गई है। बैठक से अपर नगर आयुक्त ने पूरे टर्मिनल परिसर का निरीक्षण भी किया।बस टर्मिनल की बंदोबस्ती प्रक्रिया पूरी होने तक टोल शुल्क की वसूली निगम अपने स्तर से करेगा। इसके लिए निगमकर्मियों की दो पालियों में ड्यूटी लगाई जाएगी। पहली पाली सुबह चार बजे से दोपहर एक बजे और दूसरी पाली दोपहर एक बजे से रात 10 बजे तक रहेगी।

राजस्व निरीक्षक, लेखा सहायक, स्वच्छता निरीक्षक और परिसंपत्ति अधीक्षक शुल्क वसूली का काम संभालेंगे। खास बात यह है कि प्रवर्तन दल और होमगार्ड को शुल्क वसूली से पूरी तरह अलग रखा गया है। इनकी जिम्मेदारी बसों के प्रवेश-निकास, परिचालन और टर्मिनल की निगरानी तक सीमित रहेगी।

यात्रियों की सुविधाओं पर भी नजर

बैठक के बाद अपर नगर आयुक्त ने टर्मिनल का स्थल निरीक्षण किया। अग्निशमन विभाग से समन्वय कर परिसर में अग्निशमन उपकरण और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। यात्रियों को अटल क्लीनिक की जानकारी आसानी से मिल सके।

## विकास को गति देने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम ।** अब तक नगर निगम में अधिकांश बजट नाली-सड़क और गली निर्माण जैसी बुनियादी कार्यों पर खर्च होता रहा है। लेकिन अब अर्बन चैलेंज फंड से ऐसी परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो नगर निगम के दीर्घकालिक राजस्व का स्त्रोत बन सकें और शहर के आर्थिक क्षमता को मजूबत करें। ऐसी योजनाओं से नगर निगम का आय बढ़ने के साथ-साथ शहर के लोगों को रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इस मिशन के तहत शहर की खूबसूरती बढ़ाने के साथ-साथ ऐसे प्रोजेक्ट तैयार होंगे। जिससे निकाय को लंबे समय तक राजस्व मिलें। इसके तहत महानगरों के तर्ज पर बड़े मल्टीप्लेक्स, व्यवसायिक काम्पलेक्स, पार्क और अन्य आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। मिशन के तहत परियोजनाओं के लिए 25 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार,25 प्रतिशत राज्य सरकार वहन करेगी,जबकि शेष 50 प्रतिशत राशि नगर निकाय ऋण, बांड और अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से स्वंय जुटाने होंगे। गोला बाजार में बनेगा मल्टी काम्पलेक्स और नए बस स्टैंड के पास विकसित होगा।

# सिंगारसी एयर फोर्स स्टेशन में स्वास्थ्य जांच शिविर व रेबीज जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पाकुड़।** सिंगारसी एयर फोर्स स्टेशन में सिविल सर्जन डॉ. पीके संथालिया के निर्देशन में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं विश्व रेबीज दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमड़ापाड़ा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. खालिद अहमद, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवम कुमार एवं जिला डेटा प्रबंधक-एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम प्रताप कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को रेबीज से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि कुत्ते अथवा किसी संक्रमित पशु के काटने पर घाव को तत्काल साबुन और बहते पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए तथा समय पर रेबीज रोधी टीका लगवाना आवश्यक है। प्राथमिक उपचार के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य जांच शिविर में टीबी की जांच, मलेरिया की जांच, गैर-संचारी रोगों की जांच सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के बाद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श एवं जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य रेबीज की रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना, स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श उपलब्ध कराना तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान एयर फोर्स स्टेशन परिसर स्थित अस्पताल का भ्रमण एवं निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई।

# दंपत्ति पर हाथी का हमला

## पति की मौत, पत्नी जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के गांवों में हाथियों ने आतंक मचा रखा है। झुंड से कई हाथी बिछड़ गए हैं और गांवों में घुसकर जान-माल की हानि कर रहे हैं।

झुंड से बिछड़े एक हाथी ने करीब 10 बजे एक दंपती पर हमला किया, जिसमें दृष्टिबाधित मंगरा मांझी की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी बड़की देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल बड़की देवी को प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल गिरिडीह से बेहतर इलाज के लिए धनबाद भेजा गया है। वहीं हाथी ने इसके बाद उदयपुर गांव में भी एक महिला पर हमला कर उसे घायल कर दिया, जिनका इलाज गिरिडीह में चल रहा है।

परिजनों के अनुसार मंगरा मांझी दृष्टिबाधित थे। मंगलवार की रात करीब 10 बजे वह करमा अखाड़ा के लिए पत्नी बड़की देवी के साथ घर से निकले थे और मंझलाडीह जा रहे थे। इसी दौरान गांव के पास हाथी ने दोनों पर हमला कर दिया।

घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मंगरा मांझी को मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई। सहायक वन संरक्षक के निर्देश पर विभागीय कर्मियों ने देर रात मृतक के परिजनों से मुलाकात कर ?50,000 की अग्रिम मुआवजा राशि प्रदान की। वन विभाग के अनुसार, शेष ?4 लाख की राशि निर्धारित प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज व सत्यापन पूरा होने के बाद दी जाएगी।

वहीं मृतक के आश्रित के नाम पर 5 लाख बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट किए जाएंगे। इसके अलावा घायल बड़की देवी के इलाज एवं सहायता को लेकर भी विभागीय स्तर से कार्रवाई की जा रही है।



इधर, भारती चलकरी पंचायत के उदयपुर गांव में बुधवार की सुबह हाथी ने कुंती देवी पर हमला कर दिया। हमले में वह घायल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र में लगातार हाथियों की आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि हाथियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर उनके करीब न जाएं और उन्हें घेरने या भगाने का प्रयास न करें। किसी भी स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचित करें और विशेषकर रात के समय अकेले घर से बाहर निकलने से बचें।

## मिलावटी सामग्री की बिक्री धड़ल्ले से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नवादा। जिले में खाद्य सामग्री में मिलावट का कारोबार खुलेआम चल रहा है। सरसों तेल से लेकर आटा, दाल, मसाला, पनीर, खोवा और मिठाइयों तक में मिलावट कर व्यापारी मालामाल हो रहे हैं। मिलावटी सामान खाने से लोगों की सेहत प्रभावित होती है। एक तरह से आमलोगों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है। त्योहार का समय आते ही मिलावटी सामानों की बिक्री और बढ़ गई है। इनकी जांच-पड़ताल होना जरूरी है। शहर समेत ग्रामीण इलाके के बाजारों में किराना समेत जेनरल स्टोर, मिल में खुलेआम मिलावटी सामानों की बिक्री हो रही है। वहीं ग्राहक जानकारी के अभाव में मिलावटी सामानों की खरीदारी करने में जुटे हैं।

जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाके के बाजार में सबसे ज्यादा मिलावट सरसों तेल में हो रही है। महंगे सरसों तेल में सस्ता पाम आयल मिलाकर, केमिकल रंग डालकर बेचा जा रहा है। किराना दुकानों में हल्दी में पीला रंग, धनिया पाउडर में लकड़ी का बुरादा और मिर्च पाउडर में ईंट का चूरा मिलाने की शिकायतें आम हैं।

# मुरहू के आध्यात्मिक योगी मनु साव का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

खूंटी। मुरहू प्रखंड के प्रसिद्ध आध्यात्मिक योगी और राम मंदिर आंदोलन के कारसेवक मनु साव का निधन बुधवार की भोर में सदर अस्पताल खूंटी में हो गया। वे डायबिटीज के मरीज हो गये थे।उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे मुरहू सहित खूंटी जिले में शोक की लहर दौड़ गई। मनु साव लंबे समय से पूजा पाठ और अध्यात्म से जुड़े थे। स्थानीय मां नकटी देवी सोनपुर गढ़ तोरपा, महादेव टोला, ग्यारह महादेव बम्हनी,गांडू शरमाली बुरजू मोड़ सहित कई मंदिरों के प्रचार प्रसार में इनका महत्वपूर्ण योगदान है।सादा जीवन, उच्च विचार के प्रतीक मनु साव ने अपना पूरा जीवन धर्म, समाज सेवा और अध्यात्म के प्रचार में समर्पित कर दिया था।मनु साव अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन के दौरान कारसेवा में सक्रिय रूप से शामिल रहे थे। उस समय की उनकी निष्ठा और समर्पण को आज भी क्षेत्र के लोग याद करते हैं। वे अक्सर युवाओं को सनातन संस्कृति, योग और राम नाम की महिमा के बारे में बताते थे।समाजसेवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी के अनुसार, मनु साव का निवास स्थान हमेशा भक्तों और जिज्ञासुओं से भरा रहता था। उनके जाने से मुरहू में आध्यात्मिक सूनापन आ गया है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है।लोस उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, उप प्रमुख अरुण साबू, मुखिया ज्योति डोडराय, विश्व बांग्ला हिंदी संगम परिषद के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार घोष,अर्जुन साव,रामा साव, सुरेश प्रसाद हरिद्वार ठाकुर रामहरि साव सुबोध कुमार, संजय सत्संगी, सूरजमल प्रसाद, बिहारी साव अधिवक्ता राखोहरि चौधरी सहित क्षेत्र के सामाजिक, धार्मिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि - वे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक युग थे। उनका जाना धर्म और अध्यात्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

संक्षिप्त समाचार

## रोशिबिना देवी क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

### एशियन गेम्स में लगातार तीसरा वुशु मेडल पक्का

**नागोया** । भारत की रोशिबिना देवी ने महिलाओं के 60 किग्रा वुशु क्वार्टर फाइनल में मकाऊ, चीन की चू मैन सिन को 5-0 से शिकस्त दी। मंगलवार को आइची प्रीफेक्चरल मार्शल आर्ट्स हॉल में इस जीत के साथ रोशिबिना ने एशियन गेम्स में अपना तीसरा मेडल सुनिश्चित कर लिया है। 2018 और 2022 एशियन गेम्स की मेडलिस्ट रोशिबिना ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना तीसरा



कॉन्टिनेंटल मेडल पक्का कर लिया है। उन्होंने प्वाइंट्स के अंतर से मैच 5-0 से अपने नाम करते हुए बुधवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाई। रोशिबिना ने इससे पहले सोमवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश की शिखा खातून को मात देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। मौजूदा एशियन गेम्स में वुशु में भारत का यह पहला पक्का मेडल है। रोशिबिना एशियन गेम्स 2023 में सिल्वर मेडलिस्ट रह चुकी हैं, जब वह सांडा 60 किग्रा कैटेगरी में दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने 2018 जकार्ता खेलों में भी इसी वेट कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उनके अलावा, भारत के आर्यन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं, जो अब मेडल के लिए मुकाबला करेंगे। आर्यन ने पुरुषों के 56 किग्रा प्री-क्वार्टर फाइनल में अफगानिस्तान के साफी शहजादा को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### नेपाली मुक्केबाज को 5-0 से हराकर

## जदुमणि सिंह प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**निशियो** । एशियन गेम्स 2026 में मंगलवार को भारतीय मुक्केबाज जदुमणि सिंह ने पुरुषों के 55 किग्रा प्रिलिमिनरी राउंड में नेपाल के चंद्र बहादुर थापा को शिकस्त दी। इसी के साथ जदुमणि ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के सिल्वर मेडलिस्ट ने यह बाउट निशियो जिम्नेजियम में जीती। जदुमणि ने शानदार मुकाबला करते हुए थापा पर 5-0 से सर्वसम्मत जीत हासिल की। ??जदुमणि ने मौजूदा वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट के खिलाफ धीमी



शुरुआत की, लेकिन मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा और तीनों राउंड में सटीक पंच से जजों को प्रभावित किया। शुरुआती दो राउंड जीतने के बाद जदुमणि ने अपना दबदबा बनाए रखा और तीसरे राउंड में एक लेफ्ट हुक लगाया, जिससे थापा को 'स्टैंडिंग काउंट' का सामना करना पड़ा। भारतीय बॉक्सर ने तीसरा राउंड भी जीता और तीन 30-27 और दो 29-28 स्कोरकार्ड के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया।

जदुमणि अब शनिवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के बॉक्सर कार्लो पालाम से भिड़ेंगे, जो 2020 टोक्यो ओलंपिक गेम्स के सिल्वर मेडलिस्ट हैं।




एशियन गेम्स
वेटलिफ्टिंग

# खत्म हुआ 28 साल का सूखा

**नागोया** । एशियन गेम्स 2026 में भारत की स्टार महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने अपना पहला सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। मीराबाई ने 28 साल का सूखा खत्म करते हुए देश को वेटलिफ्टिंग में 1998 के बाद पहला एशियन गेम्स मेडल दिलाया है। 49 किलोग्राम वर्ग में मीराबाई ने कुल 198 किलोग्राम का भार उठाते हुए एशियन गेम्स में अपना पहला मेडल जीता। पिछले एशियन गेम्स में वह मेडल लाने से चूक गई थीं और चौथे स्थान पर रही थीं। स्नैच राउंड के अपने पहले प्रयास में मीराबाई ने 83 किलो का वजन उठाया। इसके बाद दूसरे प्रयास में वह 85 किलो का भार उठाने में कामयाब रहीं। तीसरे प्रयास में मीराबाई ने 87 किलो वजन उठाया। क्लीन एंड जर्क राउंड में भी मीराबाई का प्रदर्शन शानदार रहा। मीराबाई ने क्लीन एंड जर्क राउंड के पहले प्रयास में 107 किलो का भार उठाया। वहीं, दूसरी कोशिश में वह 111 किलो का वजन उठाने में सफल रहीं। वहीं, नॉर्थ कोरिया की खिलाड़ी री सोंग-गम ने गोल्ड मेडल को अपने नाम किया। साल 1998 में कर्णम मल्लेश्वरी ने भारत के लिए वेटलिफ्टिंग में आखिरी मेडल जीता था। इसके बाद से कोई भी खिलाड़ी एशियन गेम्स में देश के लिए मेडल नहीं ला सका था। हालांकि, मीराबाई का गोल्ड मेडल जीतने का सपना साकार नहीं हो सका। मीराबाई चानू ने एशियन गेम्स में अपने मेडल का सूखा भी खत्म कर दिया है।



साल 2014 में वह 9वें स्थान पर रही थीं। वहीं, जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में मीराबाई चोट के चलते हिस्सा नहीं ले सकी थीं। हांगझोऊ में हुए एशियन गेम्स में मीराबाई ने 49 किलोग्राम वर्ग में हिस्सा लिया था, लेकिन वह चौथे स्थान पर रही थीं और मेडल लाने से चूक गई थीं।

## महिलाओं के बाद भारतीय पुरुष स्कीट टीम का कमाल, ब्रॉन्ज मेडल पर जमाया कब्जा

**नागोया** । एशियन गेम्स 2026 में महिलाओं के बाद भारतीय पुरुष स्कीट टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। भवतेघ सिंह गिल, अनंतजीत सिंह नारुका और मैराज अहमद खान की तिकड़ी ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम किया है। भारतीय स्कीट टीम ने फाइनल में कुल 346 का स्कोर करते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। कुवैत ने 348 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया, जबकि कतर की टीम 353



स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीतने में सफल रही। अनंतजीत ने इस स्पर्धा के व्यक्तिगत फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। इससे पहले भारत की महिला स्कीट टीम ने भी देश को इसी स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। परिनाज धालीवाल, रजिया ढिल्लों और माहेश्वरी चौहान ने कुल 331 का स्कोर करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले, शूटिंग में भारत की उम्मीदों को उस समय करारा झटका लगा, जब मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत इवेंट में मेडल लाने से चूक गईं। मनु 181.1 के स्कोर के साथ फाइनल मुकाबले में पांचवें स्थान पर रहीं। मनु अपने प्रदर्शन से खुद निराश नजर आईं। इसके साथ ही 10 मीटर एयर पिस्टल के टीम इवेंट में भी मनु, ईशा और सुरुचि की तिकड़ी मेडल जीतने से मामूली अंतर से चूक गई। भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही।

# जय मीणा ने रचा इतिहास

### सॉफ्ट टेनिस में भारत को दिलाया पहला ब्रॉन्ज मेडल

**नागोया** । एशियन गेम्स 2026 में जय मीणा ने इतिहास रच दिया है। उन्होने पुरुषों के सॉफ्ट टेनिस में भारत के लिए पहला मेडल जीता है। हालांकि, सेमीफाइनल में उन्हें जापान के ताकुया कुरोसाका से 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में हार के बावजूद वह ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम करने में सफल रहे हैं। मीणा ने क्वार्टर फाइनल में शेरविन नुगुइट के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए एशियन गेम्स में सॉफ्ट टेनिस में भारत का पहला मेडल पक्का किया था। उस मैच में वे आखिरी गेम में पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर वापसी करते हुए लगातार चार प्वाइंट जीते और क्वार्टर फाइनल 4-3 से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां वे कुरोसाका से हार गए और ऐतिहासिक ब्रॉन्ज मेडल के साथ अपना सफर खत्म किया। सॉफ्ट टेनिस में मीणा का सफर एक दिलचस्प संयोग से शुरू हुआ। शुरुआत में उनकी रुचि क्रिकेट में थी और वे क्रिकेटर बनना चाहते थे।



मगर जब उन्होंने देवास के पायनियर पब्लिक स्कूल में दाखिला लिया, तो वहां बने सॉफ्ट टेनिस कोर्ट ने उनका ध्यान खींचा। पहले वे खिलाड़ियों को खेलते हुए देखते थे और बाद में बॉल बॉय के रूप में मदद करने लगे।



धीरे-धीरे उनकी दिलचस्पी सॉफ्ट टेनिस में बढ़ी और उन्होंने खुद यह खेल खेलना शुरू कर दिया। स्कूल और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं से शुरुआत करने के बाद वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे।

### भारतीय महिला कबड्डी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी

# ईरान को 37-23 से हराया



**नागोया** । एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला कबड्डी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय टीम ने कड़े मुकाबले में ईरान को 37-23 से हराते हुए टूर्नामेंट की अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

भारत और ईरान के बीच पहले हाफ में खासतौर पर कांटे की टक्कर देखने को मिली। ईरान ने मुकाबले में शुरुआती बढ़त बनाई। 10-6 के स्कोर पर भारतीय टीम ऑलआउट होने की दहलीज पर थी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी पूजा ने बेहतरीन रेड करते हुए दो प्वाइंट अर्जित किए। पूजा की यह रेड मैच का टर्निंग प्वाइंट साबित हुई और इसके बाद भारतीय टीम ने जबरदस्त वापसी की। जल्द ही भारतीय टीम ने स्कोर को 11-11 से बराबर कर दिया। हाफ टाइम का अंत होने तक भारत ने 19-15 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में भारतीय टीम ईरान के डिफेंस पर पूरी तरह से हावी नजर आई। हालांकि, ईरान के रेडर ऐनाज जोब्रान की तीन प्वाइंट की सुपर रेड ने टीम को मैच में वापस लाने का काम किया।

दबाव में भारतीय डिफेंस और रेडर्स ने कमाल का संयम दिखाया।

## व्यक्तिगत इवेंट में मेडल लाने से चूकीं राइजा ढिल्लों और परिनाज धालीवाल

**नागोया** । एशियन गेम्स 2026 में महिला स्कीट टीम स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालीं भारतीय शूटर राइजा ढिल्लों और परिनाज धालीवाल व्यक्तिगत स्पर्धा में देश के लिए मेडल लाने से चूक गईं। राइजा चौथे स्थान पर रहीं जबकि परिनाज ने



आठवां स्थान हासिल किया। तीन दिनों के क्वालिफिकेशन राउंड के बाद राइजा और परिनाज ने 125 में से 111 शॉट लगाकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर रहीं। हालांकि भारतीय जोड़ी फाइनल में कोई खास असर नहीं दिखा पाई और नतीजतन व्यक्तिगत इवेंट से खाली हाथ लौटीं। टीम इवेंट में परिनाज, राइजा और माहेश्वरी ने क्वालिफिकेशन में कुल 331 का स्कोर किया और पोडियम पर तीसरा स्थान हासिल किया।

# भारत की उम्मीदों को लगा करारा झटका

### मेडल से चूकीं मनु भाकर, फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं

**नागोया** । दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट शूटर मनु भाकर को एशियन गेम्स में निराशा हाथ लगी है। वह महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत इवेंट में पोडियम तक नहीं पहुंच सकीं और बुधवार को फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं। वहीं, साउथ कोरिया की गाउन चू ने 246.3 के स्कोर के साथ एशियाई रिकॉर्ड और गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता।

चीन की यियाओ शेन (241.3) और रैनक्सिन जियांग (221.6) ने क्रमशः सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पोडियम पर अपनी जगह बनाई। मनु क्वालिफिकेशन राउंड में 579 के स्कोर (जिसमें 20 'इनर 10' शामिल थे) के साथ तीसरे स्थान पर रहकर व्यक्तिगत फाइनल में पहुंची थीं। आठ महिलाओं के फाइनल में उन्होंने 181.1 का स्कोर किया। टीम मेडल से बहुत कम अंतर से चूकने के बाद, महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भारत को कोई मेडल



नहीं मिला। अब मनु अपना ध्यान 25 मीटर पिस्टल इवेंट पर लगाएंगी, जहां वह ईशा और 2018 एशियन गेम्स की चैंपियन राही सरनोबत के साथ शामिल होंगी।

### महिला टीम क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में हारीं पीवी सिंधु

# जापान ने बनाई 1-0 की बढ़त

**इचिनोमिया सिटी** । भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को मंगलवार को एशियन गेम्स 2026 के महिला टीम क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में जापान की अकाने यामागुची के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

यह मुकाबला इचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में खेला गया, जहां यामागुची ने सिंधु को हराकर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पहला गेम टाई-ब्रेक में जीतने के बाद सिंधु तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन




यामागुची से 21-23, 21-18, 21-11 से हार गईं, जिससे जापान को क्वार्टर फाइनल में 1-0 की बढ़त मिल गई। उन्नति हुड्डा दूसरे मुकाबले में टोमोका मियाजाकी के खिलाफ भारत के लिए स्कोर बराबर करने की कोशिश करेंगी। इस मैच से पहले, दोनों खिलाड़ी 30 बार आमने-सामने हो चुकी थीं, जिसमें सिंधु 16 जीत के साथ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में आगे थीं। मंगलवार की हार के बाद दोनों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 16-15 हो गया है, जो अभी भी सिंधु के पक्ष में है।

सिंधु ने 6-10 के अंतर को पाटते हुए अच्छा खेल दिखाया और स्कोर 12-12 तक पहुंचाया। इसके बाद 15-18 से पिछड़ने के बाद वापसी की और एक गेम प्वाइंट बचाकर पहला गेम 23-21 से जीता।

## साक्षी ने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता विलेगास को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**निशियो** । कॉमनवेल्थ गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता साक्षी चौधरी ने मंगलवार को एशियन गेम्स 2026 के शुरुआती राउंड में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता विनर आइरा विलेगास को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

चौधरी ने निशियो जिमनैजियम में अपने एशियन गेम्स डेब्यू में शानदार परफॉर्मेंस देते हुए फिलिपिनो बॉक्सर को 5-0 के एकमत फैसले से हराया। उन्होंने 10-9 के स्कोर के साथ तीनों राउंड एकमत से जीते और दोनों में से बेहतर बॉक्सर थीं। उनके सटीक पंच पेरिस की कांस्य पदक विजेता के लिए संभालना मुश्किल था।

कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट अब प्री-क्वार्टर में पहुंच गई हैं। गुरुवार को उनका मुकाबला मौजूदा 51 किग्रा वर्ल्ड चैंपियन



अलुआ बाल्किबेकोवा से होगा।

साक्षी पहले से ही एक मशहूर बॉक्सर हैं और उन्होंने इस खेल की कुछ बड़ी मुक्केबाजों को हराया है। उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल्स में दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निकहत जरीन और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा को हराया। उन्होंने ट्रायल्स के सेमीफाइनल में निकहत को हराया, जबकि फाइनल में चैंपियन हुड्डा को हराया।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में साक्षी ने फाइनल में इंग्लैंड की रूबी व्हाइट को 5-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। एक सफल कॉमनवेल्थ के बाद, साक्षी ने एशियाड पर अपनी नजरें टिकाए रखीं।

साक्षी ने कहा था, 'कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है।

## समाचार सार

### ट्रक की चपेट में आने से दुकानदार की मौत, चालक फरार

**छतरपुर, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छतरपुर थाना क्षेत्र के एनएच-139 स्थित महारानी पेट्रोल पंप के पास बुधवार को ट्रक की चपेट में आने से 50 वर्षीय विनोद साव की मौत हो गई। बताया जाता है कि ट्रक को पीछे करने के दौरान वह उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस फरार ट्रक व चालक की पहचान में जुटी है। मृतक सुनार मोहल्ला निवासी थे और ठेला पर चना बेचकर जीविकोपार्जन करते थे। घटना से परिजनों में मातम है।

### भाजपा विधायक से मुलाकात का वीडियो वायरल, झामुमो गढ़वा जिलाध्यक्ष निलंबित

**गढ़वा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गढ़वा में भाजपा विधायक से मुलाकात और बातचीत का वीडियो वायरल होने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गढ़वा जिलाध्यक्ष शंभू राम को जांच पूरी होने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने 23 सितंबर को कार्यालय आदेश जारी कर यह कार्रवाई की। मामले की जांच के लिए पार्टी ने पांच सदस्यीय कमेटी गठित की है।

### लोहंडा के पास अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**सिकंदरा/जमुई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध बालू खनन एवं परिवहन के खिलाफ सिकंदरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लोहंडा गांव के समीप से बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है। पुलिस की कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि दोनों ट्रैक्टरों को अवैध रूप से बालू परिवहन के मामले में जब्त किया गया है। जब्त वाहनों के संबंध में आवश्यक जांच की जा रही है। मामले में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### सड़क लूट के दो आरोपित गिरफ्तार, निशानदेही पर सामान बरामद

**सिकंदरा/जमुई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिकंदरा थाना पुलिस ने कांड संख्या 252/26 में फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर सड़क लूट की घटनाओं का उद्भेदन करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जखड़ा गांव निवासी नीतीश कुमार पे दयानंद यादव और धीरज कुमार पे छोटू यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर लूट में छीना गया सामान, बैग व कपड़े बरामद किए हैं। वादी ने बरामद सामान और दोनों आरोपितों की पहचान भी की है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पूछताछ में दोनों के पोहे-जखड़ा पथ पर सड़क लूट की घटनाओं में संलिप्त रहने की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व इन दोनों आरोपितों ने अन्य साथियों के साथ पोहे गांव निवासी सेवानिवृत्त आर्मी जवान संजीत कुमार सिंह की स्कार्पियो को पथराव कर रोकने का प्रयास किया था। इस घटना में वाहन के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए थे। पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### कोयल नदी में डूबकर मरे युवकों के परिजनों से मिले पलामू एसपी, दिया आर्थिक सहयोग



**मेदिनीनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू एसपी कपिल चौधरी बुधवार को चैनपुर के बोकेया पतरिया खुर्द गांव पहुंचे। उन्होंने कोयल नदी में डूबकर जान गंवाने वाले युवकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। एसपी ने अपने स्तर से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। इसके बाद उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और पुलिस अधिकारियों को घटना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सड़क हादसे में बस एजेंट की मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम

**मेदिनीनगर, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव निवासी 60 वर्षीय सत्यनारायण सिंह की मंगलवार रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह मेदिनीनगर प्राइवेट बस स्टैंड में टिकट एजेंट का काम करते थे। बताया जाता है कि रात में बस से सिंगरा गांव के पास उतरने के बाद अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल सत्यनारायण को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के विरोध में बुधवार सुबह परिजनों ने सिंगरा पेट्रोल पंप के पास सड़क जाम कर दिया। इससे आवागमन प्रभावित रहा और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

### तिरिल लावेद में फंदे से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**रांची/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा थाना क्षेत्र के तिरिल लावेद में बुधवार को पवन सिंह नामक युवक का शव फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जानकारी जुटा रही है।

# भाकपा का धरना-प्रदर्शन, जन समस्याओं को ले सौंपा मांग-पत्र

## सिंचाई, बिजली, सड़क, जलजमाव, मनरेगा और किसानों की समस्याओं के समाधान की उठी मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता अलीगंज/जमुई।** केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों तथा अलीगंज प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की ओर से बुधवार को अलीगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा के जिला सचिव कामरेड सुनील सिंह ने किया। इससे पूर्व सोनखार रोड के समीप बड़ी संख्या में मजदूर, किसान एवं पार्टी समर्थक एकत्रित हुए और जुलूस की शक्ल में अलीगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे। यहां कार्यकताओं ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर जोरदार तरीके से अपनी मांगें रखीं।धरना-प्रदर्शन के दौरान भाकपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने कहा कि क्षेत्र में किसान, मजदूर और गरीब परिवार लंबे समय से कई बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने, बिजली की अनियमित आपूर्ति, सड़क एवं जलजमाव जैसी समस्याओं के कारण आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने की मांग की। धरना समाप्त होने के बाद भाकपा की ओर से विभिन्न मांगों से संबंधित मांग-पत्र प्रशासन को सौंपा गया। मांग-पत्र में अलीगंज प्रखंड क्षेत्र में सिंचाई की स्थायी व्यवस्था करने, बिजली आपूर्ति में सुधार करने, किसानों की समस्याओं का समाधान करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने की मांग प्रमुखता से की गई।किसानों के लिए सिंचाई और बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग

भाकपा नेताओं ने कहा कि अलीगंज क्षेत्र की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है। पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को खेती करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कई स्थानों पर सिंचाई के साधनों की कमी के कारण किसान निजी साधनों पर निर्भर हैं। वहीं बिजली की अनियमित आपूर्ति से भी कृषि कार्य प्रभावित होता है। प्रदर्शनकारियों ने सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने तथा किसानों के लिए नियमित एवं पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने की मांग की।

**भूमिहीन गरीबों को जमीन देने की मांग**

मांग-पत्र में भूमिहीन एवं गरीब परिवारों को पांच डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। भाकपा नेताओं ने कहा कि गरीब परिवारों को आवास एवं जीवन-यापन के लिए भूमि उपलब्ध कराना आवश्यक है। इसके साथ ही गरीबों के घर तथा फुटकर दुकानदारों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग उठाई गई, ताकि छोटे दुकानदारों एवं गरीब परिवारों की आजीविका प्रभावित न हो।

**राशन कार्ड से हटाए गए नाम जोड़ने की मांग**

धरना में राशन कार्ड से नाम काटे जाने का मुद्दा भी उठाया गया। पार्टी नेताओं ने मांग की कि जिन जरूरतमंद लाभुकों के नाम राशन कार्ड से हटा दिए गए हैं, उनके नाम की जांच कर दोबारा राशन कार्ड में जोड़े जाने की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

**जमीन संबंधी मामलों में पारदर्शिता की मांग**

भाकपा की ओर से सर्वे, परिमार्जन एवं जमाबंदी से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता लाने की मांग की गई। नेताओं ने कहा कि दाखिल-खारिज, जमीन की रसीद कटाने, जमाबंदी सुधार एवं अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए आम लोगों को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। जमीन से जुड़े मामलों की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की मांग की गई।

**मनरेगा मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने की मांग**

धरना के दौरान मनरेगा योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा मनरेगा मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार का एक महत्वपूर्ण साधन मनरेगा है। ऐसे में योजना के तहत अधिक से अधिक जरूरतमंद मजदूरों को काम उपलब्ध कराया जाए और मजदूरी का भुगतान समय पर किया जाए।

**जलजमाव और नल-जल योजना का मुद्दा भी उठा**

भाकपा कार्यकताओं ने गंगटी गांव की गलियों में जलजमाव की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। उनका कहना था कि जलजमाव के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है और गंदगी के कारण अन्य समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। इसके अलावा नल-जल योजना में सुधार कर लोगों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई।

**किसानों के कर्ज और भू-लगान से राहत की मांग**

प्रदर्शनकारियों ने किसानों को कर्ज एवं भू-लगान से राहत देने की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि कृषि लागत बढ़ने के कारण किसानों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में किसानों को राहत देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

**महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का मुद्दा**

धरना-प्रदर्शन के दौरान महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग भी की गई। भाकपा नेताओं ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचना चाहिए और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। उन्होंने शौचालय निर्माण कार्य में सुधार, बिजली व्यवस्था में पारदर्शिता तथा क्षेत्र की अन्य बुनियादी समस्याओं का समाधान कराने की मांग भी रखी। भाकपा नेताओं ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर पार्टी लगातार आवाज उठाती रही है।

# नतिनी से बदसलूकी पर भड़के 81 वर्षीय नाना, टांगी से वार कर दामाद की हत्या



**छतरपुर, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छत्तरपुर थाना क्षेत्र के बभण्डी गांव में गांधी भुइयां (40) की धारदार हथियार से हत्या के मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त उसके ससुर जगदेव भुइयां (81) को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी भी बरामद कर जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, गांधी भुइयां शराब के नशे में अक्सर अपनी पत्नी निर्मला देवी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट करता था। इससे परेशान होकर निर्मला करीब 2-3 माह पूर्व मायके चली गई थी। 20 सितंबर को गांधी नशे की हालत में अपने ससुर और परिवार के अन्य सदस्यों के सामने अपनी नतिनी के साथ मारपीट व बदसलूकी करने लगा। इसी दौरान आक्रोशित जगदेव ने टांगी से वार कर उसकी हत्या कर दी। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ छतरपुर के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए 22 सितंबर को जगदेव भुइयां को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके स्वीकारोक्ति बयान और निशानदेही के आधार पर टांगी बरामद की। कार्रवाई में थाना प्रभारी सौरभ चौबे, पु.अ.नि. धनंजय गोप एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

### एमएलसी बना तो हर स्नातक को दिलाऊंगा 5 लाख का ब्याज मुक्त ऋण : रजनीश

**जमुई, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित रावणेश्वर भवन के सभागार में कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र बिहार विधान परिषद चुनाव 2026 को लेकर आयोजित जिला स्तरीय स्नातक मतदाता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर उपस्थित जन सुराज समर्थित उम्मीदवार डॉ रजनीश रंजन ने नमस्ते जमुई कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया`जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि नमस्ते जमुई के कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से लगभग हजारों की संख्या में स्नातक मतदाताओं ने संवाद कार्यक्रम में भाग लिया `इस मौके पर मौजूद जन सुराज समर्थित उम्मीदवार एवं शिक्षा शास्त्री डॉ रजनीश रंजन ने जिले के उपस्थित सभी स्नातक मतदाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले में पहली बार स्नातक मतदाताओं के बीच देश की आजादी के 74 वर्षो के बाद संवाद कार्यक्रम किया जा रहा है।

# भरतपुर गांव के समीप सड़क की हालत जर्जर बारिश और घरों के पानी के बहाव से बढ़ी परेशानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता सोनो/जमुई।** खपरिया से पैरामटियाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर भरतपुर गांव के समीप सड़क की स्थिति इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन जाने और पानी के लगातार बहाव के कारण राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, बारिश के साथ-साथ आसपास के कई घरों का पानी भी इसी मार्ग पर बहता है। लगातार पानी के बहाव के कारण सड़क धीरे-धीरे टूटती जा रही है और कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। इससे दोपहिया और पैदल चलने वाले लोगों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर पानी और कीचड़ जमा रहने के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों के कपड़े भी खराब हो जाते हैं। अच्छे कपड़े पहनकर आने-जाने वाले लोगों पर वाहनों के गुजरने से कीचड़ के छींटे पड़ जाते हैं, जिससे उन्हें काफी असुविधा होती है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति के बावजूद अब तक जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने तथा पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

# जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ शिकायत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता गिद्धौर /जमुई।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गंगरा पंचायत के बरदघटा गांव निवासी सावित्री देवी पति दिलीप यादव ने गिद्धौर थाना में लिखित आवेदन में उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि बलपूर्वक नाजायज कब्जा जमीन पर कर रहा है मौज गंगरा के खाता संख्या 122 खेसरा संख्या 1471 रखवा साड़े सात डिसमिल जमीन मेरे हिस्से की जमीन है जिस पर गुड़िया देवी पति राजू यादव ने जबरदस्ती बलपूर्वक घर बनाना चाहता है जो गलत है। गुड़िया देवी पति राजू यादव ने खाता संख्या 122 खसरा संख्या 1470 रकवा सांडे तीन डिसमिल जमीन खरीदी है। गुड़िया देवी का हक और अधिकार केवल खेसरा संख्या 1470 पर बनता है परंतु चार डेसिमल पर कब्जा करना चाहती है। आधा डिसमिल जमीन खसरा 1471 में कब्जा कर रही है। जो मेरे हिस्से की जमीन है मेरे जमीन को कब्जा करने से रोका जाए वही कल 22/92026 को समय संध्या 5:00 बजे गुड़िया देवी उम्र 32 वर्ष पति राजू यादव उम्र 37 वर्ष, पिता लक्ष्मी यादव गौरी यादव उम्र 56 पिता कालेश्वर यादव, मेलो देवी उम्र 50 पति गौरी यादव, संजू देवी उम्र 33 पति मुकेश यादव, विनोद यादव उम्र 40 वर्ष पिता लक्ष्मी यादव ,राजेंद्र यादव उम्र 58 वर्ष पिता स्वर्गीय गुटर यादव, मुनिता देवी उम्र 21 वर्ष पिता दीपू यादव, प्रीति कुमारी उम्र 19 वर्ष पिता दीपू यादव, संगीता देवी उम्र 28 वर्ष पिता गौरी यादव, मनीता देवी उम्र 21 वर्ष पिता गौरी यादव, नीरज कुमार उम्र 18 वर्ष पिता दीपू यादव, सभी गंगरा टोला बरदघट्टा थाना की गिद्धौर जिला जमुई ने लाठी डंडे से लेस होकर घर में घुसकर मुझे राजू यादव और उसकी पत्नी गुड़िया देवी ने मारपीट करने लगे राजू यादव ने लाठी से मेरे गुप्तांग पर मारा है। मुझे बचाने मेरी बेटी आई उसे भी सभी ने मिलकर मारा और मेरे छप्पर पर सभी मिलकर ढीला पत्थर चलाने लगा मैं मां बेटी डर के मारे घर के अंदर घुसकर दरवाजा को बंद कर लिया गांव वाले ने हल्ला सुनकर दौड़ा और हम लोगों को जान मारने से बचाए मुझे भय है कि उपरोक्त सभी विपक्षी गण और जान मारने की कोशिश करेंगे मैं सरकारी अस्पताल में इलाज कराई जिसका एक प्रति भी हम आवेदन में संकलन कर रहे हैं मेरे आवेदन पर उचित जांच कर जमीनी हकीकत पर देखा जाए नहीं तो आगे खून खराबा हो सकता है वही गिद्धौर थाना अध्यक्ष राशि मलिक ने बताया है कि आवेदन मिला है जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# नमस्ते जमुई-चौहत्तर साल के इतिहास में पहली बार स्नातक मतदाताओं के बीच संवाद- मनीषा




**नवबिहार टाइम्स जमुई।** नमस्ते जमुई कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के जिला स्तरीय मतदाता संवाद कार्यक्रम का जिला मुख्यालय के रावणेश्वर भवन के सभा कक्ष में आयोजित किया गया `इस मौके पर उपस्थित संवाद कार्यक्रम को रेडियो ईन वेस्ट की महानिदेशका सह भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय की सीनेट सदस्या मनीषा रंजन सह जन सुराज समर्थित उम्मीदवार डॉ रजनीश रंजन की धर्मपत्नी कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र बिहार विधान परिषद चुनाव 2026 के संवाद कार्यक्रम को लेकर जमुई पहुची और उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय स्नातक मतदाता संवाद कार्यक्रम भारत देश की आजादी के 74 वर्षों के बाद पहली बार नमस्ते जमुई संवाद कार्यक्रम के माध्यम से स्नातक मतदाताओं से सीधे संवाद कार्यक्रम किया जा रहा है जो अनूठी पहल होगी`श्री मनीषा रंजन ने आगे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि जिले भर के विभिन्न प्रखंडों से लगभग हजारों स्नातक मतदाताओं ने संवाद कार्यक्रम में भाग लिया. जिले में पहली बार स्नातक मतदाताओं के बीच आयोजित संवाद कार्यक्रम में मंच पर पहुंची हू`उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से स्नातक मतदाता संवाद कार्यक्रम से मतदाता प्रफुल्लित हैं इससे प्रतीत होता है कि मतदाताओं में काफी निराशा थी` सीनेट सदस्या श्री रंजन ने कहा कि विगत 13 वर्षों से हमारे कोशी स्नातक मतदाताओं को अपनी संसाधन जनप्रतिनिधियों द्वारा जो अपेक्षा का दंश झेलना पड़ा है अब हमारे स्नातक मतदाता को दंश झेलना नहीं पड़ेगा और अब वह समय नही आयेगा`वहीं जन सुराज समर्थित उम्मीदवार बिहार विधान पारिषद कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार डॉ रजनीश रंजन के बारे में हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आपलोग डॉ रजनीश रंजन जो शिक्षा शास्त्री भी हैं और आपके जन सुराज समर्थित उम्मीदवार भी को आपार बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लें और इन्हें विजयी बनाएँ और तभी मतदाताओं ने गर्म जोशी के साथ फुल मालाओं से स्वागत व अभिनंदन कियो इस अवसर पर जमुई के सभी प्रखंडों से आये सम्मानित स्नातक मतदाता,अभिभावकों जन सुराज के नेता व कार्यकताओं के साथ साथ टीम रजनीश रंजन के लोगों का अपार स्नेह और आशीर्वाद मिला`उन्होंने ने कहा कि यदि कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सम्मानित मतदाताओं के आशिर्वाद से इनको आप लोगों ने एलसी बना या तो मतदाताओं के आंकाक्षाओं के अनुरूप अपने निम्न सात निश्चय को प्राथमिकता के साथ लागू करवाने के लिए सदन से सड़क तक स्नातक मतदाताओं के हक व अधिकार हेतु उनके आवाज से मुखर होकर बुलंद करने का काम करेंगे. उन्होंने स्नातक मतदाताओं के हक व अधिकार को लेकर अपने सात निश्चय के तहत पहली प्राथमिकता बेरोजगार युवाओं कों स्वरोजगार हेतु ब्याज रहित 5 लाख रुपए अनुदान ऋण का प्रावधान को प्रमुखता से लागु करवाने पर विशेष जोर दिया. इसके अलावे अपने सात निश्चय के तहत एक पाठ्यक्रम एक वेतनमान को लागू कराते हुए वित्त रहित कलंक को समाप्त करने की बात कही. तीसरे निश्चय में सभी स्नातकों के हेतु जीवन सुरक्षा विमा लागू करने को अपनी प्राथमिकता बताया. चौथे निश्चय के तहत सभी कोटि के शिक्षकों अधिवक्ताओं, पत्रकारों, संविदा कर्मियों एवं बेरोजगार स्नातकों को स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कैश लेस इलाज की व्यवस्था देने की मांग को अपना मुद्दा बताया. पांचवें निश्चय के तहत श्री रजनीश रंजन ने सभी कोटि के वकालत खानों के आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण एवं अधिवक्ताओं हेतु हेल्थ वेलेंस सेंटर की स्थापना को अपना चुनावी मुद्दा बताया. छठे निश्चय के तहत जिला मुख्यालय में सुसज्जित पुस्तकालय के संरचना को सुदृढ़ कराने के साथ साथ जिला अनुमंडल तथा प्रखंड स्तर पर पुस्तकालय एवं ई लाईब्रेरी की स्थापना को उन्होंने अपनी प्राथमिकता गिनाया . अपने सातवें निश्चय में बेरोजगार स्नातकों हेतु मासिक भते को लागू करना अपना चुनावी निश्चय को गिनाया. उन्होंने कहा यदि स्नातक मतदाताओं के आशिर्वाद से एम एलसी बना तो पुरे राज्य में भर्ती की प्रक्रिया को लेकर एकेडमिक कैलेंडर जारी करवाने की दिशा में उनका प्रयास होगा . कहा प्रशांत किशोर जी ने घोषणा किया है कि चुनाव जितने के बाद चौदह हजार स्नातक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा.आयोजित संवाद कार्यक्रम में मतदाताओं के तिखे सवालों के बौछार को बहुत बारिकी एवं धैर्य पूर्वक रजनीश रंजन ने जबाव दिया।

# नारी अदालत के सशक्त कदम से महिलाओं को मिला न्याय और अधिकार




**जमुई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को जिले के दौलतपुर स्थित सामुदायिक भवन में महिला एवं बाल विकास निगम अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा नारी अदालत सह सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में दौलतपुर की मुखिया सह नारी अदालत अध्यक्ष रानी देवी की गरिमामयी उपस्थिति में नारी अदालत की भूमिका, उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीण महिलाओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर पर न्याय सखियों के बीच ड्रेस का वितरण भी किया गया।उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि नारी अदालत महिलाओं से जुड़े पारिवारिक एवं सामाजिक विवादों के समाधान में संवाद, आपसी समझ एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सहयोग प्रदान करने का महत्वपूर्ण मंच है। इसके माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने तथा उपलब्ध सहायता एवं सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं ग्रामीण समुदाय को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महिला एवं बालिका हितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित संबल एवं सामर्थ्य से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर (सखी), शक्ति सदन, सखी निवास एवं कामकाजी महिला आवास सहित महिलाओं एवं बालिकाओं के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्रता एवं संबंधित सेवाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक मुकेश कुमार, मनो-सामाजिक परामर्शदाता शालू सिन्हा एवं वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ विकाश कुमार नारी अदालत के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# 28 से 30 सितंबर तक बैंकों में लटके रहेंगे ताले




**जमुई/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैंक कर्मचारी सप्ताह में पांच दिनी बैंकिंग व्यवस्था लागू करने समेत कई हितकारी मांगों के समर्थन में तीन दिनों के देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (वऋ्इव) के मुताबिक देशभर के बैंक कर्मचारी 28 , 29 और 30 सितंबर को हड़ताल पर रहेंगे। ऐसे में बैंकिंग सेवाओं पर इसका असर देखने को मिल सकता है। हड़ताल को लेकर 22 सितंबर को इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (क्इअ) और वित्त मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज (उन्न्ह) के साथ यूनियनों की सुलह वार्ता हुई थी। लेकिन बातचीत बेनतीजा रहा। इसके बाद वऋ्इव ने हड़ताल को जारी रखने का फैसला किया है। बैंक यूनियनों की प्रमुख मांग सप्ताह में 05 दिन बैंकिंग व्यवस्था लागू करने की है। यूनियनों का कहना है कि मार्च 2024 के बाइलेटरल वेज रिवीजन एग्रीमेंट में 05 डे वर्किंग पर सहमति बन चुकी थी और इस पर हस्ताक्षर भी हुए थे , लेकिन इसे अब तक लागू नहीं किया गया है। इससे पहले 11 सितंबर को भी यूनियनों ने एक दिन की हड़ताल की थी।

मांगें पूरी नहीं होने पर 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी भी दी गई है। बैंक यूनियनों की हड़ताल 28 , 29 और 30 सितंबर (सोमवार से बुधवार) को प्रस्तावित है। इससे ठीक पहले 26 सितंबर को महीने का चौथा शनिवार और 27 सितंबर को रविवार की छुट्टी है। ऐसे में अगर हड़ताल होती है , तो लगातार 05 दिनों तक बैंक शाखाओं में कामकाज ठप पड़ सकता है। उधर भारतीय स्टेट बैंक जमुई के मुख्य प्रबंधक सौरभ कुमार ने ग्राहकों से आग्रह किया है कि वे अतिरिक्त परेशानी से बचने के लिए निर्धारित तिथि के पूर्व अपना जरूरी काम निपटा लें। पंजाब नेशनल बैंक समेत अन्य बैंकों ने भी ग्राहकों के लिए एडवायजरी जारी किया है। हड़ताल के चलते चेक क्लीयरेंस , कैश डिपॉजिट और फिजिकल डॉक्यूमेंटेशन आदि से जुड़े कामों में देरी हो सकती है।

# नाबालिग छात्राओं के साथ अमानवीय व्यवहार पर कांग्रेस का आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता झाझा/जमुई।** बुधवार को प्रखंड कांग्रेस कार्यालय झाझा में नाबालिग स्कूली छात्रों के साथ हुई कथित बदसलूकी की घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं की अहम बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उदयशंकर झा ने की। इस दौरान कार्यकताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता जताई।बैठक में सुभाष कुमार, अरुण सिंह, संजय चंद्रवंशी, योगेंद्र सिंह, सन्नी हरी, एजाज अंसारी, जय सिंह, मुकेश चौधरी समेत अन्य कार्यकताओं ने घटना पर रोष व्यक्त किया। उदयशंकर झा ने कहा कि जिले और राज्य में छेड़खानी समेत आपराधिक घटनाओं की लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने में सरकार और प्रशासन विफल साबित हो रहे हैं।आगे उन्होंने कहा कि घटना के बाद सत्ताधारी दल के नेताओं की ओर से अलग-अलग बयान देकर मामले को हल्का करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रखंड अध्यक्ष ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मामले को गंभीरता से उठाए जाने के बाद घटना को व्यापक स्तर पर चर्चा मिली। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सुरक्षा संबंधी बयान पर भी सवाल उठाया।

उन्होंने कहा कि यदि घटना का वीडियो पुलिस के संज्ञान में नहीं आता तो आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई में और देरी हो सकती थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज में नाबालिगों और महिलाओं से जुड़ी ऐसी घटनाओं पर पुलिस को स्वतः संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

# आयुर्वेद दिवस पर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला आयुष समिति की ओर से बुधवार को शिबू सोरेन स्मृति भवन सभागार में 11वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि बीमारी के उपचार के साथ उसकी रोकथाम पर भी ध्यान देना जरूरी है। इस वर्ष की थीम 'आयुर्वेद फॉर अ हेल्दियर टुमारो' है, जो निवारक स्वास्थ्य देखभाल और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को रेखांकित करती है। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित योग-व्यायाम, पर्याप्त नींद और अनुशासित दिनचर्या अपनाने की अपील की। प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन ने कहा कि आयुष चिकित्सा को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए वैज्ञानिक शोध और प्रमाण आधारित चिकित्सा को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने आयुष और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के बीच समन्वय पर जोर दिया। सिविल सर्जन डॉ. एबी प्रसाद ने योग, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने की बात कही। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिव शंकर पाण्डेय ने कहा कि आयुर्वेद का मूल उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और रोगी के विकारों का शमन करना है। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक पूनम तिवारी ने सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगाभ्यास एवं ध्यान कराया। मौके पर उप निदेशक पीआरडी रवि कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत आयुष विभाग के चिकित्सक, पैरामेडिक्स एवं अन्य उपस्थित थे।

## राजभाषा पखवाड़ा पर रेल कर्मचारियों के लिए क्विज प्रतियोगिता

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजभाषा पखवाड़ा के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित मैथिलीशरण गुप्त हिंदी पुस्तकालय में रेल कर्मचारियों के लिए राजभाषा क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मंडल के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने दो-दो की जोड़ी बनाकर हिस्सा लिया। कुल 40 प्रतिभागियों ने प्रश्नोत्तरी में भाग लेकर हिंदी भाषा और राजभाषा से जुड़े सवालों के जवाब दिए। प्रतियोगिता का संचालन एवं मूल्यांकन निर्णायक मंडल के रूप में मंडल कार्मिक अधिकारी राज कुमार सिंह और सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता अजीत कुमार आजाद ने किया। प्रतियोगिता के माध्यम से कर्मचारियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि और राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रतियोगिता के विजेता कर्मचारियों को 30 सितंबर 2026 को आयोजित पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# करम डाली की छांव में किशोरियों ने लिया बाल विवाह मुक्त समाज का संकल्प



**कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड के पारंपरिक लोकपर्व करम महोत्सव पर इस बार कसमार प्रखंड में आस्था के साथ-साथ एक अनूठी सामाजिक क्रांति की तस्वीर देखने को मिली। पर्व के माहौल के बीच विभिन्न गांवों की किशोरियों ने करम डाली को साक्षी मानकर समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को हमेशा के लिए उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। सहयोगिनी बोकारो के तत्वावधान में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत कसमार प्रखंड के खैराचातर, हिसीम, केदला,सोनपुरा, पोंडा, गरी , पिरगुल समेत विभिन्न क्षेत्रों में करम पर्व पर विशेष उत्साह और जागरूकता नजर आई। सभी जगहों पर किशोरी मंडली की सदस्यों ने आगे आकर समाज को एक मजबूत और सकारात्मक संदेश दिया। इस दौरान सोनपुरा, केदला, खैराचातर और पिरगुल के करम अखाड़ा परिसरों में सैकड़ों किशोरियों ने एक स्वर में शपथ ली कि वे न तो खुद बाल विवाह करेंगी और न ही अपने समाज में इसे होने देंगी। पर्व के अंतिम दिन बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल संरक्षण और बच्चों के कानूनी अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां किशोरियों व ग्रामीण महिलाओं के साथ साझा की गई। सहयोगिणी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के बचपन और उनके सुनहरे भविष्य के सभी अवसरों को छीन लेता है। करम जैसे सांस्कृतिक पर्वों के माध्यम से समुदाय को जागरूक करना एक बेहद प्रभावशाली कदम है, जिससे समाज में व्यापक बदलाव आ रहा है। समारोह को सफल बनाने में सहयोगिनी बोकारो के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ संबंधित गांवों की किशोरी क्लब की सदस्य और ग्रामीण महिलाएं में मंजू देवी, कुमारी किरण, सूर्यमणि देवी, अंजली कुमारी, स्वाति प्रजापति, पायल कुमारी, संजना कुमारी आदि शामिल हुईं।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों की आवाज सरकार व संगठन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का रहेगा प्रयास : अर्जुन सिंह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवपदस्थापित भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह का बुधवार को बोकारो इस्पात नगर स्थित सिटी सेंटर में भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके आम शुभचिंतकों ने प्रदेश अध्यक्ष बनने पर श्री सिंह को बधाई दी। इस दौरान समर्थकों ने उन्हें मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वागत कार्यक्रम में अर्जुन सिंह ने सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी और मोर्चा के वरीय नेताओं ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि किसान देश की आर्थिक रीढ़ हैं और किसानों के हितों की रक्षा तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्राथमिकता के साथ काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा को मजबूत बनाने के साथ-साथ किसानों की आवाज को संगठन और सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का प्रयास रहेगा। किसानों को कृषि से जुड़ी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ दिलाने तथा उनकी समस्याओं को सामने लाने के लिए भी लगातार प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक एवं शुभचिंतक मौजूद रहे।



### पहला कदम स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**दिव्यांग बच्चों की जांच कर चिकित्सकों ने दिया आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श**

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर, सरायढेला स्थित विशेष दिव्यांग स्कूल ह्यपहला कदमह्न में बुधवार को आसर्फी हॉस्पिटल, धनबाद के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्कूल के दिव्यांग बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। आसर्फी हॉस्पिटल के फिजिशियन डॉ. कृष्ण ने बच्चों की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान बच्चों का वजन, ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, शरीर का तापमान, नाड़ी और ऑक्सीजन स्तर की जांच की गई। जांच के बाद चिकित्सक ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर आवश्यक सलाह दी। शिविर में अस्पताल के मार्केटिंग विभाग से विवेक कुमार, चंचला कुमारी, काजल कुमारी और मनोज कुमार मौजूद रहे। सांसद कार्यालय के प्रतिनिधि मिल्टन पार्थ, संजय कुमार झा एवं संजीव अग्रवाल ने भी शिविर में सहभागिता की। मौके पर ह्यपहला कदमह्न के सुपरवाइजर कौशल अग्रवाल और स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल उपस्थित रहीं। अनीता अग्रवाल ने कहा कि विशेष बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी बेहद जरूरी है। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समय रहते पता लगाने और उन्हें उचित चिकित्सकीय मार्गदर्शन देने में मदद मिलती है। उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए आसर्फी हॉस्पिटल की पूरी टीम के प्रति आभार जताया।



### बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर विधायक राज सिन्हा ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने बुधवार को महान जननेता एवं समाज सुधारक बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर बिनोद बिहारी महतो चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो ने झारखंड के सामाजिक उत्थान, शिक्षा के प्रसार और जनजागरण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने वंचित एवं पिछड़े वर्गों को शिक्षा से जोड़ने तथा समाज में जागरूकता लाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। उनके विचार, संघर्ष और समाज के प्रति समर्पण आज भी लोगों को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि बिनोद बिहारी महतो के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में शिक्षा, एकता और जागरूकता को मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष डालूराम महतो ने कहा कि सभी के सहयोग से स्मारक स्थल को जल्द विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, आजसू के महेंद्र प्रसाद, जितेंद्र नाथ महतो, शिवशंकर शर्मा, प्रमोद कुमार चौरसिया, मणिलाल महतो, कृष्णा प्रसाद महतो, मनोहर महतो, पंकज महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष हुल्लास दास सहित कई गणमान्य लोग एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### धूमधाम से मनी बिनोद बिहारी महतो की 94वीं जयंती

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लव-कुश सेवा संघ, धनबाद के तत्वावधान में मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित स्व. बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर उनकी 94वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड सरकार के पेयजल, स्वच्छता एवं उत्पाद निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, डुमरी विधायक जयराम महतो और शेखर अग्रवाल ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मुख्य समारोह होटल लक्जरी इन, कंबाइंड बिल्डिंग में आयोजित हुआ। समारोह में सुरेंद्र कुमार सिन्हा उर्फ पलटू बाबू, पूर्व डीआईजी संजय रंजन सिंह, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के प्रो. संजय कुमार, प्रेम प्रकाश उर्फ मुन्ना एवं झारखंड कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष प्रो. लाल बाबू सिंह कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रमुख व्यवस्थापक मनोज कुमार सिंह और मुकेश कुमार सिंह रहे। लव-कुश सेवा संघ के महेश यादव, रामायण सिंह, सत्येंद्र कुमार, विजय साव, सुभा जी, शिवराज कुमार, संतोष कुमार, भेदू महतो, सुखदेव सिंह, अमरदेव कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने आयोजन में योगदान दिया। स्व. बिनोद बिहारी महतो का जन्म 23 सितंबर 1923 को धनबाद में हुआ था। वे 1972 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापकों में शामिल थे। वे 1980, 1985 और 1990 में टुंडी विधानसभा से विधायक तथा 1991 में गिरिडीह लोकसभा से सांसद रहे। झारखंड आंदोलन और सामाजिक जागरण में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# पेटरवार में हर्षोल्लास से मना करमा पर्व

**बारिश के बीच भी नहीं थमा उत्साह, मांदर की थाप पर देर रात तक थिरके लोग**



**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-बहन के अटूट प्रेम और पारंपरिक लोक संस्कृति का पर्व करमा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लगातार हो रही बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। विभिन्न गांवों में महिलाओं, युवतियों और ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ करम डाल की पूजा-अर्चना कर करम बाबा से सुख-समृद्धि की कामना की। करमा पर्व को लेकर महिलाओं और युवतियों ने अपने भाइयों की लंबी आयु, स्वस्थ जीवन और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखा। मंगलवार की रात पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धालु महिलाएं एवं युवतियां पूजा स्थलों पर एकत्रित हुईं। विधि-विधान से करम डाल स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने करमा-धरमा की कथा सुनी और पर्व की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन किया। पूजा-अर्चना के बाद देर रात तक करमा के पारंपरिक गीतों का दौर चलता रहा। महिलाओं और युवतियों के साथ पुरुषों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य किया। बारिश के बावजूद पूजा स्थलों पर लोगों की भीड़ और उत्साह देखते ही बन रहा था। ग्रामीणों ने कहा कि करमा पर्व प्रकृति, भाई-बहन के प्रेम और सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक है। यह पर्व लोगों को अपनी समृद्ध लोक परंपरा और संस्कृति को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर देता है। रातभर चले गीत-संगीत और नृत्य के बीच लोगों ने करमा पर्व को उत्साह और उमंग के साथ मनाया।

# करमा पर्व पर झूम उठा बेरमो, रातभर गूंजे करम गीत

**भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर महिलाओं ने रखा निर्जला उपवास, पारंपरिक वेशभूषा में किया नृत्य**



**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल और आसपास के क्षेत्रों में नौ दिवसीय करमा पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फुसरो, जारंगडीह कोलियरी, कथारा, कुरपनिया, बेरमो, जरीडीह बाजार, बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा, पेंक-नारायणपुर, तेनुघाट, पेटरवार, कसमार, साड़म, गोमिया समेत आसपास के इलाकों में करमा पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। करमा पर्व के दौरान लोगों ने पारंपरिक गीत, नृत्य और पूजा-अर्चना के साथ करम बाबा की आराधना की। महिलाओं और युवतियों ने अपने भाइयों की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर निर्जला उपवास रखा। मंगलवार की रात पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं और युवतियों ने करम गीतों पर जमकर नृत्य किया। रातभर करम गीतों की गूंज से गांव और बस्तियां गुंजायमान रहीं। लगातार बारिश के बावजूद पर्व को लेकर लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी।

# स्कूली बच्चों ने चित्रों में उकेरी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की तस्वीर

**बीएसएल के सतर्कता विभाग की चित्रांकन प्रतियोगिता में करीब 300 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के तीन माह के विशेष अभियान के तहत बुधवार को स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई। निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के सहयोग से बोकारो महिला समिति द्वारा संचालित बाल मंदिर, को-ऑपरेटिव कॉलोनी और सौरभ शिशु मंदिर, सेक्टर-2 में आयोजित प्रतियोगिता में करीब 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक अवस्था से ही नैतिक मूल्यों, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की भावना विकसित करना था। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और रंगों के माध्यम से सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और नैतिक आचरण के विभिन्न पहलुओं को कागज पर उकेरा। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (सतर्कता), कार्यकारी एसीवीओ सहित सतर्कता विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बच्चों को जीवन में ईमानदारी और अनुशासन के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें सजग और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। दोनों विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों के सहयोग से प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के मुख्य समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। बीएसएल के सतर्कता विभाग की ओर से आयोजित इस पहल के माध्यम से बच्चों में नैतिक चेतना और शुचिता के संस्कार विकसित करने का प्रयास किया गया। आयोजकों के अनुसार, बचपन से ही सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता जैसे मूल्यों का विकास एक जिम्मेदार एवं सजग समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# बीएसएल के सीआरएम-3 और आरसीएल विभाग में सुरक्षा सप्ताह शुरू



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों को मजबूत करने और शून्य-दुर्घटना के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों में सुरक्षा सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में कोल्ड रोलिंग मिल-3 (सीआरएम-3) और अनुसंधान एवं नियंत्रण प्रयोगशाला (आरसीएल) विभाग में सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ हुआ। सीआरएम-3 में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन टीसीएम ग्लास रूम क्षेत्र में अधिशासी निदेशक (संकार्य) की उपस्थिति में हुआ। 'सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए लोगों को जोड़ना, शिक्षित करना एवं सशक्त बनाना' संदेश के तहत आयोजित कार्यक्रम में सुरक्षा शपथ, सुरक्षा संबोधन और सुरक्षा गीत प्रस्तुत किए गए। व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) की प्रदर्शनी भी लगाई गई। आपात स्थिति से निपटने के लिए टीसीएम में नए इमरजेंसी रूम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्लांट प्लाजा रोड पर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कर्मियों ने मानव श्रृंखला बनाई। इसके बाद सीपीआर तकनीक और अग्निशमन मॉक ड्रिल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिन 'नियर मिस' घटनाओं के अनुभव साझा किए गए और ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इधर, आरसीएल विभाग में मुख्य महाप्रबंधक (गुणवत्ता) की उपस्थिति में सुरक्षा सप्ताह का औपचारिक उद्घाटन किया गया। अधिकारियों, नियमित कर्मचारियों और संविदा कर्मियों को सुरक्षा को दैनिक कार्यप्रणाली का अनिवार्य हिस्सा बनाने तथा 'सुरक्षा पहले' के सिद्धांत को अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आरसीएल के सम्मेलन कक्ष में पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें कर्मियों ने चित्रों के माध्यम से सुरक्षा संबंधी संदेश प्रस्तुत किए। बीएसएल के विभिन्न विभागों में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कर्मियों में सुरक्षा चेतना बढ़ाना, सुरक्षित कार्य व्यवहार को प्रोत्साहित करना और औद्योगिक परिसर में सतर्क एवं सुरक्षित कार्य संस्कृति को मजबूत करना है। अधिकारियों ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के कड़ाई से पालन और सभी कर्मियों की सक्रिय भागीदारी को दुर्घटना रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# 26 सितंबर को रांची कूच करेगी धनबाद कांग्रेस, लोक भवन घेराव की तैयारी

**एमएमडीआर संशोधन कानून और 'चंदा चोरी' के आरोपों को लेकर आंदोलन में बड़ी भागीदारी का दावा**



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, हाउसिंग कॉलोनी में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 26 सितंबर को रांची में प्रस्तावित लोक भवन घेराव एवं प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की गई। जिला कांग्रेस ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के रांची पहुंचने की बात कही। कांग्रेस नेताओं ने माइंस एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) संशोधन कानून-2026 और पार्टी द्वारा उठाए जा रहे कथित 'चंदा चोरी' के मुद्दे पर अपने विरोध को लेकर कार्यक्रम की जानकारी दी। एमएमडीआर संशोधन कानून संसद से पारित होकर अगस्त 2026 में कानून बन चुका है। इसके प्रावधानों में खनिज अधिकारों और खनिज-युक्त भूमि पर राज्यों द्वारा लगाए जाने वाले कुछ करों एवं उपकरों पर केंद्रीय शर्तें निर्धारित की गई हैं। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि धनबाद की खनिज संपदा और झारखंड के हितों से जुड़े विषयों पर पार्टी अपनी बात लोकतांत्रिक तरीके से रखेगी। उन्होंने जिला पदाधिकारियों, प्रखंड एवं नगर अध्यक्षों, मंच-मोर्चा के पदाधिकारियों, प्रदेश प्रतिनिधियों, एआईसीसी सदस्यों, पूर्व प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं से रांची पहुंचने की अपील की।

## 45 लंबित मांगों को लेकर बीएकेएस का सिंटर प्लांट सीजीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ (बीएकेएस) ने अपने द्वितीय चरण के आंदोलन के तहत सिंटर प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सिंटर प्लांट के बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। यूनियन ने दावा किया कि सेल कॉरपोरेट स्तर पर कर्मचारियों से जुड़े 45 से अधिक मुद्दे लंबित हैं, जबकि 60 से अधिक मामले बोकारो इस्पात संयंत्र स्तर पर लंबित हैं। यूनियन के अनुसार, वेज रिवीजन-2017, एरियर, बोनस फॉर्मूला, एनजेसीएस में सुधार और ग्रेच्युटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर बीएकेएस सहित कई यूनियनों ने अलग-अलग न्यायालयों में मामले दायर किए हैं।

# साइबर ठगी के शिकार 40 लोगों के रुपये रिकवर कराने में पुलिस को सफलता

**150 लोगों के करीब 23 लाख रुपये अलग-अलग खातों में कराए गए होल्ड, बैंकों के जरिए वापसी की प्रक्रिया जारी**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साइबर ठगी के शिकार लोगों के लिए बोकारो साइबर पुलिस ने राहत की खबर दी है। पुलिस की कार्रवाई के बाद साइबर फ्रॉड के मामलों में करीब 40 पीड़ितों की ठगी की रकम रिकवर करने की दिशा में सफलता मिली है। बुधवार को लगातार बारिश के कारण इनमें से केवल छह पीड़ित ही साइबर थाना पहुंच सके। मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि इन छह पीड़ितों को करीब 1.10 लाख रुपये वापस किए जाएंगे। डीएसपी ने बताया कि साइबर ठगी की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने करीब 150 लोगों की लगभग 23 लाख रुपये की रकम दूसरे बैंक खातों में होल्ड कराई है। संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर इन पैसों को पीड़ितों के खातों में वापस कराने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस का प्रयास है कि ठगी की रकम को जल्द से जल्द सुरक्षित कराकर पीड़ितों को वापस दिलाया जा सके। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध के मामलों में समय पर शिकायत करना बेहद महत्वपूर्ण है। ठगी का शिकार होने वाले लोगों को बिना देरी किए 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। शिकायत जितनी जल्दी दर्ज होगी, उतनी ही तेजी से ठगी की रकम जिस खाते में ट्रांसफर हुई है, उसे होल्ड कराने की संभावना बढ़ेगी। इससे रकम की रिकवरी की संभावना भी बढ़ जाती है। डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि भारत सरकार के मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल के माध्यम से भी ठगी की रकम वापस कराने में पुलिस को काफी सहायता मिल रही है। साइबर पुलिस बैंक अधिकारियों के साथ समन्वय कर होल्ड की गई रकम को पीड़ितों के खातों में वापस कराने की प्रक्रिया पूरी कर रही है। रुपये वापस मिलने की प्रक्रिया से राहत महसूस कर रहे पीड़ितों ने बोकारो साइबर पुलिस की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने पुलिस टीम के प्रति आभार जताते हुए कहा कि साइबर ठगी के बाद रकम वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से उन्हें राहत मिली है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि ऑनलाइन ठगी होने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज करें और बैंक को भी इसकी सूचना दें।

## हैवी ब्लास्टिंग से नीचीतपुर खटाल के ग्रामीण परेशान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कुसुंडा एरिया-6 के ईस्ट बासुरिया क्षेत्र स्थित नीचीतपुर खटाल के ग्रामीण सत्यम इंफ्रा आउटसोर्सिंग कंपनी की कथित हैवी ब्लास्टिंग से परेशान हैं। बुधवार को माइंस में हुई ब्लास्टिंग के दौरान एक घर का एलबेस्टर टूट गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि माइंस में जब भी हैवी ब्लास्टिंग की जाती है, आसपास के घरों में तेज कंपन महसूस होता है। ब्लास्टिंग के दौरान पत्थरों के उछलकर बस्ती और घरों तक पहुंचने की बात भी ग्रामीणों ने कही। इससे लोगों के साथ-साथ मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार की ब्लास्टिंग के दौरान एक घर का एलबेस्टर टूट गया। इससे बस्ती के लोगों में भय और आक्रोश बढ़ गया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि ब्लास्टिंग के दौरान कोई बड़ा पत्थर बस्ती में गिरता है तो जान-माल का गंभीर नुकसान हो सकता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com